ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 31 मई 2024
वर्ष 5, अंक 194, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





... कहीं बम न बन जाए आपके घर का एसी 14

भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी दीक्षित 13




### 3डी प्रिंटेड इंजन वाला दुनिया का पहला स्वदेशी रॉकेट लॉन्च

**श्रीहरिकोटा, एजेंसी।** आईआईटी मद्रास-इनक्यूबेटेड स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने गुरुवार सुबह 7:15 बजे श्रीहरिकोटा में अपने निजी लॉन्च पैड पर सिंगल पीस थ्री-डायमेंशनल (3डी) प्रिंटेड इंजन वाला दुनिया का पहला रॉकेट प्रक्षेपित किया। यह उपलब्धि पूरी तरह से स्वदेशी डिजाइन और विकास के माध्यम से हासिल की गई है।

## आजम को 10 साल कैद, 14 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



- कोर्ट ने ठेकेदार बरकत अली को सात साल की सजा सुनाई, छह लाख रुपये जुर्माना लगाया

**अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े लूटपाट, चोरी व मारपीट के एक मामले में गुरुवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने सपा नेता आजम खां को 10 वर्ष की कैद और 14 लाख रुपये जुर्माना और ठेकेदार बरकत अली को सात वर्ष की कैद और छह लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। आजम खां फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों से बस्ती खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी व मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें एक मुकदमा अबरार ने 13 अगस्त 2019 को लिखवाया था। इस मामले में मंगलवार को बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई थी। गुरुवार को दोपहर बाद अदालत ने दोनों के खिलाफ सजा का ऐलान कर दिया।

**इन धाराओं में हुई सजा:** सपा नेता को धारा 392 में 10 साल का कठोर कारावास एवं सात लाख रुपये जुर्माना, धारा 452 में सात साल का कठोर कारावास एवं पांच लाख रुपये जुर्माना, धारा 504 में दो साल का साधारण कारावास एवं एक लाख जुर्माना, धारा 506 में दो साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माना लगाया है। बरकत अली ठेकेदार को धारा 392 में सात साल का कठोर कारावास एवं तीन लाख रुपये जुर्माना, धारा 452 में छह साल का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपये जुर्माना, धारा 504 में दो साल का साधारण कारावास एवं 50 हजार रुपये जुर्माना, धारा 506 में दो साल का साधारण कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

### नौ गवाहों के दर्ज हुए बयान

अभियोजन की ओर से नौ गवाहों के बयान दर्ज कराए गए थे। इन गवाहों में से एक गवाह वादी भी है। इस मामले में आजम खां के खिलाफ 12 मार्च 2021 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी। न्यायालय में 25 जुलाई 2022 को मोहम्मद आजम खां, आले हसन एवं बरकत अली के विरुद्ध आरोप तय किए थे। मामले में 59 पेज का फैसला आया है।

## भारत लौटते ही प्रज्वल गिरफ्तार

### आधी रात के बाद भारत पहुंचा, पूछताछ के लिए सीआईडी ऑफिस लाए

बेंगलुरु, एजेंसी

- जेडीएस के निलंबित सांसद एवं सेक्स स्कैंडल के आरोपी है रेवन्ना



जेडीएस के निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना को 30-31 मई की आधी रात को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही एसआईटी ने गिरफ्तार कर लिया। वहां से उसे पूछताछ के लिए सीआईडी ऑफिस ले जाया गया। उसे उस पर कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने, धमकाने का आरोप है।

प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी के म्यूनिख से बेंगलुरु रात एक बजे के करीब बेंगलुरु पहुंचे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एयरपोर्ट पर बैरिकेड्स लगाकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोपों की एसआईटी द्वारा जांच की जा सकती है। यह जांच उसके घर में काम करने वाली एक महिला की शिकायत पर की गई है। एयरपोर्ट पर तैनात एसआईटी अधिकारियों को आदेश दिया गया था कि वे प्रज्वल रेवन्ना को पहुंचते ही गिरफ्तार कर लें। गिरफ्तारी को लेकर गृह मंत्रालय ने पहले ही आदेश जारी किए थे। उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो चुका है। जेडी-एस सांसद कर्नाटक में मतदान के दिन 26 अप्रैल को देश से बाहर चले गए थे। उनके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया है।

इसके अलावा सांसद के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया था। प्रज्वल ने 27 मई को एक वीडियो जारी कर कहा था कि वह 31 मई को जांच के लिए SIT के सामने पेश होगा। उसने अपने खिलाफ लगे आरोपों को झूठा बताया था।

# विपक्ष मुंह न खुलवाए, सात पीढ़ी के पाप सामने रख दूंगा : मोदी

### लोस चुनाव की आखिरी रैली में इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री

- मोदी ने कहा- कांग्रेस ने आपातकाल के दौरान संविधान का गला घोंटा


होशियारपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संविधान-संविधान की रट लगाने के लिए गुरुवार को कांग्रेस पर तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने ही संविधान का गला घोंट दिया था तथा जब 1984 के दंगों में सिखों की हत्या हो रही थी तब भी उसने इसकी कोई परवाह नहीं की।

मोदी ने लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में अपनी आखिरी चुनावी रैली में इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सेना को राजनीति का हथियार बनाने का आरोप लगाया और कहा कि इससे बड़ा कोई पाप नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने भारतीय सशस्त्र बलों को कमजोर करने के लिए कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस को निशाना बनाते हुए मोदी ने जीप घोटाले, बोफोर्स, पनडुब्बी और सेना के ट्रक घोटाले का जिक्र किया और कहा कि उन्होंने सेना की जरूरतों की कभी परवाह नहीं की। मोदी ने आरोप लगाया उन्होंने भ्रष्टाचार में लिप्त होकर केवल सरकारी खजाने को लूटने और खाली करने की योजना बनाई।

**कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने राम मंदिर का विरोध किया :** मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की स्वार्थ की राजनीति से देश को नुकसान हुआ है। यही लोग हैं, जो अपने वोट बैंक के लिए लगातार राम मंदिर का विरोध करते रहे। तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इंडी गठबंधन सीएए (संशोधित नागरिकता कानून) का विरोध कर रहा है। मोदी ने कहा कि दशकों बाद ऐसा समय आया है कि पूर्ण बहुमत वाली केंद्र सरकार हैट्रिक लगाने जा रही है।



कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल में मोदी अराधना करते हुए। ● एजेंसी

### प्रधानमंत्री का विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे का ध्यान शुरू

**कन्याकुमारी, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बृहस्पतिवार की शाम कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंड में 45 घंटे का ध्यान शुरू हो चुका है। वे 1 जून तक यहां ध्यानमग्न रहेंगे। मोदी उसी जगह ध्यान कर रहे हैं, जहां स्वामी विवेकानंद ने भी ध्यान किया था। लोकसभा चुनाव के प्रचार का शोर थमते ही पीएम मोदी गुरुवार (30 मई) की शाम कन्याकुमारी पहुंचे।

### मोदी ने हेट स्पीच से पद की गरिमा कम की : मनमोहन



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव-2024 के आखिरी चरण में वोटरों के नाम लेटर लिखा। इसमें उन्होंने लोगों से भाजपा सरकार न बनाने की अपील की। वहीं, उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान को लेकर अपनी राय दी। तीन पेज के लेटर में मनमोहन सिंह ने कहा मोदी ने चुनाव के दौरान नफरत भरे भाषण दिए। वह पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने पद की गरिमा कम की है। कुछ गलत बयानों के लिए उन्होंने मुझे भी जिम्मेदार ठहराया। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे समुदाय से अलग नहीं किया। ऐसा करने का कॉपीराइट सिर्फ भाजपा के पास है। उन्होंने किसान आंदोलन समेत बड़ी घटनाओं का जिक्र किया।

## खाई में गिरी बस, उप्र के 22 तीर्थयात्रियों की मौत

### जम्मू के अखनूर मार्ग पर 200 फिट नीचे गिरी, 57 घायल

संवाददाता, अखनूर (जम्मू)

- हाथरस-अलीगढ़ से वैष्णो देवी और शिवखोड़ी जा रहे थे

**अमृत विचार:** उप्र से तीर्थ यात्रियों को लेकर जा रही वैष्णो देवी और शिवखोड़ी जा रही स्लीपर बस राजौरी रोड पर 200 फिट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हो गए। इनमें से 30 गंभीर रूप से घायलों को जीएमसी जम्मू रेफर किया गया है। बस में करीब 80 लोग सवार थे। सभी तीर्थ यात्री मथुरा, हाथरस और अलीगढ़ के थे।

गुरुवार दोपहर हादसा उस समय हुआ जब बस नंबर यूपी 86 ईसी 4078 राजौरी रोड के उप जिला चौकी चौरा के पास गांव तुंगी मोड़ पहुंची। चालक अचानक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया बस पहाड़ी से 5-6 बार पलटती हुई गिरी। यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस और लोगों ने बचाव कार्य शुरू कराया। बस के शीशे तोड़ कर लोगों को बाहर निकाला गया। फिर रस्सी और कुछ को पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद घायलों को वाहनों में सवार कर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

इस दौरान सड़कों पर एंबुलेंस की आवाज गूंजती रही। खाई से निकालकर यात्रियों को सड़क तक लाने में 4 घंटे का समय लगा। मौके पर ही 15 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो चुकी थी। बाकी घायलों को अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायलों को जम्मू रैफर किया गया।



खाई में गिरी बस। ● अमृत विचार

### परिजनों को 7 लाख व घायलों को एक लाख की सहायता राशि

**लखनऊ :** हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को सात लाख और घायलों को एक लाख की सहायता राशि दी जाएगी। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को दो-दो लाख की सहायता राशि और घायलों को 50-50 हजार रूपए देने की घोषणा की है। वहीं जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख और घायलों के लिए 50 हजार की सहायता की घोषणा की है। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हादसे पर दुख प्रकट किया है।



















### जबरन वसूली के आरोप में महिला वकील गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में पुलिस ने एक होटल व्यवसायी को उसके प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्रवाई की धमकी देकर उससे 12 लाख रुपये लेने के आरोप में 27 वर्षीय एक महिला वकील को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने 43 वर्षीय व्यक्ति को चेतावनी दी थी कि अगर उसने पैसे नहीं दिए तो वह वाशी में उसके होटल के खिलाफ स्थानीय नागरिक निकाय में दर्ज शिकायत वापस नहीं लेगी।

## मूर्तिपूजक महिला से मुस्लिम पुरुष की शादी वैध नहीं

जबलपुर, एजेंसी

- मप्र हाईकोर्ट ने खारिज की विवाह पंजीकरण के लिए अंतरधार्मिक जोड़े की याचिका

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक अंतरधार्मिक जोड़े की पुलिस सुरक्षा और अपनी शादी के पंजीकरण का अनुरोध करने वाली याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि मुस्लिम कानून के अनुसार, एक मुस्लिम पुरुष की शादी मूर्तिपूजक या अग्निपूजक महिला से वैध नहीं है।

न्यायमूर्ति जी एस अहलूवालिया की पीठ ने कहा, मुस्लिम कानून के अनुसार, किसी मुस्लिम लड़के की शादी किसी मूर्तिपूजक या अग्निपूजक लड़की से वैध विवाह नहीं है। यदि शादी विशेष विवाह अधिनियम के तहत पंजीकृत भी है तो भी वह वैध नहीं रहेगी और यह एक विधि विरुद्ध विवाह होगा। पीठ के सोमवार के आदेश में कहा गया, याचिकाकर्ताओं का यह मामला नहीं है कि अगर शादी नहीं हुई तो भी वे 'लिव-इन' में रहने के इच्छुक हैं। याचिकाकर्ताओं का यह भी मामला नहीं है कि याचिकाकर्ता नंबर-एक मुस्लिम धर्म स्वीकार कर ले। इन परिस्थितियों में इस अदालत का मानना है कि हस्तक्षेप करने के लिए कोई मामला नहीं बनता है। अदालत ने मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की रहने वाली सारिका सेन (23) और सफी खान (23) की याचिकाओं को खारिज कर दिया।

## गैंगस्टर छोटा राजन को सुनाई आजीवन कारावास की सजा



**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2001 में होटल व्यवसायी जय शेट्टी की हत्या के जुर्म में गैंगस्टर छोटा राजन को गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मकोका के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एएम पाटिल ने राजन को हत्या के लिए भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया।

जय शेट्टी मध्य मुंबई के गामदेवी में गोल्डन क्राउन होटल का मालिक था। छोटा राजन गिरोह की ओर से जबरन वसूली की धमकियों का सामना कर रहे जय शेट्टी को गिरोह के दो कथित सदस्यों ने चार मई 2001 को होटल की पहली मंजिल पर गोली मार दी थी। अदालत का विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं है। पुलिस ने होटल प्रबंधक की शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया था। मामले की जांच से पता चला कि शेट्टी को छोटा राजन गिरोह के सदस्य हेमंत पुजारी से रंगदारी के लिए फोन आया था और पैसे न देने पर उसकी हत्या कर दी गई।

## 57 सीटों पर मतदान कल

**नई दिल्ली/लखनऊ, अमृत विचार:** सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ सहित 57 संसदीय सीटों के लिए मतदान शनिवार को होगा। उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर, पंजाब की 13 सीटों, पश्चिम बंगाल की 9 सीटों, बिहार की 8 सीटों, ओडिशा की 6 सीटों, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों तथा झारखंड की 3 सीटों और केन्द्रशासित प्रदेश चंड़ीगढ की एक सीट पर 19 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। नतीजे चार जून को आयेंगे।

उत्तर प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए गुरुवार को प्रचार थम गया।

## दबिश देने गई पुलिस को बंधक बनाकर पीटा

संवाददाता, पाकबड़ा (मुरादाबाद)

- अवैध शराब बनाने व बेचने की सूचना पर दी थी घर में दबिश

**अमृत विचार :** अवैध शराब बनाने व बेचने की सूचना पर आरोपियों के घर दबिश देने गई पाकबड़ा थाने की पुलिस को बंधक बनाकर पीटा। दबिश देने गई पुलिस टीम में सात पुलिसकर्मी थे। आरोपी परिजनों ने जब हमला किया तो पांच पुलिसकर्मी मौके से भाग निकले, जबकि बिना वर्दी वाले दो कांस्टेबल को बंधक बना लिया और उन्हें जमकर पीटा। घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

गुरुवार को अवैध शराब बनाने व बेचने की सूचना पर पुलिस दबिश देने गांव नगला बनवीर पहुंची थी। पुलिस टीम में चार दरोगा, महिला होमगार्ड और दो कांस्टेबल समेत सात पुलिसकर्मी थे। इस दौरान 5 पुलिसकर्मी मौके से भाग निकले और 2 बिना वर्दी के कांस्टेबल को पकड़ लिया और पिटाई कर दी। इन दोनों पुलिसकर्मियों का थानाध्यक्ष ने टीएमयू में चिकित्सकीय परीक्षण कराया है। वायरल वीडियो में दोनों घायल कांस्टेबल विक्रांत उर्फ सारन और प्रवीन कुमार टी-शर्ट, जींस व पैंट पहने दिख रहे हैं। इन पर आरोपी परिवार वालों ने 10 लाख रुपये के जेवर चुराने का आरोप लगाया है।

### मदरसा बोर्ड में भी लड़कियां आगे

## 88.5 % परीक्षार्थी सफल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कामिल में शाहजहांपुर की राबिया बी को तीसरा स्थान मिला

**अमृत विचार:** यूपी मदरसा बोर्ड का परिणाम जारी हो गया है। 88.5 फीसदी परीक्षार्थियों ने परीक्षा पास कर ली है। बोर्ड के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने बताया कि इस साल 1,14,723 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। इनमें 1,01.602 ने परीक्षा पास कर ली।

परीक्षा में लड़कियों ने ही बाजी मारी है। 90.3 फीसदी लड़कियों ने पास होकर कद बढ़ाया जबकि 86.7 फीसदी लड़कों ने पास होकर दूसरे नंबर पर अपना नाम लिखाया। हाईस्कूल में झांसी के असद खान वारसी ने टॉप किया है। देवरिया की अफीफा को दूसरा स्थान मिला है जबकि देवरिया की ही लाडली खातून को तीसरा स्थान मिला है। इंटरमीडिएट में कन्नौज के मोहम्मद रेहान रजा ने टॉप किया है। सीतापुर की गुलिस्तां परवीन को दूसरा और सीतापुर की ही यास्मीन को तीसरा स्थान मिला है। कामिल (बीए) की परीक्षा में जालौन के मोहम्मद आर्यन सिद्दीकी ने टॉप किया है। बहराइच की जीनत ने दूसरा और शाहजहांपुर की राबिया बी को तीसरा स्थान मिला है। फाजिल (एमए) की परीक्षा में सीतापुर की गुलफशां ने टॉप किया है।

## चारधाम यात्रा में वीआईपी दर्शन पर 10 जून तक रोक

**देहरादून, अमृत विचार :** चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की लगातार उमड़ रही भीड़ के चलते व्यवस्था लड़खड़ा रही है। इसके मद्देनजर सरकार ने चारधाम यात्रा में 10 जून तक वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी है।

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ व व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिनों यात्रा से जुड़े जिलों के अफसरों के साथ मीटिंग की थी। मुख्यमंत्री ने यात्रा मार्गों की धारण क्षमता का आंकलन करने के निर्देश दिए थे। रजिस्ट्रेशन वाले यात्रियों व वाहनों को ही आगे जाने दिया जा रहा है। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए

# जानलेवा गर्मी से नहीं राहत, 51 लोगों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ / कानपुर

**अमृत विचार :** त्वचा झुलसा देने वाली गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त सा हो गया है। लू और मौसमी बुखार की चपेट में आने से प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 51 लोगों की मौत हो गई। कानपुर में गुरुवार को अलग-अलग स्थानों पर 13 लोगों के शव पाए गए।

ये शव सड़कों के किनारे मिले। महोबा में 12 लोगों की मौत लू व धूप लगने की वजह से हुई। इन सभी की मौत उपचार के दौरान हुई, जबकि चित्रकूट में दो, हमीरपुर में छह, बांदा में तीन, जालौन में दो लोगों की मौत हुई। इसी तरह उन्नाव में दो की लू की चपेट में आने से मौत की खबर है। वहीं बाराबंकी, हरदोई व बलरामपुर में एक-एक की मौत। गर्मी के चलते बांदा के अतर्रा कस्बे के नहर कोठी स्थित ऑक्सीजन पार्क में करीब 250 चमगादड़ मृत पाए गए। बरेली में अधिकतम तापमान 45.1, न्यूनतम 31.7 पहुंच गया। महोबा में अधिकतम तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस रहा। हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46 व न्यूनतम 32 डिग्री रहा। बांदा में अधिकतम तापमान 47 व न्यूनतम 34 डिग्री दर्ज किया गया। जालौन में अधिकतम तापमान 48.2 व न्यूनतम 32.8 डिग्री सेल्सियस रहा। चित्रकूट में अधिकतम तापमान 46.6 और न्यूनतम 33.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फतेहपुर में अधिकतम तापमान 46 व न्यूनतम तापमान 32 डिग्री रहा। कन्नौज में अधिकतम तापमान 46.7 व न्यूनतम 29.6 डिग्री रहा।

### बरेली में अधिकतम तापमान 45.1, न्यूनतम 31.7 पहुंचा



### केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में समय से पहले पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने गुरुवार को केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में समय से पहले दस्तक दे दी, जिससे भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण चार महीने की वर्षा ऋतु की शुरुआत हो गई। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि चक्रवात रेमल ने मानसून के प्रवाह को बंगाल की खाड़ी की ओर खींच लिया है, जो पूर्वोत्तर में मानसून के जल्दी पहुंचने का एक कारण हो सकता है। केरल और पूर्वोत्तर में मानसून का एक साथ आगमन बहुत कम देखने को मिला है।



## गर्मी की मार: अस्पताल में भीड़... सड़कों पर सन्नाटा

धूप की तेज तपिश और गर्म हवाओं की वजह से सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा लेकिन अस्पताल में अच्छी-खासी भीड़ नजर आई। सड़क पर गुजरती लड़की गर्मी से इतनी बेहाल हुई कि सिर पर पानी डालना पड़ा। ● शारिक खान





# स्मार्ट सिटी बाद में बनाना, पहले करो पीने का पानी का बंदोबस्त... महिलाओं का नगर निगम पर धावा

## सूफी टोला, कटीकुइयां और रोहली टोला में एक महीने से सप्लाई ठप, सैकड़ों परिवार झेल रहे हैं भीषण समस्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रचंड गर्मी की शुरुआत के बाद बंद कर दी पुरानी लाइन, नई शुरू नहीं की
- अफसरों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर निगम पहुंचीं तमाम महिलाएं

**अमृत विचार :** अफसर शहर को स्मार्ट सिटी बनाने में जुटे हुए हैं लेकिन शहर के तमाम इलाके भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए तड़प रहे हैं। करीब एक महीने से पानी की समस्या से जूझ रहे पुराना शहर के सूफी टोला, कटी कुइयां और रोहली टोला इलाके की तमाम महिलाओं ने बृहस्पतिवार को नगर निगम पर धावा बोल दिया। अफसरों को जमकर खरीखोटी सुनाने के साथ चेतावनी दी कि अगर पानी की सप्लाई फौरन शुरू नहीं हुई तो वे अपने परिवारों के साथ नगर निगम परिसर में ही डेरा डाल लेंगी और यहीं अपनी जरूरतें पूरी करेंगी।

तमाम महिलाएं बृहस्पतिवार सुबह अफसरों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचीं। अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया कि एक महीने से उनके मोहल्लों में पानी नहीं आ रहा है। हालत यह है कि भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से परेशान लोग सुबह-शाम दोनों समय नगर निगम आकर शिकायतें कर रहे हैं, फिर भी जलकल विभाग के अफसर सुन नहीं रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि सूफी टोला, कटीकुइयां, रबड़ी टोला और रोहली टोला में अब तक पुरानी लाइन से पानी की सप्लाई होती थी, जिसे गर्मी शुरू होते ही बंद कर दिया गया है। इन इलाकों में बिछाई गई नई लाइन से अभी सप्लाई शुरू नहीं की गई है। इस वजह से सैकड़ों परिवारों को भीषण संकट का सामना करना पड़ रहा है।

गुस्साई महिलाओं ने कहा कि उन्हें बर्तन-कपड़े धोने और शौचालय साफ करने तक के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर निगम पानी की सप्लाई नहीं कर पा रहा है तो वे अपने परिवारों के साथ पानी की सप्लाई शुरू होने तक यहीं डेरा डालकर रहेंगी ताकि उनकी जरूरत पूरी हो सके। शिकायत करने नगर निगम पहुंची महिलाओं में शबाना, कौसर जहां, नरगिस,यासमीन, रुखसार, नजमा, जुबैदा, आफरीन, बुशरा बी, निहा, गजाला, नसरीन, जैनब परवीन समेत तमाम महिलाएं शामिल थीं।



नगर निगम में अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव को पानी की समस्या बतातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### अपर नगर आयुक्त के निर्देश पर भी समस्या देखने नहीं पहुंचा जेई

**बरेली, अमृत विचार :** लोगों की समस्याओं पर सरकारी सिस्टम का क्या हाल है, इसका नमूना भी नगर निगम के जलकल विभाग के जेई ने हाथ के हाथ पेश कर दिया। महिलाओं के विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन देने के बाद अपर नगर आयुक्त सुनील कुमार यादव ने जेई को मौके पर जाकर समस्या की वजह जानने और उसे हल कराने का निर्देश दिया, लेकिन इसके बावजूद जेई प्रभावित इलाके में नहीं पहुंचा। अपर नगर आयुक्त के आश्वासन पर लोग जरूर देर शाम तक जेई का इंतजार करते रहे। इलाके की पार्षद जैनब परवीन ने बताया कि काफी समय से पानी की समस्या बनी हुई है। वह खुद महिलाओं के साथ गई थीं लेकिन समस्या हल नहीं हो पाई।

### जोगी नवादा में सात दिन बाद पानी पहुंचा तो खुशी से झूम उठे लोग

**बरेली, अमृत विचार :** वनखंडी नाथ और जोगी नवादा में सात दिन बाद पानी पहुंचा तो लोग खुशी से झूम उठे। यहां की 40 हजार की आबादी पानी न आने से परेशान थी। बुधवार को लोगों ने विरोध किया था। इसकी खबर अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित हुई तो जलकल विभाग ने समस्या का समाधान किया। गुरुवार सुबह जब मोहल्ले के लोग पानी लेने के लिए हैंडपंप पर जाने की सोच रहे थे कि तभी सुबह 6 बजे पानी की सप्लाई शुरू हो गई। करीब 8 :30 बजे तक पानी आया तो लोगों ने राहत की सांस ली। मिथलेश, दीपक पाल, जाहिर अहमद, राजा खान, ज्ञानचंद राठौर, विवेक शर्मा ने समस्या के समाधान पर अमृत विचार का आभार जताया।


सात दिन से पानी के लिए तरस रही है 40 हजार आबादी
पैरों से बाल्टियां कुचलीं, घर-घर मांगेंगे पानी की भीख

## पानी के लिए मारामारी

### गर्मी से परेशान छात्राएं वाटर कूलर के पानी से नहाईं तो हुआ हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मैत्रेयी छात्रावास में रहने वाली कुछ छात्राओं को गर्मी ने इतना परेशान किया कि उन्होंने पीने के लिए मंगाए गए कई वाटर कूलर का ठंडा पानी नहाने के लिए इस्तेमाल कर लिया। अब इन छात्राओं को नोटिस देने की तैयारी की जा रही है।

मैत्रेयी छात्रावास की छात्राओं ने ही पिछले दिनों बिजली कटौती के खिलाफ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्रदर्शन किया था। बताया जा रहा है कि बिजली कटौती की वजह से छात्रावास में पीने के पानी का भी संकट बना हुआ है। पानी की सप्लाई न आने पर दो दिन पहले गर्मी से परेशान कुछ छात्राओं ने नहाने के लिए वाटर कूलर का पानी इस्तेमाल कर लिया। छात्रावास ने कई वाटर कूलर इसलिए मंगाए थे ताकि पीने के पानी की किल्लत न हो। छात्राओं के नहाने से वही संकट खड़ा हुआ तो हंगामा खड़ा हो गया। कई छात्राओं ने इसकी शिकायत छात्रावास की वार्डन से की। इसके बाद अब इस मामले में छात्राओं को जल्द नोटिस देने की तैयारी की जा रही है।

# बृहस्पतिवार इस सीजन का सबसे गर्म दिन, रात ने नौ साल का रिकॉर्ड तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इस साल पहली बार 45.1 डिग्री पर पहुंचा अधिकतम तापमान, न्यूनतम 31.7 डिग्री
- 26 मई 2015 को रात का तापमान रहा था 31 डिग्री, आज से चार दिन बूंदाबांदी का अनुमान

**अमृत विचार :** बृहस्पतिवार को दिन और बुधवार की रात गर्मी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। बृहस्पतिवार को 45.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। न्यूनतम तापमान 37.1 डिग्री भी रहा। नौ साल पहले 26 मई को न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहा था। मौसम विभाग ने अगले चार दिन जिले में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी का पूर्वानुमान जताया है लेकिन गर्मी से ज्यादा राहत नहीं मिलेगी।

बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 5.6 और न्यूनतम सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 9 जून तक गर्मी रहने के बाद 10 जून के आसपास प्री मानसून दस्तक दे सकता है। पंतनगर के जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी आरके सिंह ने बताया कि इन दिनों बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली हवाओं में नमी बनीं हुई है। आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव होगा।



धूप से बचने के लिए पूरे शरीर को ढका।

# जंक्शन पर वाटर एटीएम से निकल रहा था गर्म पानी, नाराज हुए एसीएम

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन पर गुरुवार को सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशीष गुलाटी ने निरीक्षण किया। उन्होंने सभी स्टॉलों और भोजनालय पर खानपान की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने निर्देश दिए कि जो वजन रेलवे और आईआरसीटीसी की तरफ से निर्धारित किया गया है उसी के मुताबिक खानपान की वस्तुएं बेची जानी चाहिए। उन्होंने वाटर एटीएम में पानी थोड़ा कम ठंडा आने पर ठंडा पानी बेचने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। जो भी कमियां मिली हैं उसको लेकर निर्देशित किया गया है। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



जंक्शन पर वाटर एटीएम का पानी चेक करते एसीएम। ● अमृत विचार

# बस अड्डों पर टोटियों में अब आएगा ठंडा पानी, बजट जारी

**बरेली, अमृत विचार:** पुराने और सेटेलाइट बस अड्डे पर पानी की टंकियों में अब ठंडा पानी आएगा। बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक ने चारों डिपो के एआरएम को बजट जारी कर फ्रीजर लगाने के निर्देश दिए हैं। अमृत विचार ने टंकियों से गर्म पानी आने की समस्या प्रमुखता से प्रकाशित की थी।

बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक धनजी राम ने खबर का संज्ञान लेते हुए रीजन के बदायूं, पीलीभीत, रुहेलखंड और बरेली डिपो के एआरएम को बजट जारी करके बस अड्डों पर फ्रीजर लगाने के साथ ही घड़े रखवाने के भी निर्देश दिए हैं।

# हादसे रोकने के लिए प्लेटफार्म नंबर दो को किया जाएगा ठीक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नीचा होने की वजह से प्लेटफार्म पर हो चुके हैं कई हादसे
- डीआरएम ने बरेली जंक्शन पर गुरुवार को निरीक्षण कर दिए निर्देश

**अमृत विचार :** बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर दो का गुरुवार को डीआरएम राजकुमार सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने इंजीनियरिंग अधिकारियों से चर्चा कर प्लेटफार्म को ठीक करने के निर्देश दिए। इस प्लेटफार्म पर नीचा होने की वजह से कई हादसे हो चुके हैं। पिछले सप्ताह हादसे के बाद भी डीआरएम ने बरेली जंक्शन का निरीक्षण किया था।

वर्ष 2019 में प्लेटफार्म नंबर दो यानी लाइन नंबर तीन के मेनलाइन होने के बाद वॉशीबल एप्रोन यानी सीमेंटेड ट्रैक से पत्थर वाले ट्रैक में बदला गया था। मानकों के विपरीत काम करते हुए सीमेंटेड फर्श पर ही पत्थर वाला ट्रैक डाल दिया गया। जिससे हाई लेवल प्लेटफार्म मीडियम लेवल रह गया। एक के बाद एक हादसे हुए तो प्लेटफार्म की नपाई हुई और दोबारा सही करने की कवायद शुरू की गई, लेकिन एक साल तक मामला ठंडे बस्ते में चला गया। अब डीआरएम राजकुमार सिंह दो नंबर प्लेटफार्म पर हो रहे हादसों को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग के अधिकारियों से प्लेटफार्म की मरम्मत के बारे में पूछा। जिसमें प्लेटफार्म को दोबारा मरम्मत कराई जाने पर सहमति बनती दिखी। बताया जा रहा है कि सीमेंटेड ट्रैक दोबारा डाला जा सकता है, क्योंकि प्लेटफार्म की ऊंचाई बढ़ाने में कई तरह के तकनीकी पेंच फंस रहे हैं। यहां काम करने के लिए करीब 40 दिन के ब्लॉक की बात कही जा रही है।

# शाहजहांपुर में मालगाड़ी पर पेड़ गिरने से ट्रेनें हुईं लेट

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर स्टेशन पर गुरुवार शाम मालगाड़ी के ऊपर आंधी-तूफान के कारण पेड़ गिरने के बाद अप लाइन बाधित हो गई। इसकी वजह से करीब दो घंटा तक ट्रेनों का संचालन बाधित रहा। इससे बरेली जंक्शन पर करीब आधा दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंची।

बरेली जंक्शन स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि शाहजहांपुर में पेड़ गिरने से बरेली में भी ट्रेनें प्रभावित हो गईं। इसकी वजह से बरेली जंक्शन पर सियालदह, राज्यरानी, मुजफ्फरपुर दिल्ली स्पेशल आदि ट्रेनें देरी से पहुंची।

# गर्मी का प्रकोप: नॉन शेड्यूल ट्रेनों में सबसे ज्यादा भरा जा रहा पानी

- जंक्शन पर 12 ट्रेनों को किया गया है पानी भरने के लिए शेड्यूल
- मगर हर दिन 40 नॉन शेड्यूल ट्रेनों में पानी भरा जा रहा है

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में ट्रेनों के अंदर पानी खत्म हो रहा है। यात्रियों की शिकायत पर बरेली जंक्शन पर ट्रेनों में पानी भरा जा रहा है। इनमें उन ट्रेनों की संख्या अधिक होती है, जिनका पहले से कोई शेड्यूल नहीं होता है। रेल अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन पर प्रतिदिन लगभग 40 ट्रेनों के अंदर पानी भरा जा रहा है, जबकि जंक्शन पर महज 12 ट्रेनों को पानी भरने के लिए शेड्यूल किया गया है।

जंक्शन पर लगे क्विक वॉटरिंग सिस्टम के जरिए ट्रेनों में पानी भरने की जिम्मेदारी कैरिज एंड वैगन विभाग की है। इसमें 13019, 13020 बाघ एक्सप्रेस, 15273, 15274 सत्याग्रह एक्सप्रेस, 15903, 15904 डिब्रूगढ़ चंडीगढ़ एक्सप्रेस, 15909, 15910 अवध असम एक्सप्रेस, 15043, 15044 काठगोदाम लखनऊ जैसी ट्रेनों को शेड्यूल किया गया है लेकिन गुरुवार दोपहर तक सिर्फ पांच घंटे में आठ नॉन शेड्यूल ट्रेनों के अंदर पानी भरा जा चुका था। रोजाना पूरे दिन में यह संख्या 30 तक पहुंच जाती है। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि कैरिज एंड वैगन विभाग द्वारा शेड्यूल ट्रेनों में पानी भरा जाता है। यात्रियों की शिकायत पर भी ट्रेनों में पानी भरा जाता है।

# त्रिशूल एयरबेस पर उप राष्ट्रपति ने किया चेंज ओवर

**बरेली, अमृत विचार :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का गुरुवार सुबह 7.55 बजे त्रिशूल एयरबेस पर चेंज ओवर हुआ। वह 10 मिनट रुकने के बाद उत्तराखंड के हल्द्वानी के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से भी बात भी की।

वह हल्द्वानी से दोपहर 3 बजे वापस लौटे और विशेष विमान से दिल्ली के लिए चले गए। उपराष्ट्रपति के चेंजओवर के दौरान पुलिस फोर्स तैनात रही। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी दौरे के दौरान अलर्ट रहे।

# बदायूं रोड पर अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

## 50 हजार वर्ग मीटर में बगैर नक्शे के बन रही सुमंगलम थी कॉलोनी, सड़क भी उखाड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कॉलोनी में चारदीवारी के साथ खंभे भी लगा दिए गए थे

**अमृत विचार :** बीडीए के प्रवर्तन दल ने गुरुवार को बदायूं रोड पर 50 हजार वर्ग मीटर में बन रही अवैध कॉलोनी को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। टीम ने बुलडोजर से चारदीवारी तोड़ने के अलावा सड़क भी उखाड़ दी।

सुभाष नगर में मिलक रोंधी रोड पर सुमंगलम नाम से अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। इस कॉलोनी को धीरज सक्सेना, जेके सक्सेना, मनोज जौहरी आदि बनवा रहे थे। 50 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनाई जा रही कॉलोनी में सड़क का निर्माण कर दिया गया था। कॉलोनी में चारदीवारी बना दी गई थी और बिजली के खंभे भी लगा दिए गए थे। इसके अलावा साइट ऑफिस भी बनाया गया था। बीडीए की टीम को कॉलोनी में मौजूद लोग न तो साइट प्लान और न ही कोई वैध मानचित्र दिखा सके। इस पर प्रवर्तन दल ने चारदीवारी को ध्वस्त कर दिया। बुलडोजर से एक खंभे को गिरा दिया तो कुछ टूट गए। भूखंडों तक जाने के लिए बनाई गई सड़क को बुलडोजर से उखाड़ दिया गया। अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई के बावजूद नई कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं और लोग इनमें भूखंड खरीदकर अपना पैसा फंसा रहे हैं।प्रवर्तन टीम में सहायक अभियंता हरीश चौधरी, लक्ष्मण सिंह रावत और अवर अभियंता सुनील कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।



बदायूं रोड पर अवैध कॉलोनी में बीडीए की टीम ने खोद दी सड़क। ● अमृत विचार

# दूसरे दिन भी ब्लॉक लेकर अंडरपास का हुआ निर्माण

**बरेली, अमृत विचार :** डीआरएम कार्यालय और इज्जतनगर यांत्रिक कारखाना के पास अंडरपास निर्माण के लिए रेलवे ने गुरुवार रात ब्लॉक लिया। इस दौरान लाइन काटकर गर्डर रखे गए। इससे पहले बुधवार रात छह घंटे का ब्लॉक लिया गया था। इस दौरान चार ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। गुरुवार रात को भी बरेली-टनकपुर स्पेशल ट्रेन का संचालन निरस्त कर दिया गया। यहां काम पूरा होने के बाद हाईवे के नीचे टनल बनाने का काम किया जाएगा।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि मेन लाइन से ट्रेनों का संचालन सुचारू रहेगा। लाइन नंबर एक और दो के अंदर गर्डर लगा दिए गए हैं। गुरुवार की रात को 9:45 बजे ब्लॉक शुरू हुआ तो सुबह 4 बजे तक चला। अब 4 जून की रात 9:35 बजे से 1:45 बजे तक का ब्लॉक लेकर गर्डर हटाकर अंडरपास के लिए सेगमेंट बॉक्स रखे जाएंगे।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE Learn · Assimilate · Transcend BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm. BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Bareilly office: D-46, 2nd Floor, Butlar Plaza Ph.: 9012313333
Aonla : Pragati Nagar Gate, Shahbad Road. Ph.: 9105050471
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9917480040 | www.futureinstitutions.org

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
B.Sc. Nursing | G.N.M.
M.Sc. Nursing | A.N.M.
P.B.B.Sc. Nursing | D.P.T.
College Code: 2430244 | D.R. Optometry
ADMISSION OPEN | D.Pharma | M.Ed. | D.M.L.T. | B.Ed
FREE CLASSES FOR CNET - 2024
Budaun Office: Malgodam Road, Civil Lines, Near Railway Station, Budaun- Mob.: 7906222523, 9837997770
Bisalpur Office: Govt. Degree College Raod, Bisalpur, Pilibhit- Mob.: 9105495531
Pilibhit Office: Kishan Bihar Colony, Near Om Lawn, Pilibhit- Mob.: 9837510267
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Head Office: Gurah Compound, Macnair Road, Behind PNB Bank, Prem Nagar, Bareilly
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2024-25
LL.B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
8630182679, 7983811321
9411472001, 9690263708 & 9837485855
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar, 12th Km. Pilibhit Road, Bareilly




# गर्मी की मार... जंक्शन पर धमाके से एसी के कंप्रेशर फटने के बाद आग लगी

## एमसीओ की छत पर हुई घटना से मची अफरातफरी, पौन घंटा लगा काबू पाने में, आधे घंटे बंद रखनी पड़ी जंक्शन पर बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्लेटफार्म नंबर एक पर एमसीओ के आसपास से हटाए गए यात्री
- सिग्नल और टेलीकॉम केबल के ढेर में आग लगने से उठे धुएं के गुबार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में मशीनें भी जवाब देने लगी हैं। बृहस्पतिवार को लगातार चलने की वजह से जंक्शन पर सेना के एमसीओ ( मूवमेंट कंट्रोल ऑफिस) की छत पर रखे एसी के तीन आउटडोर यूनिट धमाके के साथ फट गए जिससे पास ही पड़े सिग्नल और टेलीकॉम केबल के ढेर में आग लग गई। घने धुएं के साथ आग की लपटें उठीं तो अफरातफरी फैल गई। प्लेटफार्म नंबर एक पर आसपास मौजूद लोगों को हटा दिया गया। सेना और फायर ब्रिगेड ने करीब पौन घंटे तक जूझने के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच जंक्शन पर करीब आधे घंटे के लिए बिजली की आपूर्ति भी बंद रखी गई। सुबह करीब साढ़े 11 बजे जंक्शन स्थित एमसीओ की छत पर एसी की आउटडोर यूनिट में आग लगने के बाद एक के बाद एक दो धमाके हुए। इसी के साथ एमसीओ की छत पर लगी फाइबर शीट धूं-धूं कर जलने लगी। पास पड़े केबल के ढेर ने भी आग पकड़ ली। छत पर ही एस एंड टी का कार्यालय है, जिसमें मौजूद कर्मचारी जान बचाकर भागे। एमसीओ में मौजूद सेना के जवानों ने फायर एस्टिंग्यूशर से आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन भड़की आग काबू में नहीं आई। काले धुएं के साथ आग की लपटे उठती देख प्लेटफार्म पर भी अफरातफरी फैल गई।

इसके बाद सूचना देकर सेना के 42 सप्लाई डिपो से अग्निशमन वाहन बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई। आरपीएफ की प्रभारी निरीक्षक विनीता कुमारी और जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने घटनास्थल के आसपास मौजूद यात्रियों को प्लेटफार्म से हटाकर स्टाफ के साथ सुरक्षा घेरा बना दिया। दोपहर करीब 12 :15 बजे आग पर काबू पाया जा सका। इस बीच बरेली जंक्शन पर बिजली की आपूर्ति करीब आधा घंटा के लिए बंद रखनी पड़ी। बाद में रेलवे के बिजली विभाग के स्टाफ ने घटनास्थल का जायजा लिया। तीन एसी के आउटडोर यूनिट पूरी तरह जले पाए गए। सीएफओ चंद्रमोहन शर्मा ने बताया तीन एसी सीरीज में लगे हुए थे जिनमें संभवतः ज्यादा लोड होने के कारण शार्ट सर्किट हुआ। इसी कारण केबिल के ढेर और छत पर पड़ी फाइबर शीट ने आग पकड़ ली।


बरेली जंक्शन पर एमसीओ की छत पर एसी फटने से लगी आग। ● अमृत विचार


आग बुझने के बाद मौके पर जांच करते रेलवे के अधिकारी। ● अमृत विचार

### प्लेटफार्म तक पहुंचती आग तो काबू से बाहर हो सकते थे हालात

**बरेली, अमृत विचार:** एमसीओ कार्यालय प्लेटफार्म नंबर एक के पास बना हुआ है। घटना तो कार्यालय की छत पर सर्क्युलेटिंग एरिया वाले छोर पर हुई, लेकिन आग की लपटें इतनी भीषण थीं कि अगर 30 मीटर दूर प्लेटफार्म नंबर एक तक आग पहुंचती तो बड़ी घटना हो सकती थी। घटना के बाद रेलवे के बिजली विभाग, एमसीओ के अफसरों और आरपीएफ ने ज्वाइंट रिपोर्ट तैयार की है। मंडल मुख्यालय भेजे गए ज्वाइंट नोट में पूरे मामले की जांच की बात कही जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने भी मुरादाबाद से बरेली जंक्शन आकर घटनास्थल का जायजा लिया।

## एक नजर

### महिला दुकानदार के घर में तोड़फोड़ करने पर दरोगा और सिपाही तलब

**विधि संवाददाता, बरेली :** लॉकडाउन के दौरान महिला दुकानदार के घर में घुसकर तोड़फोड़ और उसे अपमानित करने के मामले में सीजेएम सौरभ कुमार वर्मा ने स्टेशन रोड पुलिस चौकी के तत्कालीन इंचार्ज सिद्धांत शर्मा और यूपी 112 पर तैनात रहे सिपाही सतेंद्र कुमार को समन भेजकर 8 जून को तलब किया है। सिविल लाइंस में रहने वाले मोहम्मद अनस ने सीजेएम कोर्ट में अर्जी दी थी कि उसकी मां घर पर ही चाय, बिस्किट, नमकीन की छोटी दुकान चलाती हैं। 2 मई 2020 की रात 10 बजे 112 पुलिस बाइक से आए दो पुलिसकर्मी घर का दरवाजा पीटने लगे। दरवाजा खोलने पर सिपाही सतेंद्र उनकी मां को धक्का देते हुए जबरन घर के अंदर घुस आया। धमकाते हुए उनसे पूछा कि सिगरेट और तंबाकू के पैकेट कहां रखे हैं। यह कहकर हड़काया कि उसके पास उनका तंबाकू बेचते हुए वीडियो है। वीडियो दिखाने को कहने पर गालियां देते हुए दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। अनस के विरोध करने पर जेल भेजने की धमकी देते हुए 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी। शिकायत करने कोतवाली जाते समय दरोगा सिद्धांत शर्मा ने भी रास्ते में रोककर धमकाया।

### प्रगति नगर में बंदरों के हमले से महिला घायल

**बरेली, अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में बंदरों ने छत पर कपड़े डालने गई महिला पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गईं। उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रगति नगर निवासी मंजु शंखधार ने बताया कि जब वह छत पर कपड़े डालने गईं तभी बंदर ने हमला कर दिया। उनका कहना है कि बंदर छतों पर बैठे रहते हैं। कई बार गेट से घर के अंदर घुस जाते हैं, इससे लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कॉलोनी के लोग बंदरों को पकड़ने के लिए नगर निगम से गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया।

### 12 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना पुलिस ने गुरुवार को बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। किशोरी ने बुधवार को पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 12 वर्षीय बच्ची के परिजन बुधवार को काम पर गए थे। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। परिजनों के घर लौटने के बाद बच्ची रोने लगी और घटना की जानकारी दी। किशोरी के परिजनों ने इसकी शिकायत सुभाषनगर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बिजली संकट : शहर में जो करोड़ों फूंके, कहां गया उनका करंट... अब जवाब नहीं दे पा रहे अफसर

## स्काडा, नगर निकाय और आरडीएसएस योजना के तहत फरवरी से ही लगातार किया जा रहा था काम करने का दावा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भारीभरकम बजट दिया था मुख्यालय ने, गर्मी से पहले पूरा इस्तेमाल भी नहीं कर पाए
- चेयरमैन के निर्देश पर चलाए गए अनुरक्षण माह का भी नहीं दिख रहा है कोई नतीजा

**अमृत विचार :** अधिकतम तापमान बृहस्पतिवार को 45 डिग्री तक पहुंच गया और इस बीच शहर में कई दिनों से बरकरार बिजली संकट जैसे का तैसा बना रहा। लगातार मुश्किलों का सामना कर रहे शहरवासियों के बीच अब यह सवाल भी उठने लगा है कि बिजली सुधार पर कुछ महीने पहले ही पावर कॉरपोरेशन जो करोड़ों का खर्च किया था, उसका नतीजा क्या निकला। अगर बिजली की लाइनें बदली गई थीं तो वे फुंक क्यों रही हैं और ट्रांसफार्मर ओवरलोडिंग से जवाब क्यों दे रहे हैं। फिलहाल बिजली अफसर इसका कोई जवाब नहीं दे पा रहे हैं।

शहर में फरवरी से अप्रैल तक नगर निकाय और आरडीएसएस योजना के तहत बिजली सुधार के बड़े पैमाने पर काम कराने का दावा किया गया था। इस दौरान लंबे-लंबे शटडाउन भी लिए गए थे। इससे पहले स्काडा योजना के तहत भी डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर काम हुए थे। विभाग के मुताबिक नगर निकाय योजना के तहत सात और आरडीएसएस के तहत 15 करोड़ खर्च किए गए। हालांकि मुख्यालय से विभाग को जो बजट मिला, वह कई गुना ज्यादा था लेकिन विभाग ने गर्मी नजदीक होने के बावजूद उसका पूरा इस्तेमाल नहीं किया।

शहर के चारों डिविजनों में इन योजनाओं के तहत लाइनों की मरम्मत, खराब उपकरणों को बदलने, बंच केबल को ठीक करने, लाइनों को सही ऊंचाई पर रखने और उनकी गार्डिंग और ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने जैसे काम कराने का दावा किया गया था। लेकिन अब जिस तरह शहर में बिजली संकट छाया हुआ है, उससे सीधा सवाल खड़ा हो रहा है कि इन कामों का क्या फायदा हुआ। फरवरी और मार्च में चेयरमैन के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन में अनुरक्षण माह भी मनाया गया था। इसमें भी लाइनों और उपकरणों की मरम्मत की गई थी ताकि गर्मी शुरू होने के बाद सबकुछ नियंत्रण में रहे और बिजली सप्लाई में कोई दिक्कत पैदा न हो, लेकिन अब उन इलाकों में भी लगातार फाल्ट हो रहे हैं जहां ये सारे काम किए गए थे।

### सुभाषनगर के चक्कर में नप सकते हैं कई इंजीनियर

सुभाषनगर में एक सप्ताह से बिजली संकट बना हुआ है। लगभग हर दिन सबस्टेशन पर लोग हंगामा भी कर रहे हैं। इस बिजली संकट की शिकायतें पावर कॉरपोरेशन के मुख्यालय तक पहुंची हैं। इस पर पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने नाराजगी जताई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में लखनऊ की तरह कई इंजीनियरों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। सुभाषनगर में बिजली संकट से निपटने में नाकाम रहे अधिकारियों पर जल्द कार्रवाई होने की बात कही जा रही है।

## पूरी रात गुल रही बिजली, फिर घेरा सुभाषनगर सबस्टेशन

- जसौली में भी पूरी रात बिजली गुल, अशरफ खां छावनी में ट्रांसफार्मर फुंका
- महानगर, पवन विहार समेत दर्जनों इलाकों में फाल्ट, परेशान रहे लोग

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर इलाके में करीब सप्ताह भर से चल रहा बिजली संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। परसाखेड़ा से आने वाली 33 केवी की लाइन में फाल्ट होने से सुभाषनगर और मढ़ीनाथ सबस्टेशन से बिजली की सप्लाई फिर ठप हो गई। बुधवार रात कई कॉलोनियों में अंधेरा छाया रहा। इसके बाद बृहस्पतिवार को दोपहर तक बिजली नहीं आई तो नाराज लोग फिर सबस्टेशन का घेराव करने पहुंच गए। उधर, महानगर और पवन विहार में भी फाल्ट होने से बिजली गुल हो गई। अशरफ खां छावनी और बीबीएल स्कूल के पास लगे ट्रांसफार्मर फुंक गए। किला सबस्टेशन के जसोली समेत कई मोहल्लों में भी बुधवार रात बिजली संकट बना रहा।

सुभाषनगर में हर रोज फाल्ट होने से बिजली गुल हो रही है। इससे नाराज लोग बार-बार सबस्टेशन पर हंगामा कर रहे है। बुधवार रात बिजली न आने से नाराज लोगों ने सबस्टेशन पर तोड़फोड़ कर दी थी। इसके बाद भी फाल्ट ठीक न होने की वजह से पूरी रात कई कॉलोनियो में बिजली संकट बना रहा। परसाखेड़ा से आने वाली 33 केवी की लाइन में भी रात साढ़े तीन बजे फाल्ट हो गया। इससे सुभाषनगर के साथ मढ़ीनाथ सबस्टेशन की भी बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सुबह 11 बजे फाल्ट ठीक कराकर आपूर्ति बहाल की गई।

सुभाषनगर सबस्टेशन की रामचंदपुरम कॉलोनी में ट्रांसफार्मर में फेस न होने पर वर्कशॉप से टीम बुलाकर ठीक कराया गया लेकिन लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। इससे गुस्साए लोगों ने बृहस्पतिवार दोपहर फिर सबस्टेशन का घेराव किया। इसके बाद फाल्ट ठीक कराया गया। उधर, किला सबस्टेशन के जसौली, जखीरा, रेती कुंवरपुर में भी बुधवार देर रात तक बिजली गुल रही। अशरफ खां की छावनी में ट्रांसफार्मर फुंक जाने के बाद सुबह तक बिजली नहीं आई। इससे हार्टमन समेत कई और इलाके भी प्रभावित रहे।

बाकरगंज में बृहस्पतिवार दोपहर दो घंटे तक बिजली गुल रही। चिड़ीमार के कुंए पर तारों में आग लग जाने से बुधवार रात 3 से 4 बजे तक बिजली गुल रही। मिनी बाईपास के भास्कर अस्पताल के पास बुधवार रात 12 बजे ट्रांसफार्मर का फ्यूज जल गया जिसे दो घंटे बाद सही किया जा सका। कालीबाड़ी इलाके में मरम्मत के लिए बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक घंटे शटडाउन लिया गया। बीबीएल स्कूल के पास भी ओवरलोडिंग से आग लगने के बाद ट्रांसफार्मर फुंक गया। यहां तीन घंटे तक बिजली गुल रही। बुधवार रात 3 बजे पवन विहार की अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट के बाद सुबह 6 बजे तक बिजली गुल रही। महानगर सबस्टेशन के बैडमिंटन पार्क में लगे 400 केवी के ट्रांसफार्मर की मरम्मत करने के लिए सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रखी गई।


रात भर बिजली न आने के बाद सुभाषनगर सबस्टेशन का घेराव करने पहुंचे लोग।

> बुधवार देर रात 33 केवी की लाइन मेंफाल्ट हो गया था जिसे सुबह 11 बजे ठीक कराया गया। फेस न आने पर अनुपम नगर कॉलोनी के लोग शिकायत करने आए थे। बृहस्पतिवार दोपहर तक सभी फाल्ट अटेंड कराकर बिजली आपूर्ति बहाल करा दी गई। – **अभिषेक कपासिया**, एसडीओ सुभाषनगर

# व्यापारियों ने पूछा... तो छह महीने पहले क्यों किए थे बिजली सुधार के दावे

- व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने चीफ इंजीनियर को दिया ज्ञापन
- बिजली संकट जल्द काबू में न आने पर आंदोलन की चेतावनी

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली संकट पर बृहस्पतिवार को उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर को ज्ञापन देने के साथ उनसे सवाल किया कि छह महीने पहले सर्दी के मौसम में भीषण कटौती के दौरान वादा किया गया था कि मुख्यालय से मिले बजट से बिजली सुधार किया जा रहा है ताकि गर्मी में शहर को बेहतर बिजली आपूर्ति दी जा सके। लेकिन अब जब तापमान 45 डिग्री पर पहुंच गया तो हर तरफ बिजली संकट छाया हुआ है और अब अफसर पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द संकट खत्म न हुआ तो व्यापारी शहर के लोगों के साथ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

कई व्यापारियों के साथ पहुंचे संगठन के महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना ने चीफ इंजीनियर से कहा कि कहीं बिजली गुल होती है तो अफसर अब फोन तक नहीं उठाते। व्यापारियों की बात सुनने के बाद चीफ रणविजय सिंह ने शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता को भी बुला लिया और उनसे व्यापारियों की शिकायत का संज्ञान लेने को कहा। मुख्य संरक्षक अश्विनी ओबेरॉय और प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह ने कहा आम जनता विभाग से बिजली चाहती है। जिलाध्यक्ष देवेंद्र जोशी और महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनोज अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश है कि शहरी क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति दी जाए लेकिन इस आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि कि यदि व्यवस्था नहीं सुधरी तो व्यापार मंडल जनता के साथ विभाग के खिलाफ आंदोलन करेगा। व्यापारियों ने फरीदपुर के भुता ब्लॉक की शांतिविहार कॉलोनी का जिक्र करते हुए बताया कि कॉलोनी में वाल्मीकि समाज के 30 घर हैं लेकिन वहां 20 वर्षो से बिजली नहीं पहुंची है। इस पर मुख्य अभियंता ने तीन दिन में रिपोर्ट तलब की। ज्ञापन देने वालों में विशाल सक्सेना, दानिश जमाल, जुनैद खान, कन्हैया लाल, हरीश अरोरा, भगवान स्वरूप, राजकुमार राजपूत, पुष्पेंद्र शुक्ला, कपिल श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव मौजूद रहे।

> व्यापारियों की बात सुनी और उनसे सहयोग की मांग की है। उन्हें आश्वास्त किया है कि सभी अधिकारी और कर्मचारी बेहतर बिजली आपूर्ति के लिए दिन-रात लगे हुए है। – **रणविजय सिंह**, चीफ इंजीनियर


चीफ इंजीनियर से बात करने पहुंचे उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी।

### खपत ज्यादा है तो दिन में क्यों जलती हैं ये लाइटें

एक तरफ ओवरलोडिंग का हवाला देकर लोगों से बिजली का कम इस्तेमाल करने की गुजारिश की जा रही है तो दूसरी तरफ शहर की सड़कों पर दिन में भी स्ट्रीट लाइट जलती नजर आ रही हैं। जाहिर है सरकारी सिस्टम अपनी जिम्मेदारी का एहसास करने को तैयार नहीं है।
● मोहित कुमार सिंह



## फाइक एन्क्लेव के लोगों ने की शिकायत बिजलीकर्मी फोन पर कर रहे बदसलूकी

**बरेली, अमृत विचार:** पावर कॉरपोरेशन के अधिकारी एक तरफ बिजली संकट पर लोगों से सहयोग की अपील कर रहे हैं लेकिन दूसरी तरफ फाइक एन्क्लेव के लोगों ने शिकायत की है कि कटौती के दौरान फोन करने पर बिजली कर्मचारी लोगों से बदसलूकी कर रहे हैं।

बृहस्पतिवार को कॉलोनी के कई लोगों ने इस बारे में अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला से लिखित शिकायत की। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में कटौती होने से लोगों को भारी मुश्किल हो रही है, ऊपर से शिकायत करने पर विभागीय कर्मचारी दुर्व्यवहार कर रहे है। शिकायत करने वालों में फाइक यूनिटी वेलफेयर सोसायटी के हैदर अली, शारिक खान, सुहैल, जावेद हुसैन बंटी, जहीर खान, रफी मंसूरी, बब्लू मंसूरी, रफीक, परवेज, बंटी खान, आसिफ, समीर आदि लोग शामिल थे।

## ऑपरेशन थिएटर समेत कई वार्डों के एसी हुए खराब

**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल के लेबर रूम, स्टाफ रूम, ऑपरेशन थियेटर समेत अन्य कई वार्डों में लगे एसी खराब हो गए हैं। इसकी वजह से मरीजों और स्टाफ को दिक्कत हो रही है। अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने संबंधित अधिकारी को तुरंत एसी ठीक करने के आदेश दिए हैं। सरकारी अस्पतालों के साथ शहर के कई निजी अस्पतालों में भी गर्मी में मरीजों को परेशानी हो रही है।

# काम हुआ तो अचानक कैसे ओवरलोड हो गए ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी बोले- बिजली संकट से प्रभावित हो रहा व्यापार
- जिले भर से बिजली सप्लाई का ब्योरा मंगाकर चीफ इंजीनियर से करेंगे मुलाकात

**अमृत विचार :** कई महीने पहले से किए जा रहे दावों के बावजूद गर्मियों में भीषण बिजली संकट पर उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने भी पावर कॉरपोरेशन के अफसरों पर सवाल खड़ा किया है। संगठन के लोगों ने जिले भर की स्थिति का ब्योरा मंगाने के बाद चीफ इंजीनियर से मुलाकात करने का एलान किया है।

प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि एलटी लाइनें शॉर्ट होने से ट्रांसफार्मर खराब हो रहे हैं। पहले ट्रांसफार्मरों में स्विच होता था जो लोड बढ़ने पर ट्रिप हो जाता था। जो ट्रांसफार्मर बनवाया जाता था, उसका गारंटी पीरियड भी होता था। अब अफसर ट्रांसफार्मरों को ओवरलोड बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं लेकिन यह जांच का विषय है कि ट्रांसफार्मर ओवरलोड क्यों हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबस्टेशनों के हर फीडर पर मीटर लगे हैं, जिन पर लगातार रीडिंग आ रही है, फिर गर्मी में अचानक ओवरलोडिंग की बात क्यों कही जा रही है। पहले से उसे रोकने की कोशिश क्यों नहीं की गई।

राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि बिजली विभाग ने स्काडा योजना चलाई थी जिसके तहत वितरण क्षेत्र में काफी काम हुआ था। तार भी बदले गए थे फिर केबल क्यों खराब हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर का कोई सबस्टेशन ऐसा नहीं है जहां फाल्ट न हो रहे हों। संकट से जूझ रहे सुभाषनगर, किला, हरुनगला, मढ़ीनाथ समेत कई इलाकों में फाल्ट की शिकायत पर त्वरित निस्तारण भी नहीं कराया जा रहा है। फाल्ट ठीक करने जाने वाले कर्मचारियों को जरूरी सामान तक नहीं दिया गया है। तहसीलों में समस्या और ज्यादा विकराल है।



# चीफ इंजीनियर का दावा- लोगों ने लोड बढ़वाए बगैर लगवा लिए एसी, 65 फीसदी बढ़ गई बिजली खपत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- लोगों से की बिजली की खपत कम करने और बिजली विभाग से सहयोग की अपील

**अमृत विचार :** पिछले साल की गर्मियों की तुलना में जिले में बिजली की खपत 65 प्रतिशत बढ़ गई है। बिजली संकट के बीच यह दावा पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर ने किया है। उनका कहना है कि लोगों ने घरों में लोड बढ़वाए बगैर एसी लगवा लिए, जिसकी वजह से यह खपत बढ़ गई। उन्होंने लोगों से विभाग का सहयोग करने के साथ बिजली की खपत कम करने की अपील की है।

शहर से देहात तक घनघोर बिजली संकट के बीच चीफ इंजीनियर रणविजय सिंह की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि विभाग स्वीकृत लोड के अनुसार ही बिजली आपूर्ति करता है, लेकिन मई के महीने में अचानक 65 प्रतिशत लोड बढ़ गया है। लोगों ने कनेक्शन पर लोड बढ़वाए बगैर ही एसी लगवाए हैं जिससे ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो गए। उन्होंने कहा कि पिछले साल मई में तीन सौ मेगावाट से लेकर 325 मेगावाट तक बिजली खपत थी जो इस बार छह सौ मेगावाट तक पहुंच गई है। भीषण गर्मी से बिजली का डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम ओवरलोड हो गया है। कभी-कभी सिस्टम ट्रिप हो रहा है। उसे सुरक्षित रखने के लिए आधा-एक घंटे रोस्टरिंग करनी पड़ रही है। चीफ इंजीनियर ने कहा कि बिजली विभाग के लाइन कर्मचारी और इंजीनियर रात-दिन काम कर लोगों को बिजली देने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए लोग उन्हें सहयोग करें और ओवरलोडिंग कम करने में मदद करें।

### लोड कम करने के लिए...

- लोग अपने घर में बिजली के सभी उपकरण एक साथ न चलाएं।
- सबमर्सिबल पंप, वाशिंग मशीन, प्रेस जैसे उपकरणों का प्रयोग सुबह 6 से 9 बजे के बीच करें।
- एसी का टेप्रेचर सेटिंग 24 डिग्री पर रखें और उसके टाइमर को भी सेट करें।

## डीएम ने कहा- जहां ओवरलोडिंग वहां ज्यादा क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाएं



**बरेली, अमृत विचार :** डीएम रविंद्र कुमार ने बृहस्पतिवार को पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में बढ़ते बिजली संकट पर काबू पाने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि गर्मी शुरू होने के बाद पिछले दो महीने में ओवरलोडिंग से जहां-जहां ट्रिपिंग हुई है, वहां रोस्टर के अनुसार कटौती की जाए। बढ़ता लोड कम करने के लिए अभियान चलाकर अवैध कनेक्शन चेक कर कार्रवाई की जाए। जिन इलाकों में ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोड से ज्यादा फाल्ट हो रहे हैं, वहां ज्यादा क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाएं। बैठक में अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ, अशोक कुमार चौरसिया, अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला, अनुज गुप्ता, यूसी सोनकर आदि अधिकारी मौजूद रहे।

कैलाश आई एवं जनरल हॉस्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइट्सि, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाण्डेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

कृतिका ग्रुप ऑफ कॉलेज
मान्यता एवं सम्बद्धता (आयुर्वेद) : भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (NCISM) नई दिल्ली एवं एम.जी.जी.यू.ए. गोरखपुर उ.प्र.
मान्यता एवं सम्बद्धता (फार्मेसी) : फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली
डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिवर्सिटी लखनऊ। बोर्ड ऑफ टैक्निकल एजुकेशन, लखनऊ।
मान्यता एवं सम्बद्धता (नर्सिंग) उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ।
ADMISSION OPEN
AYURVED
B.A.M.S.
अवधि : 4-1/2 वर्ष, योग्यता : NEET Qualified
PHARMACY
B. Pharma
बी. फार्मा
अवधि : 4 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
D. Pharma
डी. फार्मा
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
PARA MEDICAL
Diploma O.T.
डिप्लोमा इन ओ.टी. टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष, योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
Dip Lab. Technician
डिप्लोमा इन लैब टैक्निशियन
अवधि : 2 वर्ष योग्यता : 10+2 विज्ञान वर्ग
NURSING
B.Sc. Nursing
बी.एससी. नर्सिंग
अवधि : 4 वर्ष आयु 17 वर्ष, योग्यता : 10+2 बायोलॉजी
A.N.M.
डिप्लोमा महिला हेल्थ वर्कर
अवधि : 2 वर्ष आयु 17-35 वर्ष, योग्यता : 10+2 किसी भी विषय में
सुविधायें
♦ आयुर्वेदिक अस्पताल ♦ औषधियों युक्त हर्बल गार्डन ♦ शैक्षिक भवन एवं लाईब्रेरी ♦ पूर्ण सुसज्जित लैब ♦ वाई-फाई कैम्पस ♦ बस सुविधा ट्रेनिंग के लिए 100 बेड का पूर्ण व्यवस्थित स्वयं का आधुनिक कोपल अस्पताल ♦ छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग छात्रावास ♦ छात्रवृत्ति एवं शिक्षा ऋण (लोन) की सुविधा ♦ शव विच्छेदन की सुविधा (Cadaver)
कैम्पस : खाई खेड़ा, निकट काण्डू का पुल, पीलीभीत रोड, रिठौरा, बरेली (उ.प्र.) पिन : 243122
सम्पर्क सूत्र
8171489611, 7248343676
9027510784, 8218234755
सिटी आफिस : कोपल हॉस्पिटल, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड, बरेली (उ.प्र.) पिन-243006
सम्पर्क सूत्र
9758519405, 9457697581
Visit us : www.kritikaayurvedcollege.in, www.kritikapharmacycollege.in, www.kritikanursing.com

KOPAL HOSPITAL BAREILLY
NABH PRE ACCREDITED
कोपल अस्पताल
AN ISO-9001-2008 CERTIFIED HOSPITAL
डा. के.पी. गंगवार
एम.एस. (आर्थो)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
12.30 pm to 5.30 pm
डा. स्मृति गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ.
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
12.00 pm to 3.00 pm, 6.30 pm to 7.30 pm
डॉ. मनोज गुप्ता
एम.एस. (जनरल सर्जन)
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
12:00 pm to 2:00 pm
डॉ. एस.के. जौहरी
एम.डी.,
गहन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ
3:30 pm to 5:00 pm, 6:00 pm to 9:00 pm
डॉ. आकाश गुप्ता
एम.डी.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क ऑपरेशन एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर, बरेली
Ph.: 0581-2525711, 2525038
HELPLINE No. 9758519405

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
जांचों पर विशेष छूट
1499/- ONLY 799/-
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का ऑपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटर) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाइन 9897838286, 9837549348

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत
मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेंट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयां द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ADITYA Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक– शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध है :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

THE TOOTH LOUNGE A COMPLETE DENTAL CARE SOLUTION
Regd. No. : 21537
● दांतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना ● दांतों के रंग की फिलिंग कराना ● दांतों का निकालना ● दांतों की सफाई एवं पॉलिशिंग ● दांत एवं बत्तीसी बनवाना ● RCT ● डिजिटल एक्स-रे ● टेढ़े मेढ़े दांतों में तार लगाना ● डेंटल इम्प्लांट
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

# बदायूं रोड पर नए औद्योगिक क्षेत्र से उद्यमियों को बड़ी उम्मीदें

## औद्योगिक क्षेत्र गंगा एक्सप्रेस वे के नजदीक होने से मिलेगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सेंट्रल यूपी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन की सामान्य बैठक में बदायूं रोड पर बनने जा रहे नए औद्योगिक क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेस वे के नजदीक होने के कारण उद्यमियों के लिए बेहतर साबित होने की उम्मीद जताई गई। बैठक में औद्योगिक भूउपयोग वाले क्षेत्रों में रोड सर्कुलेशन प्लान भी लागू करने की मांग की ताकि उद्यमी वहां अपनी जरूरत के मुताबिक जमीन चिह्नित कर सकें।

सिविल लाइंस के एक होटल में हुई बैठक में चैंबर्स के अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल ने कहा कि बदायूं रोड पर बीडीए की ओर से विकसित किए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों के लिए अपने उद्यम को विस्तार देने और नए उद्यम स्थापित करने का बेहतर विकल्प होगा। गंगा एक्सप्रेस वे नजदीक होने से उद्यमियों को माल भेजने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी भी मिल सकेगी। वाहनों का आवागमन आसान होगा और लोडिंग अनलोडिंग में भी दिक्कत नहीं आएगी। सदस्यों ने यहां शीघ्र सुविधाएं बढ़ाने और रेट कम रखने की बात रखी। अभिनव अग्रवाल ने कहा कि बीडीए के मास्टर प्लान आने के बाद अब औद्योगिक भूप्रयोग वाले रजऊ जैसे क्षेत्र में रोड सर्कुलेशन प्लान की आवश्यकता है तभी उद्यमी उद्योग लगाने के लिए उचित भूमि चिह्नित कर पाएंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से अग्निशमन सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का पालन करने का सुझाव दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी से हुई वार्ता के बाद सभी औद्योगिक और व्यावसायिक संस्थानों को इस बारे में जानकारी दी जा चुकी है। औद्योगक इकाइयां अपने कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरणों को चलाने के लिए अग्निशमन विभाग के सहयोग से कार्यशाला भी कराने की पहल करें। इससे पहले सचिव ने पिछली कार्यकारिणी सभा का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया जिसका सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन कर दिया। सभा का संचालन सचिव अल्पित अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में चैंबर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, सुनीत मूना, सीए नीतीश टंडन, सौरभ अग्रवाल, कपिल वैश्य, शरद मिश्रा, मोहित टंडन, पीयूष कुमार अग्रवाल, पुनीत सक्सेना, मोहित ऐरन, मोहित गोयल, प्रकाश बाधवानी, तेजेंद्र सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह बासु आदि ने भाग लिया।



बैठक में मौजूद अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. केशव कुमार अग्रवाल और सचिव अल्पित अग्रवाल।

● **सदस्यों ने की जल्द सुविधाएं विकसित करने और रेट कम रखने की मांग**

### एडी हेल्थ को औचक निरीक्षण में पूरे नहीं मिले जीवन रक्षक उपकरण

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल का गुरुवार दोपहर अपर निदेशक स्वास्थ्य (एडी हेल्थ) डॉ. पुष्पा पंत ने औचक निरीक्षण किया। इमरजेंसी वार्ड में जीवन रक्षक उपकरण पूरे नहीं मिले। इस पर एडी ने नाराजगी जताई। इमरजेंसी वार्ड पूरी तरह से भरा हुआ था। एडी ने मरीजों से इलाज और सुविधाएं के बारे में पूछा। उन्होंने फायर उपकरण चेक किए जो ठीक मिले। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड के ऊपरी मंजिल पर बने कोल्ड रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने फीमेल मेडिकल वार्ड में स्टाफ नर्स पूनम से दवाओं के रखरखाव की जानकारी ली। स्टाफ नर्स ने बताया कि इमरजेंसी दवा किट समेत अन्य दवाएं मौजूद हैं। मेडिसन स्टोर में दवाओं की उपलब्धता और स्टॉक की जानकारी पर कई दवाओं के स्टॉक का मिलान नहीं हो सका। एडी हेल्थ ने संबंधित अधिकारी से जवाब तलब कर रिपोर्ट मांगी है।

● **मेडिकल स्टोर में कई दवाओं के स्टॉक भी पाया गया कम, इंचार्ज से जवाब मांगा**

#### शौचालय चोक, एजेंसी को नोटिस जारी

एडी ने रैन बसेरे की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तो अस्पताल प्रबंधन की पोल खुल गई। यहां तीमारदारों के उपयोग के लिए बनाए गए शौचालय चोक थे और परिसर में भी भीषण गंदगी पसरी हुई थी। उन्होंने एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा को निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी करें।

## सार-संक्षेप

### ड्रोन कैमरे की निगरानी में होगी मतगणना: एडीजी



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जोन की लोकसभा क्षेत्रों और शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना के संबंध में एडीजी पीसी मीना ने ऑनलाइन बैठक कर जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा प्रबंधों की पहले ही समीक्षा कर लें और पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की शिफ्ट में ड्यूटी लगाएं। मतगणना स्थल पर यातायात व्यवस्था सही रखी जाए और रूट डायवर्जन लागू किया जाए। जिन स्थानों पर मतगणना के दौरान पहले हिंसा हुई हैं, वहां की क्षेत्राधिकारी समीक्षा कर लें और पुलिस बल तैनात करें। भीषण गर्मी के दृष्टिगत मतगणना स्थल पर पीने के पानी पर्याप्त मात्रा में व्यवस्थित हो। संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पिकेट भी लगाई जाए। बैठक में आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत जोन के सभी अधिकारी ऑनलाइन मौजूद रहे।

### स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने पहुंचे धर्मेंद्र कश्यप



**बरेली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने गुरुवार को आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। वह वहां की सुरक्षा व्यवस्था देखकर संतुष्ट हुए। उन्होंने कहा कि वह अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वास्त हैं। पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का माहौल है और अब चुनाव अंतिम चरण में है। 4 जून को को परिणाम आएंगे, इससे पूर्व स्ट्रांग रूम के सीसीटीवी कैमरों को देखना जरूरी था। जिला निर्वाचन की तैयारी बेहतर है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं की प्रशंसा की। इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप, रवि यादव, रविन्द्र गुर्जर समेत कई लोग मौजूद रहे।

### विपरीत धारा में तैरकर नए आयाम रचते हैं पत्रकार



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्रदेव त्रिवेदी के आवास पत्रकारिता दिवस पर विचार गोष्ठी हुई। कार्यक्रम के अध्यक्ष दक्ष शर्मा ने कहा कि पत्रकार विपरीत धारा में रहकर भी रचनात्मकता के नये आयाम रचता है, इसलिए आज भी पत्रकारिता एक पवित्र कर्म माना जाता है। पत्रकार आज भी अपनी भूमिका अच्छी तरह निभाने की पूरी कोशिश करता है क्योंकि पत्रकारिता एक पुण्य कर्तव्य होता है। इंद्रदेव त्रिवेदी ने पत्रकारिता दिवस का इतिहास बताया। मंडल महामंत्री विशाल शर्मा, अशोक उपाध्याय, मुकेश शर्मा, नितिन शर्मा, मनोज थपलियाल, आलोक शंखधार, कृष्ण चौबे, राकेश कुमार शर्मा, मेधावृत शास्त्री, राकेश मिश्रा, अनिल शर्मा, राकेश गुरु, अलका त्रिवेदी, मीना, रंजना, पायल आदि मौजूद रहे।

# धुआं उड़ाने के शौक से युवाओं में बढ़ा ओरल कैंसर

## जिला अस्पताल के मन कक्ष में नशे की लत छुड़ाने के लिए पहुंच रहे युवा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस**

**अमृत विचार :** जिले में ओरल यानी मुंह के कैंसर के केस लगातार बढ़ रहे हैं। युवा सोशल मीडिया के जरिए तंबाकू सेवन के नए-नए माध्यम अपना रहे हैं। इसमें ई-सिगार भी शामिल है। जिला अस्पताल के मन कक्ष में भी हर महीने चार से पांच ऐसे युवा नशे की लत छुड़ाने के लिए काउंसिलिंग कराने के लिए पहुंच रहे हैं, जिन्हें ई-सिगार के सेवन से मुंह में गंभीर प्रभाव पड़ा है। मन कक्ष में इसके साथ ही हर महीने 40 से 50 मरीज ऐसे परामर्श के लिए आ रहे हैं जो कि लंबे समय से तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल आंकड़ा 10 फीसदी तक बढ़ा है।

**बुजुर्ग महिलाएं कर रहीं तंबाकू का सेवन, हो रहीं बीमार :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से ओरल कैंसर जागरूकता और मरीजों के परामर्श के लिए गांव-गांव कैंप लगाए जा रहे हैं। इन कैंप के दौरान पता चला कि गांवों में 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं भी तंबाकू का सेवन करने से मुंह की बीमारियों की चपेट में आ रही हैं। सार्वजनिक स्थलों जैसे अस्पतालों, स्कूलों, कॉलेजों समेत अन्य जगह भी खुलेआम तंबाकू उत्पाद बिकते हैं लेकिन इन पर रोक नहीं लगाई जा रही है। इसके अलावा लोगों को जागरूक करने के भी पर्याप्त उपाय नहीं किए जा रहे हैं।



तंबाकू में कई हानिकारक रसायन होते हैं, जिनमें से कई कैंसर के कारक होते हैं। जब तंबाकू का सेवन किया जाता है या चबाया जाता है, तो ये रसायन शरीर में अवशोषित हो जाते हैं और डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि होती है, जो कैंसर की विशेषता है। इसके अतिरिक्त, तंबाकू का सेवन प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकता है, जिससे यह प्रणाली कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में अक्षम हो जाती है।

– **डॉ. अर्जुन अग्रवाल,** निदेशक, रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट

मन कक्ष नशा छोड़ने के लिए हर महीने 40 से 50 मरीज आ रहे हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल 10 फीसदी मरीज बढ़े हैं। इस वर्ष ई-सिगार की लत से जूझ रहे युवा मरीज भी आए हैं। मरीजों का नशा छुड़ाने के लिए काउंसिलिंग के साथ दवाएं भी दी जाती हैं।

– **डॉ. आशीष,** प्रभारी, मन कक्ष

# रुविवि में गर्मी से परेशान एमबीए के छात्र परीक्षा टलवाने के लिए धरने पर बैठे

## प्रशासनिक भवन में परीक्षा नियंत्रक के कक्ष की लाइट बंद करके जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और बिजली कटौती से परेशान एमबीए के छात्रों ने गुरुवार को परीक्षा नियंत्रक कक्ष के बाहर प्रशासनिक भवन में करीब दो घंटे तक विरोध कर परीक्षा टालने की मांग की। छात्रों ने एमसी गिराकर परीक्षा नियंत्रक के कक्ष की लाइट बंद कर दी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने सत्र समय पर पूरा कराने की बात कहते हुए परीक्षा टालने से साफ इन्कार कर दिया।

विश्वविद्यालय परिसर के छात्रों की परीक्षाएं 22 मई से चल रही हैं। एमबीए के ज्यादातर छात्र-छात्राएं छात्रावस में रहते हैं। कुछ छात्र-छात्राओं का कहना है कि गर्मी और बिजली कटौती की वजह से परीक्षा की तैयारी नहीं हो रही है, इसलिए अभी परीक्षा टालकर आगे बढ़ाई जाए। छात्रों ने इससे पहले विभागाध्यक्ष और कुलपति से मिलकर भी परीक्षा टालने की मांग की थी लेकिन सेशन में देरी की बात कहकर परीक्षा नहीं टाली गई। इसके बाद गुरुवार को छात्र-छात्राएं परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के पास पहुंचीं और परीक्षा टालने की मांग की। जब परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा टालने से इन्कार किया तो हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक के कक्ष की लाइट बंद कर दी। मौके पर प्रॉक्टोरियल बोर्ड को बुलाया गया।

विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि दूसरे विभागों में भी परीक्षाएं चल रही हैं। इसके अलावा महाविद्यालयों में स्नातक की भी परीक्षाएं चल रही हैं। सत्र समय से पूरा करने के लिए परीक्षाएं करा जा रही हैं। कुछ छात्राओं को ही दिक्कत है। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित ने बताया कि एमबीए के छात्र परीक्षा टालने की मांग कर रहे थे। छात्रों को समझाकर शांत करा दिया गया।



रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्रदर्शन करते एमबीए छात्र।

### अभिभावकों को किए फोन तो छात्राएं हुईं नाराज

प्रॉक्टोरियल बोर्ड में चार छात्राओं के घर फोन किया कि छात्राएं परीक्षा टालने के लिए विरोध कर रही हैं और परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया है। इस पर अभिभावकों ने छात्राओं को फोन कर फटकार लगाई कि समय पर परीक्षा दें। इससे छात्राएं नाराज हो गईं और फिर प्रदर्शन किया। शाम करीब 6 बजे के बाद हंगामा खत्म हुआ।

### गर्ल्स कॉमन रूम में लगाए इन्वर्टर

छात्रावास में बिजली कटौती से परेशान छात्राओं ने कुछ दिनों पहले विश्वविद्यालय में प्रदर्शन किया था। इस पर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया था। अब समस्या के समाधान के लिए गर्ल्स कॉमन रूम में इन्वर्टर लगा दिए गए हैं, ताकि बिजली कटौती की वजह से छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित न हो।

### बीटेक, बीफार्मा, एमटेक और पीएचडी के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ी

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बीटेक, बीफार्मा-2024 के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर और एमटेक-पीएचडी 2023 के विषम सेमेस्टर की संस्थागत और बैक परीक्षा के फार्म 31 मई से दोबारा भरे जाएंगे। छात्रों को 3 जून तक फार्म भरकर जमा करने होंगे। कई छात्र फार्म भरने से रह गए थे, इसलिए विश्वविद्यालय ने तिथि में विस्तार किया।

# परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 15 जून से शुरू होंगी



बरेली कॉलेज से एलएलबी की परीक्षा देकर आते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक सम सेमेस्टर द्वितीय एवं चतुर्थ की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 15 से 30 जून तक सुबह की पाली में 7 से 10 बजे तक होगी।

विश्वविद्यालय ने अब सत्र 2023-24 की लगभग सभी परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। सभी परीक्षाएं लगभग नया सत्र शुरू होने से पहले खत्म हो जाएंगी। इस दौरान अधिकांश परीक्षाएं ग्रीष्मकालीन अवकाश में रखी गई हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

**बीएससी और एमएससी कृषि की प्रयोगात्मक और मिड टर्म परीक्षा कल से :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी और एमएमएससी कृषि की प्रयोगात्मक और मिड टर्म परीक्षा का समय निर्धारित कर दिया है। महाविद्यालयों को 1 जून से 30 जून तक परीक्षाएं करानी होंगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने महाविद्यालयों को निर्देश दिए हैं कि बीएससी कृषि, बीएससी कृषि ऑनर्स और एमएससी कृषि की प्रयोगात्मक और मिड टर्म निर्धारित समय में करानी होंगी और इसके बाद अंक स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### बीएएलएलबी की परीक्षा में एक छात्र नकल सामग्री के साथ पकड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में बीएएलएलबी की परीक्षा में एक छात्र को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि सचल दल ने चेकिंग के दौरान छात्र के पास से काफी संख्या में गेस पेपर के पेज मिले हैं। उसे बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है।

## सार-संक्षेप

### संस्थान शोध समिति की बैठक में बताईं परियोजनाएं



**बरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में प्राथमिकीकरण प्रबोधन एंव मूल्यांकन अनुभाग के तत्वाधान में निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में संस्थान शोध समिति की बैठक हुई। इसमें संस्थान में संचालित 19 संस्थान पोषित, एक अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना, चार सेवा परियोजनाओं, नौ बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं और दो अनुबंधित अनुसंधान परियोजनाओं समेत 35 परियोजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया किया। संस्थान के सभी वैज्ञानिकों ने अपनी परियोजनाओं की उपलब्धियों को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके अलावा आगामी वर्ष में सभी परियोजना के तकनीकी कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा हुई। इस बैठक में निदेशक ने वैज्ञानिकों की प्रस्तुति पर उन्हें कई अहम सुझाव दिए और संस्थान शोध समिति की बैठक हर छमाही करने का निर्णय लिया। संस्थान शोध समिति के सचिव डॉ. संदीप सरन, रेखा रानी, रघुविंदर कुमार, वैभवी कटरू, दीपक सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए किया जागरूक



**बरेली, अमृत विचार :** रेल कर्मचारियों को हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की स्वास्थ्य इकाइयों की ओर से बरेली सिटी, पीलीभीत, लालकुआं, काठगोदाम, काशीपुर, कासगंज, फतेहगढ़, मथुरा छावनी में कैंप लगाए जा रहे हैं। जिसमें भीषण गर्मी और हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार, विद्युत, टीआरडी, परिचालन, यांत्रिक आदि विभागों के कर्मचारियों जागरूक किया गया। हीट स्ट्रोक के लक्षण और प्राथमिक उपचार और बचाव बताए गए। बरेली सिटी स्वास्थ्य इकाई में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक बरेली सिटी डॉ. सुरेंद्र सिंह चौहान ने हीट स्ट्रोक पर कर्मचारियों को जागरूक किया। इस दौरान मुख्य फार्मासिस्ट असीम मसूद, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गौरव शंखधार ने ओआरएस के पैकेट बांटे। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नाग ने और कैंप लगाने के निर्देश दिए।

### छात्राओं ने सीखे ब्यूटीशियन और क्रॉफ्ट के गुर



**बरेली, अमृत विचार :** इस्लामिया बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित नौ दिवसीय समर कैंप का गुरुवार को समापन हुआ। कैंप में छात्राओं को कढ़ाई, सिलाई, ब्यूटीशियन, क्राफ्ट, कुकिंग, मेहंदी, सिलाई और योगा आदि सिखाया गया। छात्राओं को भाषा कौशल के बारे में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि संयुक्त उप शिक्षा निदेशक गजेंद्र कुमार और प्रधानाचार्य चमन जहां ने छात्राओं के लिए उपयोगी तमाम सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान शिक्षकों ने छात्राओं को आत्मनिर्भर कैसे बनें इस विषय पर कई रोजगार परक पाठ्यक्रमों व ट्रेडों के बारे में बताया।

### श्रीहरि मंदिर में समर कैंप का समापन



**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्रीहरि मंदिर में गुरुवार को समर कैंप का समापन हुआ। कैंप में बच्चों को आध्यात्मिक ज्ञान, योगासन, ध्यान, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, सहित वाद्ययंत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समापन के उपलक्ष्य पर पूजा-अर्चना और हवन किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष रेनू छाबड़ा, रवि छाबड़ा, नेहा आनंद, नीलम साहनी, निशा लक्यानी, विमल सोंधी, अलका छाबड़ा, आदि लोग उपस्थित रहे।

### इंजीनियर टीआरएस से मिले नरमू पदाधिकारी



**बरेली, अमृत विचार :** एनई रेलवे मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी के नेतृत्व में लोको शेड इज्जतनगर मंडल में आगरा मंडल से स्थानांतरित होकर आए वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर टीआरएस से मिलकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कर्मचारियों के हित में विशेष योगदान देने की मांग की। इस दौरान मंडल कार्यकारी अध्यक्ष रईस अहमद, शाखा अध्यक्ष प्रदीप कुमार, शाखा मंत्री आराम सिंह, एनसी पन्त, रविन्द्र पाल, विनीत शर्मा, अमित कुमार, आरआर टमटा, सजल डे, अरविन्द सिन्हा, नितेश बाथम आदि मौजूद रहे।

### बाबा रोशन सिंह मस्कीन के निधन पर शोकसभा



**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी समुदाय के संत बाबा रोशन सिंह मस्कीन का गुरुवार को पंजाब के कपूरथला में निधन हो गया। बरेली स्थित मॉडल टाउन में डेरा बाबा करम सिंह साहब होती मरदान वाले गुरुद्वारा में संगत ने शोक सभा आयोजित कर गुरुदेव को नमन करते हुए उनकी आत्मिक शांति के लिए अरदास की। उनके निधन की जानकारी देते हुए मनोज अरोड़ा ने बताया कि संगत बरेली से कपूरथला के लिए रवाना हो गई है। शोक सभा में मुख्य सेवादार जगदीश अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, गुरचरण लाल, सतपाल, नवीन, गौरव, उपमा अरोड़ा, रेशमा अरोड़ा, परमजीत गुलाटी, ज्ञानी रंजीत सिंह, मनजीत कौर, बृजमोहन मक्कड़, रीना मक्कड़, डाक्टर तुषार अरोड़ा, ईक्षित, राजू वाधवा, अश्वनी वाधवा आदि थे।

# रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचाव के तरीके बताए



रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में साइबर अपराध से बचाव के प्रति किया जागरूक।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **साइबर क्राइम इंस्पेक्टर ने पीड़ितों के उदाहरण देकर किया जागरूक**

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में गुरुवार को पुलिस की साइबर अपराध नियंत्रण शाखा ने मेडिकल और पैरा मेडिकल के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि कैसे साइबर क्राइम से सतर्क रहें।

साइबर क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि हमें बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने पीड़ितों के उदाहरण देकर बताया कि किस प्रकार साइबर ठग लोगों को डिजिटल रूप से धन की हानि पहुंचाते हैं।

उन्होंने सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं और चिकित्सकों से कहा कि किसी भी अनजान काल या मेसेज से पूछे जाने पर अपनी किसी भी प्रकार की बैंक की जानकारी, व्यक्तिगत जानकारी तथा ओटीपी आदि बिल्कुल भी साझा न करें। इन्हीं छोटी-छोटी सावधानियों से हम साइबर अपराध से बचाव कर सकते हैं। इस मौके पर एसआई शालू यादव, शानू, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सुशील कुमार ठाकुर, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह, वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल, डॉ. चीना गर्ग, डॉ. शशिकांत वर्मा, डॉ. अंकुर एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि उपस्थित रहे।

### वैज्ञानिक तकनीक से प्रशिक्षण के लिए जिले के दो शिक्षकों का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में गणित और विज्ञान विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के शिक्षकों को नई वैज्ञानिक तकनीक के आधार पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य परियोजना विभाग की ओर से नवाबगंज ब्लॉक अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल से विभान की सहायक अध्यापक दीपाली मिश्रा और उरजा जागीर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जीव विज्ञान की प्रवक्ता प्रतिभा सिंह को चयनित किया गया है। शिक्षकों का गांधी नगर स्थित आईआईटी में 5 जून से दो चरणों में प्रशिक्षण शुरू होगा। पहला चरण 5 से 9 जून और दूसरा 24 से 28 जून तक रहेगा।

इस प्रशिक्षण के लिए प्रदेश भर से गणित, भौतिक, रसायन और जीव विज्ञान के श्रेष्ठ 100 शिक्षकों को शामिल किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि राजकीय विद्यालयों के विज्ञान और गणित के आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले के अन्य स्कूल के शिक्षकों को भी साझा करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक छात्रों को भी नई तकनीक से रूबरू कराएंगे।



राजेंद्र नगर में बांके बिहारी मंदिर में भजन संध्या में झूमतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### बांके बिहारी मंदिर में भजन संध्या

**बरेली, अमृत विचार :** श्रीबांके बिहारी मंदिर में छप्पन भोग परिवार की ओर से गुरुवार को संगीतमय भजन संध्या का आयोजन हुआ। इसमें वृंदावन से पधारे मधुर कार्ष्णि रजनीशानंद ने कृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मंदिर में विधिवत पूजा- अर्चना कर फूल बंगला और 56 भोग का आयोजन किया गया। भजन संध्या में फूलों से सज रहे, वृंदावन के बांके बिहारी, मेरे कन्हैया आदि भजन प्रस्तुत किए गए। भजन गायक जगदीश भाटिया, श्री बांके बिहारी मंदिर के अध्यक्ष विनोद ग्रोवर, अश्वनी अरोड़ा आदि मौजूद रहे।



कृष्ण लीला सुनाते कार्ष्णि रजनीशानंद।

### पर्यटन और फूड प्रोसेसिंग की पढ़ाई करेंगे छात्र

**बरेली, अमृत विचार :** छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए माध्यमिक स्कूलों में पर्यटन और फूड प्रोसेसिंग के कोर्स शुरू किए जाएंगे। कोर्स के संचालन के बाद जिले के सभी स्कूलों में फिजिकल एजुकेशन, टूरिज्म एंड हॉस्पिटेलिटी समेत 20 व्यावसायिक कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। राजकीय इंटर कॉलेज में पहले से ही छात्रों को इलेक्ट्रिकल, मोबाइल रिपेयरिंग, ब्यूटी और वेलनेस आदि कोर्स चलाए जा रहे हैं लेकिन अब जिले के सभी माध्यमिक स्कूलों में रोजगार परक कोर्स के संचालन के लिए शासन की ओर से निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिले के 462 एडेड, राजकीय और अशासकीय स्कूलों में से सिर्फ कुछ स्कूलों में ही यह व्यावसायिक कोर्स शुरू किए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि नियम इस बार लगभग ज्यादातर स्कूलों में इन कोर्स को संचालित कराने की व्यवस्थाएं पूरी करा ली गई हैं। सभी स्कूलों में यह कोर्स छात्रों की रूचि के अनुसार संचालित किए जाएंगे। इस संबंध में सभी प्रधानाचार्यों को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

# प्रसूता ने बच्चा चोरी का आरोप लगाकर किया हंगामा

● **महिला बोली, दो बच्चों को दिया था जन्म, अस्पताल का स्टाफ बोला कि मानसिक मंदित है महिला**

**बरेली, अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में गुरुवार को एक प्रसूता ने स्टाफ पर एक बच्चे को चोरी करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। महिला बेड से उठकर भागने लगी तो स्टाफ ने उसे वार्ड में बंद कर पुलिस को सूचना दी।

महिला को मंगलवार सुबह बरेली जंक्शन से जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों और स्टाफ ने उसका सुरक्षित प्रसव कराया। गुरुवार को जब उसे होश आया तो उसने कहा कि उसने दो बच्चों को जन्म दिया था लेकिन उसका एक बच्चा गायब है। उसने स्टाफ पर बच्चा चोरी का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इससे स्टाफ और मरीज परेशान हो गए। स्टाफ ने महिला को पूरे दस्तावेज दिखाए तो महिला बेड से उठकर भागने लगी। काफी समझाने के बाद भी वह नहीं मानी तो कोतवाली पुलिस को मामले की सूचना दी गई। स्टाफ के अनुसार महिला को जब भर्ती किया जा रहा था तब भी महिला अजीब हरकतें कर रही थी। इससे लगता है कि महिला मानसिक मंदित है। महिला के साथ एक डेढ़ साल की बच्ची भी वार्ड में है, लेकिन महिला वह अपना नाम और पता तक ठीक से नहीं बता रही है। जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि स्टाफ ने महिला का सुरक्षित प्रसव कराया है। महिला स्टाफ पर झूठे आरोप लगाकर हंगामा कर रही है। मरीज के पास आधार कार्ड या कोई पहचान संबंधी दस्तावेज भी नहीं है।

# पत्रकारिता दिवस पर पत्रिका का विमोचन



पत्रकारिता दिवस पर पत्रिका विविध संवाद का विमोचन करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब और भारतीय पत्रकारिता संस्थान ने संयुक्त रूप से गुरुवार को पत्रकारिता दिवस मनाया। इस उपलक्ष्य पर रोटरी भवन में गोष्ठी, पत्रिका विमोचन और सम्मान समारोह हुआ। इसमें वरिष्ठ पत्रकार शंभू नाथ शुक्ला और अनिल माहेश्वरी को 26 वां सुरेन्द्र बहादुर सिन्हा पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर शंभू नाथ शुक्ला ने कहा कि हमेशा से पत्रकारिता का उद्देश्य स्वस्थ राष्ट्र निर्माण करने का रहा है, लेकिन दूसरी तरफ समय के साथ-साथ पत्रकारिता में बदलाव भी आया है। इस अवसर पर पत्रिका विविध संवाद के पत्रकारिता विशेषांक का विमोचन किया गया। साहित्यकार शोभा मिश्रा को 15 वां शांति सिन्हा स्मृति साहित्य सम्मान और साहित्यकार मधु दीक्षित को प्रथम रुचि मलिक साहित्य सम्मान दिया गया। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, विशिष्ट अतिथि डॉ. मोनिका अग्रवाल, पवन सक्सेना, नरेश मलिक, सत्येन्द्र सक्सेना, मधु वर्मा, निर्भय सक्सेना, प्रकाश चंद्र सक्सेना, अरुणा सिन्हा, शकुन सक्सेना, जितेन्द्र सक्सेना, संध्या सक्सेना, प्रणव आदि लोग उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मियों के ड्यूटी समय में बदलाव की मांग



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राम लाल कश्यप के नेतृत्व में संघ प्रतिनिधिमंडल ने सीडीओ जग प्रवेश को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का काम सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक है। अत्यधिक तापमान होने और ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा के लिहाज से 15 जून तक समय घटकार सुबह 7 बजे से दोपहर 11 बजे तक ही लिया जाए। इस पर सीडीओ ने डीएम से विचार विमर्श करने के बाद ही निर्णय लेने का आश्वासन दिया। मंडल अध्यक्ष रविंद्र कश्यप, जिला महामंत्री महेश चंद्र वाल्मीकि, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर सिंह पटेल उपस्थित रहे।

# क्रांति के 167 साल : दिल्ली से आया था गोपनीय संदेश, शिकस्त से घबरा गए हैं अंग्रेज

मोनिस खान, बरेली

● **बहादुर शाह जफर ने भेजा था बरेली के क्रांतिकारियों को संदेश**

● **बरेली में खान बहादुर खान के नेतृत्व में फूंका था क्रांति का बिगुल**

● **नवाब खान बहादुर खान ने बागी सैनिकों को सुनाया था गुप्त संदेश**

**अमृत विचार :** मेरठ छावनी में हुई क्रांति की खबर वैसे तो चार दिन बाद बरेली में 14 मई को पहुंची, लेकिन सही वक्त आने तक बगावत की ज्वाला को बरेली के बागियों ने अपने सीने में ही दबाकर रखा। आखिरकार 31 मई को नवाब खान बहादुर खान की कयादत में अगले 11 महीने तक पूरे रुहेलखंड से कंपनी हुकूमत को उखाड़ फेंकने के लिए क्रांति का बिगुल फूंका गया। इससे पहले नवाब खान बहादुर खान, सूबेदार बख्त खां और मुंशी शोभाराम ने बरेली छावनी के विशाल मैदान में जाकर बागी सैनिकों को पूरे देश में 1857 की क्रांति का नेतृत्व कर रहे आखिरी मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर का गोपनीय संदेश पढ़कर सुनाया। जिसने क्रांतिकारियों में जोश भरने का काम किया।

बरेली कॉलेज इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष जोगा सिंह होठी ने अपनी किताब महाक्रांति नायक नवाब खान बहादुर खान में आखिरी मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर के पत्र का जिक्र किया है। खत का मजमून कुछ इस तरह है- "बरेली और मुरादाबाद की पलटनों के सेनापतियों का हार्दिक अभिनंदन आलिंगन। भाइयों! दिल्ली में अंग्रेजों के खिलाफ जंग हो रही है। खुदा की दुआ से हमने अंग्रेजों को जो पहली शिकस्त दी है, उससे वे घबरा गए हैं। बेशुमार हिंदुस्तानी बहादुर दिल्ली में आकर जमा हो रहे हैं। ऐसे मौके पर अगर आप वहां खाना खा रहे हैं तो हाथ यहां आकर धोइये। आपका शहंशाह आपका इस्तकबाल करेगा और आपकी खिदमत का सिला देगा। हमारे कान इस तरह आपकी ओर लगे हुए हैं, जिस तरह रोजेदार के कान अजान देने वालों की पुकार की ओर लगे होते हैं। आपके दीदार की प्यासी हमारी आंखें इसी तरह सड़क पर लगी हैं, जिस तरह कासिद की आंखें लगी रहती हैं। आइये! आपका फर्ज है कि फौरन आइये। हमारा घर आपका घर है। भाइयों! आइये बिना, आपकी आमद के बहार में गुलाब के फूल नहीं आ सकते। बिना बारिश के कली नहीं खिल सकती। बिना दूध के बच्चा जी नहीं सकता।"



नवाब खान बहादुर खान की मजार। ● अमृत विचार

### गुमनामी में जी रहे नवाब के वंशज

1857 की क्रांति के 167 साल बीत चुके हैं लेकिन बरेली में क्रांति का नेतृत्व करने वाले शहीद-ए-आजम नवाब खान बहादुर खान के वंशज आज भी गुमनामी की जिंदगी गुजारने को मजबूर हैं। नवाब के वंशज लियाकत अली खान बताते हैं कि पहले तो खान बहादुर खान की मजार बदहाल थी लेकिन जबसे जेल के अंदर काम शुरू हुआ है तो मरम्मत आदि की गई है। वहीं अपने हालात सुनाते हुए वह कहते हैं कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का वंशज होने के नाते महज एक राशन की दुकान तीन साल पहले मिली थी। बेटी शगुफ्ता सरकारी राशन की दुकान चलाती हैं। जिसमें गुजारा भी नहीं हो पाता। दुकान पर महज 170 कार्ड हैं, जिसके कमीशन से दुकान का किराया निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

### 31 मई 1857 को क्रांति के दिन क्या हुआ

- सुबह चार बजे कैप्टन ब्राउनली का बंगला जला दिया गया
- पूर्वाहन 11 बजे तोपखाना लाइन में क्रांति के आगाज को तोप छूटी
- शाम 4 बजे तक बरेली कॉलेज प्रचार्य सी बक समेत कई अंग्रेज अफसरों की हत्या कर दी गई
- शाम 5 बजे तक बरेली पर क्रांतिकारियों का अधिकार हो गया
- देर शाम को हिंदू और मुसलमान भूड़ स्थित नवाब के आवास पर इकट्ठा हुए
- खान बहादुर खान को पूरे रुहेलखंड का नवाब घोषित किया गया
- 1 जून को भूड़ स्थित आवास से जुलूस निकालने और ताजपोशी का एलान हुआ

# खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306


## बिहार की किशोरी के लिए भिड़े बरात घर प्रबंधक और गोरक्षक, सात घायल

- पुलिस ने किशोरी को हिरासत में लेकर घायलों को इलाज को भेजा
- एक महिला ने बरातघर प्रबंधक को लाकर दी थी किशोरी

**नवाबगंज/क्योलड़िया, अमृत विचार :** क्योलड़िया थाना क्षेत्र में बिहार की एक किशोरी को लेकर गौरक्षक और बरात घर के प्रबंधक के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इस संघर्ष में दोनों ओर से सात लोग घायल हुए, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने किशोरी को हिरासत में लेने के साथ घायलों को इलाज के लिए भेज दिया। सीओ नवाबगंज ने क्योलड़िया थाने पर किशोरी से पूछताछ की।

एक गांव में बरात घर के प्रबंधक को एक महिला ने तीन दिन पहले बिहार से एक किशोरी (15) को लाकर दिया था, लेकिन तीन दिन बाद किसी तरह किशोरी बरात घर से भाग निकली। इसी दौरान उसे रास्ते में कुछ गोरक्षक मिले तो उन्होंने किशोरी से जानकारी की। इसी दौरान ही बरात घर प्रबंधक भी वहां आ गया और किशोरी को जबरन अपने साथ ले जाने लगा तो गोरक्षकों ने विरोध किया। गोरक्षकों ने जब प्रबंधक की पिटाई की तो उसने अपने साथी बुला लिए और गोरक्षकों की पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची क्योलड़िया पुलिस ने किशोरी को थाने भेजने के साथ ही घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भेजा, जहां से एक गोरक्षक की हालत खराब होने पर उसे बरेली रेफर कर दिया। थाना पुलिस की सूचना पर सीओ नवाबगंज हर्ष मोदी भी क्योलड़िया थाने पहुंचे और मामले की जानकारी की। सीओ हर्ष मोदी ने बताया कि विवाद में हुए घायलों को मेडिकल के लिए भेजने के साथ ही किशोरी से जानकारी करने का प्रयास किया जा रहा है पर किशोरी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है।

# दहेज हत्या : एक मामले में पति, सास-ससुर को उम्रकैद, दूसरे में 10-10 साल की कैद

## मांग पूरी न होने पर दोनों मामलों में फांसी पर लटकाकर कर दी गई थी हत्या

- दुर्गानगर में शादी के चार महीने बाद ही कर दी हत्या, भमोरा में साल भर बाद

**विधि संवाददाता, बरेली:** दहेज की मांग पूरी न होने पर दो विवाहिताओं को फांसी पर लटकाकर हत्या कर दिए जाने के दो अलग-अलग मामलों में जुर्म साबित होने के बाद अदालत ने पति और सास-ससुर को बृहस्पतिवार को सजा सुनाई। एक मामले में उम्रकैद और दूसरे में 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा दी गई। दोनों मामलों में आरोपियों पर 15-15 हजार का जुर्माना भी डाला गया।

शादी के चार महीने बाद ही हत्या कर दिए जाने की पहली घटना थाना बारादरी के दुर्गानगर इलाके में हुई थी जिसमें अपर सत्र न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने पति संजय शर्मा, और सास सुशीला देवी और ससुर ब्रह्मास्वरूप को उम्रकैद की सजा सुनाई। सरकारी वकील अनूप कोहरवाल के मुताबिक महेश चंद्र शर्मा ने थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी बहन की शादी संजय शर्मा के साथ 6 मई 2019 को की थी। शादी में 10 लाख रुपये भी खर्च किए लेकिन ससुराल वाले दहेज में कार की मांग करने लगे। दबाव बनाने के लिए उनकी बहन को भूखा रखकर मारपीट करते थे। 17 सितंबर 2019 की सुबह 8 बजे उन्हें सूचना मिली कि ससुराल वालों ने उनकी बहन को फांसी पर लटकाकर मार डाला है। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया था। अदालत ने बतौर मुआवजा जुर्माने की रकम में से 25 हजार रुपये महेश चंद्र को भी देने का आदेश दिया।

दूसरी घटना भमोरा में 2018 में हुई जिसमें जुर्म साबित होने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट अशोक कुमार यादव ने पति और सास-ससुर को 10 साल के कठोर कारावास और 15-15 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील हरेंद्र पाल सिंह के मुताबिक उझानी (बदायूं) के गांव नझियाई निवासी ईश्वर दयाल ने थाना भमोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी भतीजी सुमन की शादी वर्ष 2017 में आकाश के साथ की थी। सुमन के ससुराल वाले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। वे एक लाख रुपये के साथ पल्सर बाइक की मांग कर रहे थे। दहेज दे पाने से इन्कार किया तो उन्होंने सुमन के साथ मारपीट शुरू कर दी।

8 अगस्त 2018 को आकाश ने अपने माता-पिता के सहयोग से सुमन को फांसी पर लटकाकर मार दिया। सुमन की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी फांसी लगने से मौत होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने विवेचना के बाद पति आकाश, सास जमुना देवी और ससुर रामकिशोर के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। सरकारी वकील ने नौ गवाह पेश किए।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

BIUCOP BIU College of Pharmacy Bareilly Towards Professional Excellence

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


## हर सप्ताह महाराष्ट्र में ठिकाना बदलता था गोतस्कर समीर

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली के कुख्यात गोतस्कर और 50 हजार रुपये का इनामी समीर महाराष्ट्र में हर सप्ताह अपना ठिकाना बदलता था। एसटीएफ को पूछताछ में उसने बताया कि वह बरेली से बसें बदल-बदल कर महाराष्ट्र पहुंचा था। सेंथल निवासी समीर के खिलाफ हाफिजगंज पुलिस ने वर्ष 2023 में गोतस्करी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। इस मामले में सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन समीर फरार हो गया था। एसटीएफ की टीम ने आरोपी को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मुंब्रा थाना क्षेत्र के एक अपार्टमेंट से गिरफ्तार कर वहां की कोर्ट में पेश कर पांच दिन के ट्रांजिट रिमांड पर लेकर लखनऊ मुख्यालय लेकर आई है।

# डॉक्टर से अप्वाइंटमेंट दिलाने के बहाने लिंक भेजकर खाते से उड़ाए 99 हजार

- साइबर ठगों ने लिंक डाउनलोड कराकर डेटा कर लिया हैक

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने बुजुर्ग महिला के इलाज के लिए डॉक्टर से अप्वाइंटमेंट दिलाने के बहाने झांसे में ले लिया। इसके बाद लिंक भेजकर नौ दिन बाद खाते से 99 हजार 499 रुपये निकाल लिए। यही नहीं फोन कर रुपये निकलने की भी ठगों ने जानकारी दी। महिला की तहरीर पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सन सिटी विस्तार निवासी एयरफोर्स से रिटायर्ड मास्टर वारंट ऑफिसर बलवीर कौर ने बताया कि 21 मई की शाम 4.45 बजे उनके मोबाइल पर किसी का फोन आया। फोन उनके पति बचित्तर सिंह ने उठाया। फोन करने वाले ने उनके पति से बलवीर कौर का नाम पूछा। इसके बाद खुद बताया कि उनके खाते से 99,499 रुपये निकल गए हैं।

वह पांच मिनट में बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांच में गए और खाता चेक किया तो पता चला कि उनके खाते से चार बार में 99,499 रुपये निकल गए। उन्होंने तत्काल साइबर सेल में शिकायत की। बचित्तर सिंह ने बताया कि उनकी तबीयत खराब थी। वह दिल्ली में ऑनलाइन किसी डाक्टर के अप्वाइंटमेंट लेना चाहते थे। इसके लिए कुछ साइटों पर गए थे।

इसी संबंध में उनके पास पहले दो तीन कॉल आई थीं और फोन पर पूछा था कि डॉक्टर से अप्वाइंटमेंट चाहते हैं। ठगों ने कहा था कि 20 रुपये खर्च कर अप्वाइंटमेंट मिल जाएगा। इस पर एक युवक ने एक लिंक भेजा था। उस लिंक को उन्होंने डाउनलोड कर लिया। लिंक के डाउनलोड करते ही सारा डेटा ठग के पास चला गया। जिसके बाद उसने खाते से रुपये निकल लिए।

## टूर ट्रिप के बहाने बैंक प्रबंधक से 4.25 लाख रुपये की ठगी

- टिकट निरस्त कराने के बाद भी नहीं लौटा रहा है रकम

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में महिला बैंक प्रबंधक से लखनऊ की टूर ट्रिप कंपनी के प्रोपराइटर ने 4.25 लाख रुपये ठग लिए। बैंक प्रबंधक से पैसे लेने के बाद भी वापसी के टिकट नहीं दिए। बैंक प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मिनी बाईपास के पास ग्रीन सिटी में रहने वाली पूनम गौतम स्टेट बैंक की कुतुबखाना शाखा में प्रबंधक हैं। उनके मुताबिक बैंक की ओर से चार साल बाद उन्हें टूर पैकेज की सुविधा प्रदान की जाती है। लखनऊ के द यूनिवर्सल ट्रिप के प्रोपराइटर गोपाल गुप्ता ने फरवरी में उनसे संपर्क कर आकर्षक टूर पैकेज का ऑफर दिया। उन्होंने 20 से 31 मई तक उत्तर पूर्व भारत घूमने का टूर पैकेज फाइनल किया। इसके लिए 25 हजार रुपये एडवांस दिए। उन्होंने टिकट के लिए दो लाख रुपये उसके खाते में डाले। इसके बाद एक लाख रुपये और लिए। इसके बाद उन्हें 11 मई को दो टिकट दिए। इसमें कोलकाता जाने का टिकट दिया लेकिन वहां से वापसी का टिकट नहीं दिया। आरोप है कि गोपाल गुप्ता ने बहाने से इसके बाद भी एक लाख रुपये और ले लिए। इस तरह 4.25 लाख रुपये उसके पास पहुंच गए। इसके बाद भी उसने पूरे टिकट और बाउचर नहीं दिए और फोन उठाना भी बंद कर दिया। जब इसके बारे में जानकारी की तो पता चला कि गोपाल गुप्ता इसी तरह से लोगों के साथ ठगी करता है। टूर पर ले जाकर लोगों को छोड़ देता है। फोन न उठाने पर शाखा प्रबंधक ने 19 मई को टूर निरस्त करने का मेसेज किया। काफी कहने के बाद 20 मई को उसने टिकट निरस्त कराए लेकिन उसका भुगतान वापस नहीं किया। पूनम की शिकायत पर पुलिस ने गोपाल गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**बरेली, अमृत विचार :** चौकी चौराहे के पास इनकम टैक्स ऑफिस के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में ले लिया है। कार सवार मोहित ने बताया कि गुरुवार शाम करीब 4 बजे पेट्रोल पंप से तेज डलवाने के बाद निकलते समय अचानक ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक की स्पीड काफी तेज थी। टक्कर लगने के बाद कार कई बार एक ही जगह पर घूम गई गनीमत रही कि कार में सवार चारों लोगों को कुछ नहीं हुआ।

### कैंसर पीड़ित को पीटा, मुंह में रॉड डालने से बढ़ा जख्म

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में दबंगों ने घर में घुसकर कैंसर पीड़ित के साथ मारपीट की। उनके मुंह में रॉड डाल दी, जिससे कैंसर का घाव बड़ा हो गया। जब उन्हें बचाने घर की महिलाएं आईं तो उनके साथ भी मारपीट और छेड़छाड़ की। कैंसर पीड़ित ने अपने परिजनों के साथ एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। कैंसर पीड़ित का आरोप है कि 17 मई की सुबह 11 बजे मोहल्ले के ही तीन लोगों ने रंजिशन गाली-गलौज की। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी वहां से चले गए लेकिन थोड़ी देर बाद दोबारा आधा दर्जन साथियों के साथ आ धमके और मारपीट की। आरोप है कि उनके मुंह में कैंसर वाले स्थान पर लोहे की रॉड से वार किया, जिससे कैंसर में जख्म खुल गया। बीच-बचीव करने पहुंची महिलाओं के साथ भी मारपीट और छेड़छाड़ की। मामले में स्थानीय पुलिस से शिकायत की गई लेकिन, कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि 20 मई को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की गई। इसकी जानकारी होने पर दूसरे पक्ष ने 21 मई को बारादरी थाने में पीड़ित परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। मामले में गुरुवार को कैंसर पीड़ित ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### कुरान की तौहीन करने वाले शख्स पर हो कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात की ओर से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कुरान की तौहीन करने वाले शख्स पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बताया कि पिछले दिनों हरिद्वार में समीर नाम के एक पूर्व मुस्लिम युवक ने कुरान जैसी पवित्र किताब की तौहीन की है। इससे पहले भी धर्म संसद के जरिए मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा चुकी है। कई दिन गुजर जाने के बावजूद युवक के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा युवक की गिरफ्तारी उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### 16 ओवरलोड वाहनों के चालान, तीन किए सीज

**बरेली, अमृत विचार :** ओवरलोड वाहनों के खिलाफ आरटीओ ने एआरटीओ के साथ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 16 वाहनों के चालान और तीन सीज किए। परिवहन आयुक्त की सख्ती के बाद गुरुवार की शाम को आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने एआरटीओ प्रशासन एवं प्रवर्तन मनोज सिंह के साथ बड़ा बाईपास और इन्वर्टिस तिराहे के पास ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 16 ओवरलोड वाहनों के चालान कर दो ट्रक और एक डग्गामार बस को सीज किया।

### किन्नर बताकर तलाक देने वाले पति समेत चार पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में सुहागरात वाले दिन ही पत्नी को किन्नर बताकर तीन तलाक देने वाले पति समेत तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे पहले थाने में दोनों पक्षों की तरफ से कई दिनों तक पंचायतें चलती रहीं, लेकिन बात नहीं बनी। थाना क्षेत्र निवासी युवती का निकाह भोजीपुरा के मौलाना मुश्ताक खां से 19 मई को हुआ था। निकाह के बाद युवती विदा होकर ससुराल गई तो पहली रात में पति ने उसे किन्नर बताते हुए हंगामा कर दिया और संबंध बनाने से इन्कार कर दिया। इसके बाद पति और ससुराल वालों ने दुल्हन की पिटाई की। अगले दिन दुल्हन की बहन विदा कराने गई तो मुश्ताक उसे ज्यादा खूबसूरत बताकर उससे निकाह करने की बात कहने लगा।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

FOPS Faculty of Paramedical Sciences Bareilly Towards Professional Excellence

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण

स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि

पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST

साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST

साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-

0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006


## एग्रो फार्म की जमीन बेचने के बहाने धोखाधड़ी

- कामधेनु फार्म लिमिटेड मालिक समेत छह पर रिपोर्ट, 20 लाख मांगने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** एग्रो फार्म की जमीन का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के बावजूद दूसरे को बेचने के मामले में बीएल कामधेनु फार्म लिमिटेड के मालिक समेत छह लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि आरोपियों ने 20 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी थी।

स्टेशन रोड सिविल लाइंस निवासी राजेश कुमार गुप्ता के मुताबिक उनके साथी विजय कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार गुप्ता, अनुराग शर्मा अपने-अपने एग्रो फार्म चलाते हैं। सभी ने मिलकर 2013 में बिहारीपुर सिविल लाइंस के रोहित टंडन और उनकी मां किरण देवी से मीरगंज के कुरतरा गांव में एक जमीन का सौदा किया था। आरोप है कि 18 जून 2013 को रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कराया। रोहित टंडन और किरण देवी ने बताया था कि वह रजिस्टर्ड वसीयत के जरिए उसकी मालिक हैं। 19 जून 2018 को किरण देवी और रोहित टंडन ने कहा कि बैनामे की मियाद बढ़ा लेते हैं। 20 अप्रैल 2024 को उन्हें पता लगा कि रोहित टंडन, किरण देवी ने दोबारा रजिस्टर्ड एग्रीमेंट बीएल कामधेनु फॉर्म्स के मालिक अजय भट्ट के जरिए कर दिया है। पता लगा कि रोहित टंडन और किरण देवी ने अब्दुल मजीद, हबीब, अजय भट्ट बीएल कामधेनु के साथ मिलकर साजिश रच कर जमीन के कागजात तैयार कर उनकी रजिस्ट्री कर दी। उन्होंने अपने रुपये वापस करने को कहा तो 10 मई रात 9 बजे रोहित टंडन उनके साथी हमलावरों ने गाली गलौज मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और 20 लख रुपये की रंगदारी मांगी।

मामले की शिकायत पुलिस से की गई। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रोहित टंडन, उनकी मां किरण देवी, पत्नी विनोद टंडन, अजय भट्ट निवासी भट्ट कॉलोनी, इंदिरानगर परसाखेड़ा में बीएल कामधेनु फार्म लिमिटेड के मालिक, बाजार संदल खान निवासी अब्दुल मजीद और उसके पिता अब्दुल हबीब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

## शौच जा रही युवती से छेड़छाड़, विरोध पर परिजनों को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में शौच को जा रही युवती के साथ दो भाइयों समेत चार लोगों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट की। जब युवती के घर वाले आरोपियों के घर शिकायत करने गए तो परिवार पर लाठी-डंडे और पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने दो भाइयों समेत चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक व्यक्ति के मुताबिक उनकी बेटी 27 मई की रात करीब नौ बजे रेलवे लाइन के पार शौच के लिए गई थी। रेलवे लाइन के पास करेली निवासी सुरेंद्र सिंह, उसका भाई राजेंद्र, सियापाल और उसका बेटा हरद्वारी शराब पी रहे थे। सभी ने बेटी से अश्लील शब्द किए और उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की।

## एक नजर

### सरकारी भूमि से ट्रांसफार्मर हटवाने का बना रहा दबाव

**सिरौली, अमृत विचार :** ग्राम गुरुवा के लोगों ने बिजली अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर मांग की है कि बीस साल से गांव में जहां ट्रांसफार्मर लगा है, उसे वहीं रहने दिया जाए। क्योंकि गांव के कुछ लोग वहां से हटवाकर दूसरी जगह रखवाना चाहते हैं। आरोप है कि एक युवक ने ट्रांसफार्मर को अपनी ट्रॉली पर रखवा लिया है। इस मामले में बिजली अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि जहां पर ट्रांसफार्मर है वहीं पर रखा रहेगा।

### निकाह का झांसा देकर किया दुष्कर्म, अब मुकरा

**दुनका, अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि एक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर चार साल तक शोषण किया, अब वह निकाह से मुकर रहा हैं। पीड़िता के घर वालों ने जब आरोपी के घर जाकर निकाह के लिए कहा तो आरोपी और उसके परिजन तैयार नहीं हुए। इसके साथ ही आरोपी के घर वाले उसे मारपीट कर भगा दिया। पीड़िता ने डायल 112 नंबर पर फोन करके पुलिस बुलाई, इसके साथ ही आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

### वैश्य समाज ने उमेश गुप्ता के निधन पर जताया शोक

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सर्व वैश्य समाज विवाह मंच के सदस्य रामलीला सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष उमेश गुप्ता के निधन पर वैश्य समाज ने शोक संवेदना व्यक्त की है। संगठन के संस्थापक आदित्य विभु गुप्ता के आवास पर हुई एक शोक सभा में संगठन के अध्यक्ष राकेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, रामलीला सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता, अंशु गुप्ता सुमित गुप्ता, सचिन समेत अन्य रहे।

# बिजली विभाग के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, सबस्टेशन पर प्रदर्शन, ताला लगाया

## तीन दिन से फुंका पड़ा ट्रांसफार्मर नहीं बदला तो गर्मी से परेशान लोगों ने जमकर किया हंगामा

संवाददाता, मीरगंज

- गांव के दोनों ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण परेशान
- अवर अभियंता ने ट्रांसफार्मर भिजवाया तो हुए शांत

**अमृत विचार :** मीरगंज के गांव मंडवा वंशीपुर के दो ट्रांसफार्मर तीन दिन से खराब होने के चलते ग्रामीणों को भीषण गर्मी में बिजली नहीं मिल रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन कर गेट पर ताला लगा दिया। अधिकारियों के समझाने पर ग्रामीण शांत हुए, इसके बाद दो ट्रांसफार्मर गांव भिजवा दिए गए।

गांव मंडवा वंशीपुर गांव के दो ट्रांसफार्मर तीन दिन से खराब हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव की बिजली सप्लाई ठप है। भीषण गर्मी में बिजली न मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। गुरुवार दोपहर आक्रोशित ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे नारेबाजी कर उपकेंद्र का गेट बंद कर दिया। उस समय जेई और कर्मचारी उपकेंद्र में मौजूद थे। उपखंड अधिकारी उपकेंद्र पहुंचे तब गेट बंद था। काफी देर तक ग्रामीणों ने गेट नहीं खोला। एसडीओ ओर जेई के समझाने पर ग्रामीण शांत हुए।

ग्रामीणों के गेट खोलने पर एसडीओ उपकेंद्र पहुंचे तो ग्रामीणों गांव के खराब ट्रांसफार्मर तत्काल बदलवाने की मांग की। एसडीओ जसीम अख्तर ने ग्रामीणों को नए ट्रांसफार्मर लगवाने का आश्वासन दिया। एसडीओ और जेई के समझाने पर ग्रामीण गांव लौट गए। अवर अभियंता सोमप्रकाश ने बताया मंडवा वंशीपुर के दो ट्रांसफार्मर खराब थे। ट्रांसफार्मर फुंकने के तुरंत बाद नए ट्रांसफार्मरों की डिमांड कर दी गई थी। स्टोर से गुरुवार को दोनों ट्रांसफार्मर मिल गए। कर्मचारी ट्रांसफार्मर लेकर गांव पहुंचे। ट्रांसफार्मर लगने के बाद गांव की विद्युत आपूर्ति सुचारू हो जाएगी।

### आंधी से हाईटेंशन लाइन पर गिरा पेड़, सप्लाई ठप



**शीशगढ़, अमृत विचार :** शीशगढ़ क्षेत्र में गुरुवार सुबह आई आंधी से क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हो गई। ढकिया डैम के पास से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइन पर पेड़ गिरने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं है। सीमेंट के पोल टूट गए हैं। लाइन दुरुस्त करने के लिए टीम जुटी हुई है। ग्रामीण पूरे दिन गर्मी में परेशान होते रहे। अधिकारियों का कहना है कि लाइन सही करने में टीम को लगाया गया है, जल्द ही सप्लाई बहाल कर दी जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि एक सप्ताह से भीषण गर्मी में बिजली कटौती और लो वोल्टेज से लोग पहले से ही परेशान थे। अब रही सही कसर आंधी ने पूरी कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार रात 11 बजे बिजली जाने के बाद गुरुवार सुबह आई आंधी से लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से सप्लाई बाधित हो गई। जेई ग्रीस कुमार ने बताया कि आंधी में ढकिया डैम के पास हाईटेंशन लाइन पर पेड़ गिरने से पूरी लाइन क्षतिग्रस्त हो गईं है। टीम लगी हुई है, मरम्मत कार्य चल रहा है। जल्द ही सप्लाई बहाल हो जाएगी।

## सार-संक्षेप

### ट्रक पलटा हेल्पर की मौत, चालक गंभीर घायल

**देवरनियां, अमृत विचार :** भमोरा कस्बे का रहने वाला कमल बाबू (18) ट्रक पर हेल्पर का कार्य करता था। वह चालक धर्मपाल रुद्रपुर से रेता बजरी लेकर बदायूं जा रहे थे। कोतवाली क्षेत्र के कनमन गांव के पास हाईवे पर अचानक ट्रक पलट गया, जिससे कमल बाबू की दबकर ही मौत हो गई। जबकी चालक धर्मपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल चालक को इलाज के लि, जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जेब में रखे काग जात की मदद से मृतक व घायल के परिजनों को सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

### किशोरी और आरोपी को पुलिस ने हरियाणा से पकड़ा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** दो दिन पहले एक गांव से दूसरे समुदाय का युवक एक किशोरी को भगा ले गया था। फतेहगंज पश्चिमी पुलिस बुधवार रात को किशोरी समेत युवक को हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी का मेडिकल कराकर 161 के बयान के बाद उसको वन स्टाप सेंटर छोड़ दिया है। आरोपी मोनिस अंसारी को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत उसे शुक्रवार को जेल भेजा जाएगा। मोनिस अंसारी गांव की 15 वर्षीय किशोरी को लेकर फरार हो गया था, जिससे दोनों समुदाय के बीच तनाव बना हुआ था। सीओ हाईवे नितिन कुमार और थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने फोर्स के साथ गांव जाकर स्तिथि को सामान्य किया था। आरोपी युवक के मोबाइल की लोकेशन लेकर पुलिस टीम ने दोनों का पीछा किया। बीच-बीच मोबाइल बंद होने से टीम को दिक्कत का सामना करना पड़ा। शातिर रुद्रपुर, नैनीताल फिर हरियाणा किशोरी को लेकर पहुंच गया। पुलिस ने बुधवार रात को लड़की समेत मोनिस अंसारी को हिरासत में ले लिया। हालांकि पुलिस ने युवक की गिरफ्तारी हाईवे धनेटा से दिखाई है।

### व्यापारी से लूट के मामले में 24 घंटे बाद रिपोर्ट दर्ज

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** किराना व्यापारी से लूटपाट और मारपीट के मामले में पुलिस ने अधिकारियों की फटकार के बाद रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन 24 घंटे बाद भी खाली हाथ है। दुकान बंद कर लौट रहे किराना व्यापारी को चार बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने गांव से कुछ दूर पहले ही तमंचे की नोक पर मारपीट कर बीस हजार रुपये दो मोबाइल और बाइक लूट कर भाग गए थे। किसी तरह व्यापारी ने अपने हाथ-पैर खोलकर घर पहुंचा था। अगले दिन पुलिस ने लूट की घटना को ही संदिग्ध मानते हुए पीड़ित को थाने से लौटा दिया था। इसके बाद पीड़ित ने विधायक के यहां पहुंचकर पूरी जानकारी दी। इस पर विधायक ने एसएसपी को फोन कर थाना प्रभारी की कार्यशैली बताई। इसके बाद उच्च अधिकारी सीओ के साथ घटनास्थल का मौका मुआयना के बाद पीड़ित व्यापारी से पूछताछ की। अधिकारियों की फटकार के बाद क्योलड़िया पुलिस ने लूट का लूट की रिपोर्ट दर्ज की, लेकिन 24 घंटे बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। प्रभारी निरीक्षक इस घटना को संदिग्ध मानकर चल रही हैं।

# करंट लगने से लाइनमैन की मौत

संवाददाता, बहेड़ी

- पोल पर चढ़ते समय लगा करंट इलाज के दौरान दम तोड़ा

**अमृत विचार :** साप्ताहिक हाट के निकट स्थित ट्रांसफार्मर में आई कमी को दूर करने के दौरान पोल पर उतरे करंट की चपेट में आकर संविदा लाइनमैन भूप सिंह (32) की मौत हो गई।

संविदा कर्मी ने ट्रांसफार्मर को ठीक करने के लिए पावर हाउस से शटडाउन लिया था। ट्रांसफार्मर तक पहुंचने के लिए उन्होंने पोल पर चढ़कर सपोर्ट लिया इसी दौरान पोल में करंट उतर आने से भूप सिंह सिर के बल जमीन पर आ गिरे। गंभीर रूप से घायल बिजली कर्मचारी को चिकित्सक के पास ले जाया गया पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। शेरगढ़ रोड स्थित गांव इटौआ धुरा निवासी भूप सिंह पिछले एक दशक से बिजली विभाग में संविदा पर काम कर रहे थे। सभासद तरण कालरा, सलीम चंदा, ताहिर पप्पू समेत अन्य ने इस घटना पर शोक जताया। सभासद ताहिर ने लाइन मैन के परिवार को मुआवजा देने की मांग की। सूचना मिलने पर एसएन चमन प्रकाश, एसडीओ अमित गंगवार, जेई रमेश सैनी बरेली पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। भूपराम के दो अन्य भाई महेंद्र और रूपचंद भी संविदा पर बतौर लाइनमैन काम कर रहे हैं।

### राइस मिल के पट्टे मे फंसकर मजदूर की जान गई

**देवरनियां, अमृत विचार :** कस्बा रिछा स्थित एक राइस मिल में काम कर रहे मजदूर की पट्टे में फंसने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नवाबगंज के गांव टाहा प्यारी नवादा निवासी याकूब शाह (60) दस साल से रिछा स्थित एक राइस मिल में काम करते थे। गुरुवार सुबह वह मिल में काम करने के लिए गए थे। काम करते समय याकूब शाह का गमछा मिल के पट्टे मे फंस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर सीओ बहेड़ी अरुण कुमार, इंस्पेक्टर देवरनियां देवेंद्र सिंह धामा, और रिछा चौकी इंचार्ज श्रीषचन्द्र यादव मौके पर पहुंचे और जांच के बाद शव को का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी इंचार्ज श्रीषचंद्र यादव ने बताया कि अभी परिजनों ने कुछ लिखकर नहीं दिया है। बाकी हादसे की जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।


सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरैपी
हकलाना/तुतलाना आटिस्म



आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

जड़ से इलाज
तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136


### सचिव पर लगाया केसीसी की राशि हड़पने का आरोप

**दुनका, अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के लालपुर साधन क्षेत्रीय कृषि सेवा सहकारी समिति के सचिव पर किसान ने केसीसी की राशि हड़पने का आरोप लगाया है। किसान का कहना है पूछने सचिव ने झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित ने इसकी शिकायत सीएम पोर्टल और एसएसपी से की है। खजुरिया निवासी प्रेमपाल ने बताया लालपुर साधन क्षेत्रीय कृषि सेवा सहकारी समिति लिमिटेड में मेरी पत्नी सदस्य है। समिति से मैंने 8 जून 2023 को 90000 और मेरी पत्नी ने 35000 का ऋण लिया था। 29 मई को मैं पत्नी के साथ केसीसी के रुपये जमा करने गए थे। समिति के सचिव आदेश कुमार ने ब्याज सहित 133585 रुपये बताएं। हमने केसीसी के 133585 रुपये सचिव आदेश कुमार को दे दिए। बदले में उन्होंने हमें 128785 की रशिद दी। हमें 4800 रुपए कम की रसीद दी। उस राशि को भी सचिव ने केसीसी खाते में जमा नहीं की। किसान ने 4800 कम जमा होने के बारे में पूछा तो सचिव आग बबूला हो गया उसने तुरंत 4800 रुपये जिला सहकारी बैंक फतेहगंज पश्चिमी खाते में डाल दिए। किसान ने दोबारा केसीसी फाइल करने को सचिव से कहा तो उसने मना कर दिया, आरोप है सचिव दोबारा फाइल करने के 20 फीसदी रिश्वत मांग रहा है। रिश्वत न देने पर किसान और सचिव में कहासुनी हो गई। किसान का आरोप है सचिव और उसके भाई ने उसे गालियां दी, विरोध करने पर सरकारी काम में बाधा कागजात व नगदी लूटने का आरोप लगाकर झूठे मुकदमे में फंसने की धमकी दी। जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की गई है। सचिव ने बताया आरोप सरासर गलत है जब सोसाएटी पर आए तब हिसाब किताब के बीच कहां सुनी हो गई थी।

### ड्रग इंस्पेक्टर के छापे की सूचना से मचा हड़कंप

**आंवला, अमृत विचार :** ड्रग इंस्पेक्टर के छापे सूचना पर मेडिकल संचालकों में हड़कंप मच गया। संचालक मेडिकल बंद कर फरार हो गए। ड्रग इंस्पेक्टर बरेली राजेश यादव गुरुवार को अपनी टीम के साथ आंवला पहुंचे और मेडिकल स्टोरों पर चेकिंग की। उन्होंने वजीरगंज स्टैंड के समीप, रेलवे स्टेशन रोड के मेडिकल चेक किए। इंस्पेक्टर ने बताया कि चेकिंग के दौरान सभी मेडिकल सही पाए गए। मेडिकल संचालकों से स्टॉक रजिस्टर रखने और ग्राहकों को बिल देने आदि निर्देश दिए है। जो मेडिकल संचालक बंद करके चले गए हैं, उन्हें नोटिस भेजे जाएंगे।

# एसडीएम के आदेश के बाद भी देर से पहुंची एंबुलेंस

संवाददाता, आंवला

- गर्मी की वजह से गश खाकर गिर गया था मानसिक रोगी

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी और तेज धूप की तपन से एक मानसिक रोगी गश खाकर गिर गया। इसकी सूचना पर एसडीएम ने लेखपाल को भेजकर रोगी को अस्पताल भिजवाने को कहा। लेखपाल समेत स्थानीय लोग एंबुलेंस को फोन करते रहे परंतु एंबुलेंस नहीं पहुंची, थक हारकर पुलिस की गाड़ी से उसे अस्पताल भिजवाया गया।

आंवला के केशव धाम कॉलोनी में तीन-चार दिनों से एक मानसिक रोगी टहल रहा था। वहां के लोग उसे खाने-पीने को दे देते थे। इसलिए वह वहीं रूकने लगा। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे वह कॉलोनी गेट पर गश खाकर गिर गया। बेहोश होने पर लोगों ने एसडीएम को सूचना दे दी। एसडीएम ने तत्काल कस्बा लेखपाल को मौके पर भेजा। कॉलोनी वासियों ने बताया कि वह युवक मानसिक रोगी है, धूप में रहने के कारण गश खाकर गिर गया है। लेखपाल और स्थानीय लोगों ने डायल 102 और 108 पर कॉल कर एंबुलेंस भेजने की अपील की, परंतु एंबुलेंस नहीं पहुंची। लोगों ने डायल 112 पर कॉल कर दिया।

इसी दौरान कस्बा चौकी पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस कर्मी रोगी को गाड़ी से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रोगी के गंभीर होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। रोगी को जिला अस्पताल भेजने के लिए पुनः एंबुलेंस को फोन किया गया। परंतु करीब डेढ़ घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। इस मामले से एसडीएम को अवगत कराया गया। एसडीएम की नाराजगी के बाद अस्पताल स्टाफ ने भमोरा से एंबुलेंस बुलवाई और रोगी को जिला अस्पताल भेजा। आंवला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 की दो और 102 की एक गाड़ी है। अस्पताल में मौजूद रोगियों ने बताया कि एंबुलेंस की व्यवस्था राम भरोसे है। जरूरत पर एंबुलेंस बिजी ही होती है।

> गर्मी से बेहोश हुए मानसिक रोगी को अस्पताल पहुंचाने के लिए डायल 108 और 102 पर फोन कर एंबुलेंस को भेजने की अपील की गई थी। एबुलेंस के न आने पर डायल 112 पुलिस की सहायता से रोगी को अस्पताल पहुंचाया गया।
> –**सुमोद चौहान**, लेखपाल आंवला

> समय से एंबुलेंस न मिलने का मामला सज्ञान में आया है। इस मामले में जिम्मेदारों से जवाब मांगा जाएगा।
> – **नहने राम**, एसडीएम आंवला


अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र बंटी गंगवार को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नरेन्द्र पाल पुत्र श्री बांधूराम निवासी ग्राम सहोड़ा थाना शीशगढ़ तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

सूचना
सूचित किया जाता है कि NIOS Board October 2023 कक्षा 12 Reference Number 411230289 II के आवेदन में मेरा नाम भूलवश Siddharth Shuklaaj दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम Siddharth Shukla है। **सिद्धार्थ शुक्ला पुत्र अजय कुमार शुक्ला निवासी कसमरा तहसील पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र उस्मान हुसैन व उसकी पत्नी नन्हीं को उनके गलत संगत व दुर्व्यवहार के कारण तंग आकर समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का उनसे कोई संबंध नहीं होगा। **इकबाल पुत्र श्री अब्दुल गनी, निवासी ग्राम बूँची, थाना शीशगढ़, तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 1997 अनुक्रमांक 0416413 का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिला है। **मिलन भट्ट पुत्री श्री गगन राज भट्ट निवासी खजांची मोहल्ला अल्मोड़ा, पोस्ट तहसील व जिला अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जानकी देवी हायर सेकेन्ड्री स्कूल भण्डसर (बरेली) की प्रबन्ध समिति का चुनाव दिनांक 22.08.2024 दिन बृहस्पतिवार को सुबह 11:00 बजे पीठासीन अधिकारी की देख-रेख में विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न होगा। प्रथम चरण में नामांकन एवं नाम वापसी तथा द्वितीय चरण में मतदान मतगणना तथा चयनित पदाधिकारियों एवं सदस्यों की घोषणा होगी।
**अध्यक्ष-साधारण सभा**
**श्रीमती जानकी देवी हायर सेकेन्ड्री स्कूल**


### मनचले ने किशोरी को तेजाब डालकर जलाने की दी धमकी

**फरीदपुर, अमृत विचार :** चार दिन पहले खेत पर चाय देने जा रही किशोरी को रास्ते में समुदाय विशेष के मनचले ने छेड़खानी की। किशोरी के भाई ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी तो आरोपी ने डरा धमकाकर समझौता कर लिया। गुरुवार सुबह खेत जा रही किशोरी से मनचले ने फिर छेड़खानी की। उसका हाथ पकड़कर जबरन ले जाने लगा, किशोरी के विरोध करने पर आरोपी ने तेजाब डालने की धमकी दी। डरी किशोरी ने परिवार के साथ थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी, पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही हैं। किशोरी ने बताया कि वह रोज खेत पर चाय नाश्ता देने जाती है, मोहल्ला कस्साबान निवासी तौफीक रास्ते में उससे छेड़खानी करता है, जिसकी शिकायत उसके भाई ने 26 मई को पुलिस से की। इसके बाद आरोपी तौफीक ने डरा धमकाकर उसके भाई से समझौता कर लिया। चार दिन बाद फिर उसने उससे अश्लीलता की।

# तहसील परिसर में खूब चले लात-घूंसे

संवाददाता, नवाबगंज

- पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों को लिया हिरासत में

**अमृत विचार :** पारिवारिक बंटवारे की जमीन के बैनामे को लेकर गुरुवार को तहसील परिसर में दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिससे एक युवक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के 8 लोगों को शांति भंग में हिरासत में लिया है।

नवाबगंज के मोहल्ला प्रेमनगर बंजारान निवासी मो. उवैस का आरोप है कि उसके चाचा वकील अहमद भूमि के बंटवारे के बाद ससुराल धोरा टांडा में रहने लगे थे। बंटवारे के बाद कुछ हिस्सा जमीन उसे मिली थी, इसके बदले में उसने 50 हजार रुपये भी दिए थे, लेकिन इस भूमि पर परिवार के सभी लोगों के नाम दर्ज हैं। गुरुवार दोपहर में वकील अहमद इस भूमि का किसी अन्य को बैनामा करने आए थे और विरोध को देखते हुए अपने परिवार के सदस्यों को भी साथ लाए थे। जिसकी भनक लगने पर वह और उसका तहेरा भाई जलीस ने पहुंचकर विरोध किया। वकील अहमद पक्ष के लोगों ने उवैस को तहसील परिसर में ही पीट दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। तहसील परिसर में हुए विवाद से हड़कंप मच गया। मो. उवैस की ओर से चाचा वकील अहमद, उनके पुत्रों अकील, अलीम, वसीम, फहीम व नईम के साथ ही ईसापुर के पूर्व प्रधान इफ्तखार पुत्र अकील के विरुद्ध तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस दोनों पक्षों के 8 के विरुद्ध निरोधात्मक व शान्ति भंग में हिरासत में ले लिया।



तहसील में युवक को पीटते लोग।

### बच्चे को डंडे से पीटा

**बहेड़ी, अमृत विचार :** एक डनलप चलाने वाले ने रास्ते से न हटने पर एक चार साल के बच्चे को डंडे से बुरी तरह से पीट दिया, जिससे उसे गंभीर चोट लग गई। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बहेड़ी के मोहल्ला जाजूनागर निवासी खैरून्निशा ने बताया कि उसका चार साल का पोता अरसलान मस्जिद के निकट बच्चों के साथ खेल रहा था। उसी दौरान मोहल्ले का ही एक युवक मिट्टी से भरा डनलप लेकर गुजरा। आरोप है सामने से हटने की आवाज न सुनने पर उसने बच्चे को जानवर हांकने वाले डंडे से पिटाई कर दी, उसमें लगी कील से उसे चुभ गई।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**देवरनियां, अमृत विचार :** देवरनियां कोतवाली क्षेत्र के करनपुर गांव में एक युवक का फंदे से लटका शव मिला। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया। करनपुर निवासी अमित कुमार का शव फंदे से लटका मिला। मृतक अमित के ससुर भोजपुर निवासी प्रेमपाल ने बताया कि मंगलवार रात 12 बजे उसकी पुत्री के जेठ का फोन आया कि उसके दामाद ने आत्महत्या कर ली। जब वह वहां पहुंचे तो पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। और उसको अंतिम संस्कार में शामिल होने से पुलिस ने रोक लिया। उनका कहना कि एक माह पहले ही उसकी पुत्री की मौत हो चुकी है। उसकी पुत्री की दो पुत्रियां दिव्या (2) और तान्या (6 माह) है। उसकी पुत्री की भी गृह क्लेश से मौत हुई थी। उसने इसकी सूचना देवरनियां पुलिस को दी। पुलिस के कार्रवाई नहीं करने उन्होंने सीओ को प्रार्थना पत्र दिया हैं। सीओ ने भी यह कहकर वापस कर दिया कि इसमें घर वाले कार्रवाई की मांग करेंगे, तब कार्रवाई होगी।


प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहेलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# पेट दर्द से किशोरी मौत, हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस

संवाददाता, भमोरा

- डीएम के आदेश से कब्र से शव निकालकर होगा पोस्टमार्टम

**अमृत विचार :** भमोरा क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई, गांव के किसी युवक ने पुलिस को बेटी की हत्या कर शव दफनाने को ले जाने की सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस को परिवार में केवल महिलाएं मिली। महिलाओं ने बताया पेट दर्द होने से बेटी की मौत हो गई, जिसे दफनाने ले गए हैं पर कहां ले गए हैं यह नहीं बताया काफी खोजबीन के बाद पता चला रामगंगा घाट पर ले गए है। एसडीएम और सीओ ने घटनास्थल का मुआयना किया, परिजनों को हिदायत दी कि कब्र से छेड़छाड़ न की जाए। एसडीएम ने बताया कि डीएम के आदेश के बाद शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जाएगा।

भमोरा क्षेत्र के एक कक्षा 9 की छात्रा की गुरुवार दोपहर 2:00 बजे घर पर ही मौत हो गई। परिजन शव को दफनाने के लिए ले गए थे तभी किसी ने पुलिस को फोन कर या सूचना दी, की बेटे की हत्या कर शव को दफनाया जा रहा है। सूचना पर पहुंची भमोरा पुलिस को छात्रा की मां ने बताया की दोपहर में पेट दर्द होने से तबीयत खराब हो गई थी, जिस कारण से उसकी मौत हो गई। काफी पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि रामगंगा घाट पर शव को दफनाने ले गए है जहां पहुंची पुलिस ने शव को गड्ढे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

> परिजनों ने शव को दफन कर दिया है। डीएम से अनुमति मांगी गई है। अनुमति के उपरांत शव निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी
> –**राकेश कुमार**, थानाध्यक्ष भमोरा

### पुलिस ने गोतस्कर के पैर में मारी गोली, तीन पकड़े

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट पुलिस को देखते ही गोतस्कर फायरिंग करने लगे, जवाबी फायरिंग में एक तस्कर के पैर में गोली लग गई, तीन गोतस्करों को दबोच लिया। अंधेरे का फायदा उठाकर तीन भाग गए। पुलिस ने एक कार, छुरे समेत अन्य सामान बरामद किया है। कैंट थाना प्रभारी जग नारायण पांडेय ने बताया कि बुधवार रात को गश्त के दौरान उन्हें सूचना मिली कि बुखारपुरा मोड़ के पास वृंदावन कालोनी में कुछ लोग एक सांड़ का वध करने की तैयारी में हैं। पुलिस वहां पहुंची तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने दो फायर किए। इसमें एक गोली तस्कर के पैर में लगी। घायल समेत तीन तस्करों को पुलिस ने पकड़ लिया, जबकि तीन भाग गए। पकड़े गए तस्करों की पहचान पीर बहोड़ा के फरमान उर्फ चुन्ना, फरीदपुर के फर्रखपुर गांव का वहीद उर्फ आदिया और मझौआ गांव का गुलाम रसूल के रूप में हुई। घायल फरमान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपियों ने गत रविवार रात को गोकशी करने की बात स्वीकार किया है। बताया कि गोकशी करने के बाद बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैलानी में रहने वाले एक युवक को 13 हजार रुपये में गोमांस बेचा था। एसपी सिटी राहुल भाटी का कहना है कि देर रात कैंट क्षेत्र में तीन गोतस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठा कर मौके से फरार हो गए। दूसरी तरफ पुलिस मुठभेड़ में एक तस्कर के पैर में गोली लगी है। जिसका पुलिस अभिरक्षा में इलाज कराया जा रहा है।


त्रिवेणी सहाय इण्टर कॉलेज
श्री गांधी सेवा सदन, आसफपुर (बदायूँ)
सत्र 2024-25 हेतु इण्टरमीडिएट कक्षाओं को पढ़ाने हेतु योग्य शिक्षकों की
आवश्यकता है
रसायन विज्ञान
एम.एस.सी. रसायन विज्ञान/बीएड
जीव विज्ञान
एम.एस.सी. जीव विज्ञान/बीएड
भूगोल
एम.ए. भूगोल/बीएड
साक्षात्कार दिनांक 07.06.2024 को विद्यालय परिसर में प्रातः 10 बजे होगा। अपने साथ समस्त शैक्षिक मूल प्रमाण प्रत्रों की छायाप्रति साथ लायें।
प्रधानाचार्य


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पूर्वांचल के अंतिम 13 द्वार, किसे मिलेगा जीत का उपहार

## सातवें चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर एनडीए और इंडिया गठबंधन में सीधा मुकाबला

मनोज त्रिपाठी

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में शनिवार को प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में वोट डाले जाएंगे। इसी के साथ लोकसभा चुनाव-2024 की मतदान प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। मतदान वाली सभी 13 सीटें पूर्वांचल की हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने इनमें से नौ सीटें जीती थी, जबकि दो सीटें उसके सहयोगी अपना दल (एस) ने जीती थीं। दो सीटें सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ी बसपा के हिस्से में आई थीं। इस बार इन सभी सीटों पर दोनों गठबंधनों एनडीए और इंडिया ने प्रचार में जमकर पसीना बहाया है। भाजपा जहां सभी सीटें जीतकर क्लीन स्वीप करना चाहती है, वहीं करीब आधा दर्जन सीटों पर कड़ी टक्कर दे रहा सपा-कांग्रेस गठबंधन भाजपा के मिशन-80 में पलीता लगाना चाहता है। चार से पांच सीटों पर लड़ाई त्रिकोणीय बना रही बसपा के सामने चुनौती पिछली बार की दो सीटों का स्कोर बचाना है। इन 13 सीटों में पांच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जिले गोरखपुर के आसपास और चार सीटें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनाव क्षेत्र वाराणसी से सटी हैं। भाजपा की कोशिश इन नौ सीटों पर बड़े अंतर से जीत हासिल करने की है।



### इन सीटों पर नजर आ रहा कांटे का मुकाबला

### केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया के लिए कठिन हुई जीत की राह

कुर्मी बहुल मानी जाने वाली मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) की केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को इस बार कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा से टिकट कटने के बाद भदोही के सांसद और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र एस बिंद की चुनौती से पार पाने में उनके सामने बसपा प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी लगातार मुश्किल और बढ़ाते नजर आ रहे हैं। ऐसे में अनुप्रिया को इस बार जीत की हैट्रिक लगाने में मोदी और योगी के नाम और काम का ही सहारा है। यहां भाजपा के कोर वोटर ब्राह्मणों का एक हिस्सा अगर बसपा के साथ जाता है, तो अनुप्रिया के लिए खतरा हो सकता है, क्योंकि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार राजेंद्र एस बिंद जिनका मुंबई में कारोबार है, इलाके में बिंद समाज कल्याण संघ के माध्यम से सक्रिय रहे हैं। मिर्जापुर में पिछड़े वर्ग में कुर्मी के बाद सबसे ज्यादा सवा लाख से ज्यादा बिंद मतदाता हैं और उनके एक मुश्त वोट सपा की तरफ मुड़ते नजर आ रहे हैं। इन परिस्थितियों में अनुप्रिया ने बैठे ढाले एक और मुसीबत कुंडा के विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया के खिलाफ बयान देकर ले ली है, इससे राजपूत वोटरों के एक वर्ग में नाराजगी देखी जा रही है।

- सपा की चुनौती से पार पाने में बचानी होगी अगड़े वोटों में बसपा की सेंध

### घोसी में दांव पर लगी ओमप्रकाश राजभर की प्रतिष्ठा

मऊ जिले की घोसी लोकसभा सीट पर योगी सरकार के मंत्री और सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। घोसी से उनके बेटे अरविंद राजभर मैदान में हैं। यहां सपा ने राजीव राय के सहारे भूमिहार दांव खेला है, तो बसपा के नोनिया समुदाय से आने वाले प्रत्याशी पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान पिछड़े वोटों में बंटवारा करते नजर आ रहे हैं। इस चुनावी परिदृश्य से घोसी में राय और राजभर के बीच सिमटती जा रही जंग में चुनाव का फैसला जातीय समीकरणों से ही निकलने के आसार बढ़ गए हैं। ओमप्रकाश राजभर के सामने सवर्ण और राजभर वोटों के सहारे अपने बेटे को जीत दिलाने की चुनौती है। लेकिन सवर्ण वोटरों का रुख सपा के राजीव राय की तरफ भी है। ऐसे में महेंद्र राजभर के सुभासपा का दामन छोड़कर सपा के साथ आने से ओमप्रकाश राजभर की चुनौती और बढ़ गई है। यहां यादव और मुस्लिम मतदाता राजीव राय के लिए लामबंद नजर आ रहा है, तो बसपा प्रत्याशी बाल कृष्ण नोनिया और दलित वोटर जोड़ने में सफल होते दिख रहे हैं। भाजपा के समर्थन के बावजूद ओमप्रकाश राजभर द्वारा सवर्णों के खिलाफ दिए गए बयान उनके लिए मुसीबत बने हैं।

- सपा के राजीव राय से मुकाबले में बसपा के पूर्व सांसद बालकृष्ण बढ़ा रहे मुसीबत

### बलिया में ब्राह्मण लगा पाएंगे 'सनातन' की जय का नारा

बलिया पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सीट है। भाजपा ने यहां से अपने सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की जगह चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर को चुनाव मैदान में उतारा है। चंद्रशेखर बलिया से आठ बार चुनाव जीते थे। इस लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन सिंह यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं। सनातन पांडेय पिछला चुनाव सिर्फ 15 हजार वोटों से हार गए थे। बलिया सीट पर लगभग तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण मतदाता हैं। इसके बावजूद कभी यहां से ब्राह्मण सांसद नहीं चुना गया है। लोकसभा क्षेत्र में ढाई लाख यादव, ढाई लाख राजपूत और तकरीबन इतने ही दलित मतदाता भी हैं। ऐसे में सपा का अगर ब्राह्मण-यादव समीकरण परवान चढ़ता है, तो भाजपा को यह सीट जीतने में कड़ी मुश्किल पेश आ सकती है।

### 'सहानुभूति' पाने और 'गुंडाराज' के खात्मे के बीच संघर्ष

गाजीपुर लोकसभा सीट पर अफजाल अंसारी का कब्जा है। वह इस बार समाजवादी पार्टी से उम्मीदवार हैं। भाजपा से भूमिहार समुदाय से आने वाले पारसनाथ राय ने उनको कड़ी टक्कर दी है, तो बसपा के ठाकुर समाज से आने वाले प्रत्याशी उमेश सिंह लड़ाई तिकोनी बनाने में जुटे नजर आए हैं। गाजीपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में नौ बार ठाकुर या भूमिहार प्रत्याशी जीतने में सफल रहे हैं। भाजपा से भूमिहार समुदाय का प्रत्याशी होने से ठाकुरों का एक तबका अंदरखाने अफजाल अंसारी के साथ खड़ा दिख रहा है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत इस चुनाव में एक मुद्दा है। प्रचार के दौरान इस मुद्दे पर खूब बार-पलटवार देखने में आते रहे हैं। पिछले चुनाव में अफजाल ने भाजपा के तत्कालीन केंद्रीय मंत्री मनोज सिन्हा को 1.19 लाख मतों से हराया था। इस बार का चुनाव 'सहानुभूति' पाने और 'गुंडाराज' के खात्मे की बहस में उलझा है। पांच बार के विधायक और दो बार के सांसद अफजाल के लिए यह पहला चुनाव है, जब मुख्तार अंसारी के बाहुबल का कोई सहारा नहीं है। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों सीटें जीतकर भाजपा का सफाया कर दिया था। लेकिन तब सपा के साथ गठबंधन में एक सीट जीतने वाली सुभासपा अब भाजपा के साथ है। अफजाल ने अपनी सजा के मद्दे नजर विकल्प के तौर पर अपनी बेटी नुसरत अंसारी को भी प्रत्याशी बनाया था। कांटे के संघर्ष में यहां करीब 20 फीसदी दलित मतदाताओं पर दारोमदार बताया जा रहा है।

- गाजीपुर में माफिया मुख्तार की मौत के बाद सांसद अफजाल अंसारी को हराने में भाजपा ने लगा रखी है ताकत

### केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय को इस बार छूट रहा पसीना

चंदौली में केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय जीत की हैट्रिक लगाना चाह रहे हैं, लेकिन उन्हें समाजवादी पार्टी के वीरेंद्र सिंह और बसपा के सतेंद्र मौर्य से कड़ी चुनौती मिल रही है। यहां चुनाव भाजपा और सपा में ब्राह्मण बनाम ठाकुर के बीच मुड़ गया है। राजपूत बिरादरी से आने वाले सपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हैं और कांग्रेस तथा बसपा में भी रह चुके हैं। वह चिरईगांव विधानसभा सीट से 1996 में कांग्रेस के टिकट पर जीतकर विधायक बने थे। 2003 में चिरईगांव सीट पर हुए उपचुनाव में बसपा के टिकट पर जीत कर दोबारा विधानसभा में पहुंचे थे। इसके बाद कांग्रेस और सपा में होते हुए 2017 में फिर से बसपा और दो साल पहले सपा में शामिल हुए थे। बसपा प्रत्याशी मौर्य बिरादरी से आते हैं और अब तक भाजपा के परंपरागत वोटर रहे मौर्य समुदाय में सेंध लगा रहे हैं। मौर्य वोटों के दम पर ही भाजपा के आनंद रत्न मौर्य ढाई दशक पहले यहां से तीन बार जीते थे।

- सपा को मात देने में बसपा के दांव से फंसी नजर आ रही जीत की हैट्रिक

### तीन बार के रनर सदल प्रसाद बन पाएंगे विनर

- बांसगांव सीट सुरक्षित सीट से पिछली बार जीत की हैट्रिक लगाने वाले भाजपा के कमलेश पासवान इस बार चौथी जीत दर्ज करना चाहते हैं, जिसे रोकने की कोशिश में कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद लगे हैं। वह बसपा से 2004, 2014 और 2019 में चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन हर बार दूसरे नंबर पर रहे थे। सदल प्रसाद बांसगांव विधानसभा सीट से दो बार विधायक भी रहे हैं। इस बार जीत के लिए उनके सामने दलितों के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ने की चुनौती है। बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ कॉडर वोट मजबूत करके सदल प्रसाद की लड़ाई कमजोर कर रहे हैं।

### कुशीनगर में स्वामी समीकरण बनाएंगे या बिगाड़ेंगे

- कुशीनगर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद विजय कुमार दुबे के मुकाबले सपा से अजय प्रताप सिंह और बसपा के शुभ नारायण चौहान ने पूरा जोर लगाया है। लेकिन चर्चा में राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य हैं। माना जा रहा है कि बसपा के वोटर उनकी तरफ मुड़ रहे हैं। 2014 भाजपा के राजेश पांडेय ने कांग्रेस सांसद रतनजीत सिंह को हराया था। 2019 में भाजपा के विजय कुमार दुबे जीते थे। यहां माना जा रहा है कि भाजपा के खिलाफ पड़ने वाले वोटों का ध्रुवीकरण सपा या स्वामी प्रसाद के बीच हो सकता है। ऐसे में सीधी लड़ाई होने पर हार-जीत का आंकड़ा कम रह सकता है।

### महाराजगंज में आसान नहीं कांग्रेस की जीत का गणित

- महाराजगंज लोकसभा सीट से छह बार सांसद चुने जा चुके और मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मैदान में हैं। उनको कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी ने टक्कर दी है। साल 2019 के चुनाव में पंकज चौधरी को 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। लेकिन कुर्मी वोटरों की बहुलता वाली इस सीट पर दोनों प्रत्याशी कुर्मी समुदाय में होने से माना जा रहा है कि कुर्मी वोटों में बड़ी सेंधमारी करके ही वीरेंद्र चौधरी भाजपा के दिग्गज पंकज चौधरी से लड़ पाएंगे। इसके साथ ही उनके सामने बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी मो. मौसमे आलम से मुस्लिम वोटों का बंटवारा रोकने की भी चुनौती है।

### सलेमपुर में त्रिकोणीय संघर्ष, फायदे में दिख रही भाजपा


- सलेमपुर में भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला 2009 में बसपा से सांसद चुने गए वर्तमान में सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर से है। बसपा ने यहां भीम राजभर को मैदान में उतारकर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर में 32 प्रतिशत कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। इनमें 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। दलित मतदाता 15 फीसदी हैं। 2019 के चुनाव में रवींद्र कुशवाहा ने बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार वोट मिले थे। सुभासपा अब भाजपा के साथ है। यहां रवींद्र कुशवाहा को सपा प्रत्याशी पर मामूली बढ़त बताई जा रही है।

### देवरिया में बसपा की सेंधमारी से मुश्किल में कांग्रेस

- देवरिया में जातीय गुणा-भाग जोरों पर है। भाजपा के पास यहां जीत की हैट्रिक लगाने तो कांग्रेस के सामने चार दशक बाद जीत दर्ज करने का मौका है। लेकिन कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव प्रत्याशी की सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है। पिछले दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, इसी कारण भाजपा ने मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा था। कांग्रेस से पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह उनका मुकाबला कर रहे हैं। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश में कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ा रहे हैं।

### राबर्ट्सगंज में कोल वोटरों पर भरोसा आ सकता काम

- राबर्ट्सगंज सुरक्षित सीट पर भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की विधायक रिंकी कोल और सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के बीच सीधा मुकाबला देखने में आया है। छोटेलाल 2014 में इस सीट पर भाजपा से जीते थे, लेकिन 2019 के बाद इस बार भी भाजपा सीट अपना दल (एस) को दिए जाने से भाजपा को छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। बसपा से चुनाव लड़ रहे धनेश्वर गौतम कॉडर वोट सहेजने में ताकत लगाए रहे हैं। रिंकी कोल अपना दल (एस) के मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू हैं और मिर्जापुर के छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे पति राहुल प्रकाश कोल की मृत्यु के बाद पिछले साल उपचुनाव में विधायक चुनी गई थीं।




### गोरखपुर में अभिनेता बनाम अभिनेत्री का मुकाबला

- गोरखपुर लोकसभा सीट पर योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए उपचुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। सपा से चुनाव लड़े निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद ने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया था। निषाद पार्टी अब भाजपा के साथ है। 2019 के चुनाव में फिल्म अभिनेता रवि किशन ने योगी के गृह नगर में कमल फिर से खिलाया था। इस बार रवि किशन के सामने सपा ने अभिनेत्री काजल निषाद को उतारकर लड़ाई रोचक बना दी है, बसपा के जावेद सिमनानी यहां पिछड़ते नजर आ रहे हैं। गोरखपुर सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। योगी आदित्यनाथ लगातार पांच बार यहां से सांसद रहे हैं। सपा काजल निषाद से उपचुनाव जैसे करिश्मे की उम्मीद लगाए बैठी है।



**जीत का जयघोष** अमृतसर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रचार के अंतिम दिन गदा उठाकर पंजाब में चुनाव जीतने का जयघोष किया।



**जीतेंगे हम** पटना में चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव वीआईपी पार्टी के मुखिया मुकेश सहनी के साथ विक्ट्री का निशान बनाते हुए।

## कुल 57 सीटें 904 प्रत्याशी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में आठ राज्यों में पंजाब की सभी 13 और हिमाचल की सभी चार लोकसभा सीटों के साथ उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की तीन और चंडीगढ़ की एक सीट पर शनिवार को वोट डाले जाएंगे। इन 57 सीटों पर 904 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## यूपी: 13 सीटों की 48 विस सीटें एनडीए के पास



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में जिन 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। उनके अंतर्गत आने वाली 65 विधानसभा सीटों का हिसाब-किताब देखें तो 2022 के विधानसभा चुनाव में 48 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी। 15 सीटें सपा गठबंधन और एक-एक सीट बसपा तथा कांग्रेस के खाते में आई थी।

**2019 में 50 फीसदी से ज्यादा था भाजपा का वोट प्रतिशत:** पिछले 2019 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सातवें चरण की लोकसभा सीटों पर भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले थे जबकि विपक्षी सपा-बसपा गठबंधन के खाते में 37.43 वोट ही आए थे।


# पूर्वांचल के रणक्षेत्र में राम का नाम मोदी का चेहरा और जाति की पतवार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** पूर्वांचल में छठे और सातवें चरण की चुनावी लड़ाई में भाजपा को राम का नाम, मोदी के चेहरे और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगे बढ़कर चुनावी कमान संभालने के बावजूद जातीय समीकरणों पर जिस तरह फोकस करना पड़ा है, उससे साफ है कि जमीन पर इंडिया गठबंधन ने उसके सामने कड़ी चुनौती पेश की है। पूर्वांचल के रण में जातीय समीकरण साधने का खेल नया नहीं है। पहले यहां ब्राह्मण और राजपूत चुनाव की दिशा तय करते थे। लेकिन मंडल आयोग के बाद अधिकतर सीटों पर जीत-हार का तराजू पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हाथ में चला गया। प्रदेश में जातीय आधार पर राजनीति करने वाले अधिकतर दलों का आधार भी पूर्वांचल के अलग-अलग इलाकों में ही नजर आता है। अनुप्रिया पटेल का अपना दल (एस), संजय निषाद की निषाद पार्टी, ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा, संजय चौहान की जनवादी सोशलिस्ट पार्टी दो तिहाई सीटों पर अपने वोट बैंक की ऐसी ताकत रखता है, जो किसी भी बड़े दल का खेल बना और बिगाड़ सकता है। ऐसे में 2024 का लोकसभा चुनाव पिछड़े वर्ग की उप जातियों की राजनीति करने वाले इन दलों का लिटमस टेस्ट भी साबित होने वाला है। दरअसल इन पार्टियों के आक्सीजन पाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि पूर्वांचल में जातियों का चक्रव्यूह ऐसा है कि कोई भी बड़ा दल चाहकर भी अपने कोर वोटर को सहेज कर नहीं



अनुप्रिया पटेल।



ओप्रकाश राजभर।



संजय चौहान।



संजय निषाद।

सख सकता है। अधिकतर मौकों पर किसी भी बड़े दल के कोर वोटर तभी तक उसके साथ खड़े दिखाई देते हैं, जब तक उनकी जाति का प्रत्याशी होता है। अगर दलीय प्रत्याशी किसी और जाति का हुआ तो मुकाबले में खड़े अपनी जाति के प्रत्याशी के लिए उनका दिल मचलने लगता है। अपना दल (एस) को कुर्मी, निषाद पार्टी को मल्लाह और केवट, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) को राजभर तो जनवादी पार्टी को लोनिया (चौहान) वोट बैंक की राजनीति करने वाले दलों के रूप में गिना जाता है। इनमें अपना दल को यादवों के बाद कुर्मी जाति को प्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी ओबीसी जाति होने के कारण सबसे बड़ा दल माना जाता है। अपना दल (एस) विधानसभा में तीसरा सबसे बड़ा दल भी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में उसके 13 उम्मीदवार जीते थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) को दो सीटें मिली थीं। इस बार के लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) के साथ बाकी तीन दल भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं।

ऐसे में समाजवादी पार्टी जिसका मुख्य आधार भी ओबीसी में ही है, के मुखिया अखिलेश पटेल ने हर सीट पर ओबीसी उपजाति में गैर यादव वोट बैंक देखते हुए जातीय समीकरण को वरीयता देकर भाजपा के लिए कांटे बिछा दिए थे। सपा ने पीडीए के तहत पूर्वांचल में 10 से अधिक गैर यादव ओबीसी प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारे दिए थे। पार्टी ने केवल तीन टिकट ही अगड़ी जाति के लोगों को मौका दिया है। कांग्रेस ने भी पूर्वाचंल में अपने हिस्से में आई चार सीटों पर एक दलित, एक ओबीसी और दो अगड़ी जाति के लोगों को उम्मीदवार बनाया है। इसी तरह बसपा ने कई सीटों पर अगड़ी जाति तो कई सीटों पर भाजपा या सपा प्रत्याशी की जाति वाले ही उम्मीदवार उतारकर अपनी जातीय व्यूह रचना कर दी थी। यही कारण रहा कि भाजपा को मतदान के दो दिन पहले तक जातीय गोलबंदी के समीकरण में जुटना पड़ा। एक-एक सीट पर ऐसा संघर्ष हुआ है कि नारद राय और राम इकबाल सिंह जैसे नेताओं को गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भाजपा में शामिल कराने के लिए प्रयास करने पड़ गए।

### इसलिए चौहान और राजभर की पड़ी जरूरत

घोसी में लोनिया और राजभर वोटर की संख्या काफी है। राजभर उम्मीदवार उतार कर भाजपा ने 2014 में पहली बार कमल खिलाया था। इस बार भी सुभासपा से अरविंद राजभर मैदान में हैं। बसपा ने चौहान जाति के बालकृष्ण को उतारा तो भाजपा ने तुरंत जनवादी सोशलिस्ट पार्टी के संजय चौहान को साध लिया। चौहान जाति का दबदबा बलिया, चंदौली, गाजीपुर, सलेमपुर, देवरिया में भी है। घोसी की घोसी और मधुबन विधानसभा में चौहान जाति निर्णायक भूमिका में है। सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर की भाजपा को जरूरत इसलिए रही क्योंकि राजभर मतदाता गाजीपुर, वाराणसी, बलिया, सलेमपुर में बड़े पैमाने पर हैं। कुर्मी मतदाता मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, राबट्र्सगंज में जीत में तय करते हैं।

## सार-संक्षेप

### वाहन न मिलने पर बच्चे के साथ राजमार्ग पर बैठा युवक



**बदायूं ।** वजीरगंज क्षेत्र के कस्बा सैदपुर निवासी एक युवक गुरुवार देर शाम सिविल लाइन क्षेत्र में नवादा पुलिस चौकी के पास अपने घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। उसके हाथ देने के बाद भी वाहन नहीं रुक रहे थे। युवक ने वहां मौजूद एक यातायात पुलिसकर्मी से वाहन रुकवाकर उसे बैठाने का निवेदन किया। यातायात पुलिसकर्मी ने उसकी तदद नहीं की। परेशान होकर युवक अपने बच्चे को गोद में लेकर मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर बैठकर हंगामा करने लगा। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गईं। पुलिसकर्मियों ने युवक को समझाकर एक वाहन पर बैठाकर रवाना कर दिया और जाम खुलवाया।

### किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** किशोरी के साथ छेड़छाड़ के सात साल पुराने मामले में दोषी को तीन साल के कारावास और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना मूसाझाग क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने 25 नवंबर 2017 को पुलिस को तहरीर दी थी कि सुबह 11 बजे उनकी बहन, बेटी और साली शौच के लिए जंगल गई थीं। इसी दौरान गुरुवचन और दुर्जन आ गए। गुरुवचन उसकी बहन का हाथ पकड़ लिया। छेड़छाड़ की और खींचकर गन्ने के खेत में ले जाने लगा। बेटी और साली ने शोर मचा दिया। आसपास खेतों पर काम कर रहे लोग पहुंच गए। आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ और लज्जा भंग के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की। विवेचना के बाद आरोपी गुरुवचन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। गुरुवार को न्यायाधीश ने पत्रावली पर साक्ष्यों का अवलोकन कर विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी, वीरेंद्र सिंह वर्मा, प्रदीप और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद गुरुवचन को सजा सुनाई है।

### महिला और बच्चे की हत्या कर शव फेंके

**एटा/अवागढ़, अमृत विचार :** एक महिला और छह साल के बच्चे की जहर देकर हत्या करने के बाद दोनों के शव अवागढ़ इलाके में सावंतखेड़ा खारजा नहर किनारे फेंक दिए गए। पुलिस के काफी कोशिश करने के बावजूद दोनों की पहचान नहीं हो पाई। गुरुवार सुबह अवागढ़ इलाके में सावंतखेड़ा खारजा नहर किनारे पटरी पर गुरुवार 36 वर्षीय महिला और छह साल के बच्चे का शव पड़ा लोगों ने देखा। इसकी चर्चा फैलने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। छानबीन के दौरान पुलिस ने देखा तो महिला के दाहिने हाथ पर विकास राजा और हाथ की दूसरी तरफ विकास जान रानी पत्नी विकास लिखा है। जबकि हाथ पर बाबू एम. का टैटू बना हुआ है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि दोनों की जहर देकर हत्या की गई है। साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शवों को नहर की पटरी पर फेंका गया है।

### सरकारी वकीलों का इलाजः हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**लखनऊ, अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या उसके पास हाईकोर्ट के राज्य विधि अधिकारियों के लिए ऐसी कोई योजना है जिसके तहत दुर्घटना आदि की स्थिति में उनकी आर्थिक मदद की जा सके। न्यायालय ने यह जानकारी भी मांगी है कि हाईकोर्ट सहित प्रदेश के तमाम सरकारी वकीलों के लिए क्या कोई बीमा योजना भी है। इसके साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकार से उम्मीद जताई है कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल स्टैंडिंग काउसिंल (स्थायी अधिवक्ता) नीरज चौरसिया के इलाज का खर्चा डिस्ट्रेस फंड या अन्य किसी स्त्रोत से पूरा किया जाए ताकि उनकी जान बचायी जा सके। न्यायालय ने सरकारी वकील से कहा है कि वह आदेश से तत्काल सरकार को अवगत कराएं ताकि उचित कार्यवाही की जा सके। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार के लिए तय की है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अधिवक्ता एचपी गुप्ता की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया।

### बुंदेलखंड विवि के कुलपति, प्रोफेसरों के खिलाफ याचिका

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्रबंधन द्वारा अपनाई गई भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के संबंध में निजी विपक्षियों/विभिन्न प्रोफेसरों को नोटिस जारी कर उन्हें सुनवाई की अगली तारीख 11 जुलाई तक अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने रेखा लगरखा की याचिका पर सुनवाई करने के दौरान पारित किया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडेय ने रजिस्ट्रार, वित्त अधिकारी और विश्वविद्यालय के कुछ प्रोफेसरों के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के कोर्स से 40 करोड़ रुपए की हेराफेरी की है। बीएड परीक्षा 2023 से धन एकत्र कर इसे कुलपति और एक प्रोफेसर के निजी संयुक्त खाते में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके साथ ही एनएएसी दौरे के उद्देश्य से 150 करोड़ रुपए के दुरुपयोग के बारे में भी बताया गया है जो एक सावधि जमा में थे। याची रसायन विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर पिछले 21 वर्षों से विश्वविद्यालय में कार्यरत थी।

# छात्रावास में पंखे से लटका मिला पॉलिटेक्निक की छात्रा का शव

## महोबा की रहने वाली थी छात्रा, कारणों को तलाश रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक की छात्रा का बुधवार देर शाम छात्रावास के कमरे में पंखे से शव लटकता मिला है। इस अनहोनी के बाद से कॉलेज में सनसनी फैल गई है। मृतक 17 वर्षीय छात्रा रजनी (परिवर्तित नाम) महोबा जिले में तहसील व थाना कुलपहाड़ के गांव पचहरा अमनपुरा की रहने वाली थी। छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद से कॉलेज में साथी छात्राओं में खामोशी है। स्पष्ट कारण न पुलिस बता रही है और न ही कॉलेज के प्रधानाचार्य।

घटना की जानकारी पुलिस को बुधवार रात करीब 8.30 बजे मिली थी। मौके पर सिविल लाइन सीओ, थानाध्यक्ष समेत अन्य कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि छात्रा रजनी बुधवार को क्लास में न तो पढ़ने गई और न दोपहर का भोजन किया। शाम को भी भोजन के समय वह नहीं दिखी तो साथी छात्राओं ने चिंता कर उसकी खोजबीन शुरू की थी। उसके कमरे में जाकर देखा तो अंदर से दरवाजा बंद था। छात्राओं ने कई आवाज लगाई और दरवाजा खोलने को कहा लेकिन, कमरे के अंदर से कोई गतिविधि नहीं हुई। जिस पर छात्राओं ने दरवाजा-खिड़की की दराजों में झांक कर देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। छात्रावास के सी-ब्लॉक वाले कमरे में रजनी अकेले रहती थी।

### शासन तक पहुंचा मामला जांच को पहुंची टीम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में छात्रा की मौत का मामला शासन तक पहुंच गया है। प्राविधिक शिक्षा निदेशक ने मामले में जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा साबिर अहमद के नेतृत्व में गुरुवार को तीन सदस्यीय टीम राजकीय महिला पॉलिटेक्निक पहुंची थी। टीम में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामपुर के प्रधानाचार्य डीबी सिंह और अमरोहा बछरायूं राजकीय पॉलिटेक्निक की शिक्षक सोनिया भी शामिल हैं। टीम ने दूसरी छात्राओं, वॉर्डन हेमलता और सुरक्षाकर्मी के बयान भी लिए हैं। प्रधानाचार्य धीरेंद्र कुमार यादव से भी बातचीत कर टीम ने विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है।

## रेल कर्मियों को पीटने वाले और तीन सिपाही लाइन हाजिर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** रेलवे जंक्शन पर कैपिंग कोच में खाना बना रहे रेलवे कर्मचारियों से मारपीट करने वाले जीआरपी के दो सिपाहियों को पहले ही निलंबित कर दिया गया था। अब वायरल हुए वीडियो में दिखाई दे रहे तीन अन्य सिपाहियों पर गाज गिरी है। तीनों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इन सिपाहियों को वीडियो में मारपीट करते हुए दिखाई देने पर कार्रवाई की गई है। मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़े कैपिंग कोच में इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी अपने लिए खाना बना रहे थे। आरोप है कि तभी जीआरपी के दो सिपाही रेलवे स्टेशन पर सादा कपड़ों में कैंपिंग कोच में आ गए। जांच के बाद सिपाही सबब मियां, ऋषि कुमार और अनिल कुशवाहा की पहचान होने पर उनको भी लाइन हाजिर कर दिया गया है।

## डीसीएम से टकराई कार खाई में गिरी, चार घायल

- कार सवार गोला और डीसीएम चालक मोहम्मदी का निवासी

**खुटार, अमृत विचार :** खुटार गोला रोड पर गुरुवार सुबह डीसीएम से क्वांटो कार टकरा गई। आमने-सामने जोरदार टक्कर होने से कार खाई में जाकर पलट गई। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को खुटार अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने तीन लोगों की हालत गंभीर देख जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कस्बा गोला के गांव लालापुर निवासी अमरपाल सिंह का खुटार में मैलानी रोड पर गांव हीरपुर गुरुद्वारा के पास ईंट भट्टा है। गुरुवार सुबह वह अपने पुत्र मनरूप सिंह, पार्टनर जगदीश के साथ क्वांटो कार से ईंट भट्टे पर आ रहे थे। मनरूप कार चला रहा था। उधर, कस्बा मोहम्मदी के गांव सरायं निवासी चालक गुड्डू शाह दिलावरपुर से डीसीएम में बांस भरकर खुटार के लौहगांपुर जंगल में स्थित गुरुद्वारा आया था। बांस उतारने के बाद खाली डीसीएम लेकर घर लौट रहा था। गुरुवार सुबह करीब 7 :30 बजे खुटार गोला रोड पर गांव बनकटा मोड़ के पास डीसीएम और कार की टक्कर हो गई। टकराने के बाद कार सड़क किनारे खाई में पलट गई।

**कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, बरेली सम्भाग, बरेली।**

पत्रांक: 1086/टीआर / यू.पी.-25 डीटी-3042/2024 बरेली दिनांक: 29 मई, 2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्री मोहम्मद आरिफ पुत्र श्री नवीहसन नि.सी.बी.गंज बिचौलिया, जिला-बरेली के नाम पंजीकृत वाहन संख्या यूपी 25 डीटी 3042 ट्रक को वाहन के फाइनेन्सर एच.डी.बी.फाईनेन्शियल सर्विस लि., बरेली द्वारा वाहन की किस्ते अदा न हो पाने के कारण अपने कब्जे में ली गयी है तथा कम्पनी के कब्जे (गैराज) में है फाइनेन्सर द्वारा उक्त वाहन के सम्बन्ध में नियम 61(2) के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने का आवेदन किया जाता है। वाहन स्वामी को इस कार्यालय के पत्र संख्या 378/2024 दिनांक 19.02.2024, प्रारूप-37 संलग्न कर प्रेषित किया गया तत्पश्चात पत्र संख्या 819/2024 दिनांक 22.04.2024 एवं पत्र संख्या 976/2024 दिनांक 16.05.2024 द्वारा सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु पत्र पंजीकृत डाक में प्रेषित किये गये। किन्तु न तो वाहन स्वामी द्वारा कोई उत्तर दिया गया और न ही वह स्वयं इस कार्यालय में उपस्थित हुए हैं।

अतः उक्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वाहन स्वामी को एक अंतिम अवसर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु प्रदान किया जाता है। यदि अब भी वाहन स्वामी अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करता है तो मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही अमल में लाते हुये फ्रेश पंजीयन प्रमाण-पत्र वित्त पोषक के पक्ष में निर्गत कर दिया जायेगा जिसके लिये वाहन स्वामी स्वयं उत्तरदायी होंगे। **सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रशासन), बरेली।**

## कार्यवाहक प्रधान ने 60 हजार के बर्तन का 2.26 लाख निकाल लिया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** ग्राम प्रधान के निधन के बाद नामित किए गए कार्यवाहक प्रधान ने महज 22 दिन में ही खेल कर डाला। आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए खरीदे गए 60 हजार के बर्तनों की 2.26 लाख में खरीद दिखाते हुए धनराशि निकाल ली गई। जांच में मामले की पोल खुल गई। अब डीएम ने कार्यवाहक प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

मामला पूरनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत शेरपुरकलां का है। ग्राम पंचायत की प्रधान अंजुम बेगम का 28 जनवरी को इंतकाल हो गया था। इसके बाद डीएम ने 24 फरवरी को ग्राम पंचायत सदस्य जावेद खां को कार्यवाहक ग्राम प्रधान को नामित किया था। गांव के ही शकूर, वशीउल्ला खां आदि ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाहक प्रधान पर गंभीर आरोप लगाए थे। शिकायत में बताया था कि ग्राम पंचायत के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पूर्व ग्राम प्रधान ने गत वर्ष दिसंबर में 60 हजार रुपये के बर्तन खरीद कर वितरित किए गए थे। आरोप है कि कार्यवाहक प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी सुरेश चंद्र वर्मा ने 16 मार्च को पूर्व में खरीदे गए बर्तनों के नाम पर 2,26,822 रुपये का भुगतान कुमार ट्रेडर्स को कर दिया गया जोकि बर्तन विक्रेता ही नहीं है।

### तीन जून को डीएल के लिए न जाएं आरटीओ

**लखनऊ, अमृत विचार :** तीन जून को डीएल या इससे जुडे.किसी काम को लेकर आरटीओ या फिर प्रदेश के किसी भी सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय जा रहे हैं तो इस भीषण गर्मी में रुक जाएं। आपका काम नहीं होगा। वजह यह है कि तकनीकी टीम परिवहन विभाग के सारथी पोर्टल को अपग्रेड करने जा रही है। एक दिन छुट्टी और एक दिन कार्यालय के कार्य दिवस पर यह कार्य पूरा होगा। इसके लिए 2 और 3 जून की तारीख तय की गई है। दो जून को रविवार है इस दिन भी आवेदक अगर घर से ऑनलाइन फार्म भर रहा है या फीस जमा कर रहा है तो यह कार्य भी नहीं होगा।

### कृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले में सुनवाई जारी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मामले में गुरुवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से उपस्थित अधिवक्ता तसलीमा अजीज अहमदी ने कहा कि यह वाद वक्फ अधिनियम और पूजा स्थल अधिनियम के प्रावधानों से बाधित है। अधिवक्ता ने कहा कि यह वाद शाही ईदगाह मस्जिद के ढांचे को हटाने के बाद कब्जा लेने और मंदिर बहाल करने के लिए दायर किया गया है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष चल रही है। सुनवाई शुक्रवार को भी जारी रहेगी।

**पंजाब नैशनल बैंक** भारत सरकार का उपक्रम | pnb | Oriental | United

**सस्त्र सैन्टर, मण्डल कार्यालय, बरेली**
**सी-18/बी, प्रथम तल, डी.डी.पुरम, बरेली**
**फोन : 0581-2520446, E-mail : cs8194@pnb.co.in**

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी सूचना**

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित। इसके द्वारा सूचना दी गई है सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। बैंक/सुरक्षित ऋणदाता को बैंक के कारण अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है'और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। /संबंधित उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) से सुरक्षित लेनदार। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित होगी।

**सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं. | शाखा का नाम<br>खाते का नाम<br>ऋणी/गारंटर खाते का नाम और पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम /संपत्ति गिरवी रखने वाले मालिक का नाम | ए) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि<br>बी) बकाया राशि<br>सी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के तहत कब्जा तिथि<br>डी) कब्जे की प्रकृति प्रतीकात्मक/भौतिक/रचनात्मक | ए) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में)<br>बी) अग्रधन राशि<br>सी) बोली वृद्धि राशि<br>डी) संपत्ति आईडी | ए) नीलामी की तारीख<br>बी) ईएमडी की अंतिम तिथि<br>सी) नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएनबी(eOBC)ददरौल शाहजहाँपुर<br>**मै. गर्ग फ्लेक्सो इंडस्ट्रीज**<br>**प्रो.**-श्री. राम औतार अग्रवाल पुत्र गुगन राम अग्रवाल, स्व. अब कानूनी उत्तराधिकारी-**1.** श्रीमती शशि अग्रवाल पत्नी स्वर्गीय श्री राम औतार अग्रवाल, **2.** श्री. विशाल अग्रवाल पुत्र स्व. राम औतार अग्रवाल। **गारंटर और कानूनी उत्तराधिकारी :** श्री विकास गर्ग पुत्र स्व. राम औतार अग्रवाल | इएम वाणिज्यिक/औद्योगिक संपत्ति, विकास गर्ग पुत्र स्व. राम अवतार अग्रवाल गाटा संख्या 365 मिन. ग्राम - मिश्रीपुर, निकट हरदोई बाईपास, जिला शाहजहाँपुर पर स्थित है जिसका क्षेत्रफल 252.94 वर्ग मीटर है, बुक नं.1, खंड संख्या 10401 में क्रम संख्या 11580 पृष्ठ संख्या 367-402 पर दिनांक 07.10.2016 को उप रजिस्ट्रार सदर शाहजहाँपुर के कार्यालय में पंजीकृत है। **सीमाएं : पूर्व** - भट्टा रिफाकत खान, **पश्चिम** - आराजी डोनर, **उत्तर** - सड़क सरकारी **दक्षिण**-अराजी डोनर | ए)01.07.2019<br>बी) रु. 63,52,686.77 + 01.07.2019 से ब्याज व अन्य खर्च<br>सी) 17.09.2019<br>डी) भौतिक कब्जा | ए) 74.79 लाख रुपये<br>बी) 7.48 लाख रुपये<br>सी)0.20 लाख रूपये<br>डी) UNB0337102001 | ए) 18.06.2024<br>बी) 17.06.2024<br>सी) सुबह 11:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक |
| 2 | **पीएनबी-पूरनपुर,पीलीभीत**<br>घनश्याम दीक्षित पुत्र सच्चिदानंद दीक्षित (स्वर्गीय घनश्याम दीक्षित के कानूनी उत्तराधिकारी- 1. सुश्री पूजा दीक्षित (बेटी) 2. सुश्री सोनी दीक्षित (बेटी), 3. सुश्री अनुष्का दीक्षित (बेटी), 4. अभिषेक दीक्षित (पुत्र), 5. आदर्श दीक्षित (पुत्र), 6. सुश्री सुनीता दीक्षित (पत्नी), ग्राम और पोस्ट : सबलपुर, पूरनपुर जिला : पीलीभीत। **गारंटर :** श्रीमती सुनीता दीक्षित पत्नी स्वर्गीय घनश्याम दीक्षित | आवासीय प्लॉट स्व. घनश्याम दीक्षित पुत्र सच्चिदानंद के नाम पर खमरिया पट्टी, पूरनपुर जिले में स्थित है। टाइटल डीड संख्या 2036 दि. 03.03.2015 जिल्द नं. 4039, पृष्ठ संख्या 392-424, जिसका क्षेत्रफल 299.628 वर्ग मीटर। पीलीभीत (उ.प्र.)<br>**सीमाएं: पूर्व :**- विक्रेता स्वयं, **पश्चिम:**- सड़क 6.096 मीटर, **उत्तर :**- विक्रेता स्वयं, **दक्षिण:**- विक्रेता | ए) 25.07.2020<br>बी) रु.1118637/- + 01.10.2019 से ब्याज व अन्य खर्च<br>सी) 28.10.2020<br>डी) सांकेतिक कब्जा | ए) 11.00 लाख रुपये<br>बी) 1.10 लाख रुपये<br>सी) 0.20 लाख रुपये<br>डी) UNB03892001 | ए) 18.06.2024<br>बी) 17.06.2024<br>सी) सुबह 11:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक |
| 3 | **पीएनबी (ई-ओबीसी): इज्जत नगर, बरेली**<br>**मेसर्स अटरसन ओवरसीज प्रा. लि.**<br>1. रचिन गुप्ता पुत्र स्व. नरेश चंद्र गुप्ता (निदेशक/गारंटर)<br>2.श्रीमती. सीमा गुप्ता पत्नी स्व. सुनील कुमार गुप्ता (निदेशक/गारंटर)<br>3.श्री सुनील गुप्ता पुत्र स्व. राम निवास गुप्ता (गारंटर)<br>4.मैसर्स बालाजी फूड ग्रेन्स प्रा. लिमिटेड (गारंटर) | श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र श्री राम निवास गुप्ता के नाम पर खसरा नंबर 36 का भाग और 37 का 1/3 भाग , ग्राम-फतेहपुर, परगना व तहसील- बरेली में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 10360.00 वर्गमीटर खसरा नंबर 36 की सीमाएं - **पूर्व**- खेत भूपेन्द्र सिंह एवं अन्य, **पश्चिम**- चन्द्र पाल सिंह का खेत, **उत्तर**- दीप देवेन्द्र सिंह का खेत, **दक्षिण**- श्रीमती कमला गुप्ता का खेत। खसरा संख्या-37 की **सीमाएं :** सीमा - **पूर्व** - माखन लाल और अन्य का खेत, **पश्चिम** - श्रीमती कमला गुप्ता का खेत, **उत्तर** - विक्रेता का खेत, **दक्षिण** - लिंक रोड | **ई-ओबीसी**<br>ए) 04.02.2019<br>बी) रु.45,09,48,004.60 + 01/02/2019 से ब्याज व अन्य खर्च<br>सी) 10.10.2019<br>डी) भौतिक कब्जा<br>**पीएनबी**<br>ए) 10.06.2019<br>बी) रु.25,59,80, 814.49+ 01/06/2019 से ब्याज व अन्य खर्च<br>सी) 10.10.2019<br>डी)भौतिक कब्जा | ए) 75.87 लाख रुपये<br>बी) 7.59 लाख रुपये<br>सी) 0.20 लाख रुपये<br>डी) UNB07122010 | ए) 18.06.2024<br>बी) 17.06.2024<br>सी) सुबह 11:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक |
| 4 | **शाखा: शाहजहाँपुर**<br>धर्मेंद्र पाल मौर्या पुत्र सोन पाल मौर्या<br>गारंटर: यशदीप पांडे पुत्र रविकांत पांडे | आवासीय घर का पूरा हिस्सा धर्मेंद्र पाल मौर्या पुत्र सोन पाल मौर्या के नाम पर चिन्नौर शाहजहाँपुर में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 92.94 वर्ग मीटर है। विक्रय पत्र के माध्यम से उप रजिस्ट्रार शाहजहाँपुर के पास पंजीकृत। दिनांक 30.05.2016 को बुक नं. 01 जिल्द संख्या 10143 पृष्ठ संख्या 1-36 पर क्रम संख्या 6310 पर दिनांक 07.10.2016 को उप रजिस्ट्रार शाहजहांपुर के पास पंजीकृत है। सीमाएं **पूर्व** में : शेष अराजी विक्रेता गृह **पश्चिम:** शेष अराजी विक्रेता गृह **उत्तर:** रास्ता कच्चा 18 फीट चौड़ा **दक्षिण:** रास्ता कच्चा 18 फीट चौड़ा। | ए) 05.07.2021<br>बी) रु. 24,62,749.00/-+ 01.04.2021 से ब्याज व अन्य खर्च<br>सी) 24.11.2021<br>डी) भौतिक कब्जा | ए) 12.64 लाख रुपये<br>बी) 1.27 लाख रुपये<br>सी) 0.20 लाख<br>डी) PUNB0DPM2381 | ए) 18.06.2024<br>बी) 17.06.2024<br>सी) सुबह 11:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक |
| 5 | **शाखा:- उसैत,बदायूं**<br>श्री राम पुत्र कल्याण उर्फ कल्लू, गारंटर- 1.यतेंद्र कुमार पुत्र रामवेद गुप्ता, 2.रामवेद गुप्ता पुत्र चंद्र पाल | खाता सं. 00150 का 1/2 हिस्सा श्रीराम पुत्र कल्लू के नाम ग्राम-पृथ्वी नगला, पगनाना-उसहैत, तहसील- दातागंज, जिला- बदायूं, उप्र-243641 में स्थित संपत्ति का वह सारा हिस्सा और टुकड़ा, जो 1/2 के खाता संख्या 00150 में दर्ज है, खसरा संख्या 28 माप क्षेत्र-0.170 हेक्टेयर,1700.00 वर्ग मीटर, श्री राम पुत्र कल्लू के नाम पर आवासीय सम्पत्ति का पूरा हिस्सा स्थित ग्राम पृथ्वी नगला परगना तहसील दातागंज जिला बदायूं में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल 1700 वर्ग मी. है इसकी सीमाएं इस प्रकार है: **पूर्व :** राम चंद्र जाटव का खेत, **पश्चिम:** छुट्टन अंसारी का खेत, **उत्तर:** श्री राम का खेत, **दक्षिण:** पीडब्ल्यूडी रोड | ए) 15.03.2022<br>बी) 56,58,023.26 रुपये 01/03/2022 से ब्याज व अन्य खर्च<br>सी) 12.07.2022<br>डी) सांकेतिक कब्जा (डीएम आदेश प्राप्त) | ए) 31.37 लाख रुपये<br>बी) 3.14 लाख रुपये<br>सी) 0.20 लाख रुपये<br>डी) PUNB0912SR | ए) 18.06.2024<br>बी) 17.06.2024<br>सी) सुबह 11:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक |
| 6 | **पीएनबी शाखा: तिलहर, शाहजहाँपुर**<br>**मैसर्स वारसी एंड कंपनी निर्माता एवं व्यापारी**<br>मालिक-श्रीमान जाविर अली पुत्र श्री नबी हसन | जाविर अली पुत्र नबी हसन के नाम पर आवासीय संपत्ति इएम बंधक, 298, मोहल्ला- उमरपुर तिलहर जिला-शाहजहांपुर, विक्रय विलेख दिनांक के माध्यम से। 06.02.2009 माप क्षेत्र 48.79 वर्ग मी. है। बुक नं. 1, खंड संख्या 3554, पृष्ठ संख्या 263-286 क्रम संख्या 1204 दिनांक 06.02.2009 देखें सीमाएं: **पूर्व**- घर नबी हसन **पश्चिम:** घर नशरूल जमा खान **उत्तर :** घर मंसूर खान **दक्षिण:** सड़क<br>इएम के नाम पर आवासीय संपत्ति। श्रीमती शफिया बेगम उर्फ कामनी पत्नी जाविर अली, स्थित 298, मोहल्ला-उमरपुर तिलहर जिला-शाहजहांपुर वाया सेल डीड दिनांक 28.02.2013 जिसका क्षेत्रफल 47.19 वर्ग मीटर बुक नं. 1, खंड संख्या 5101, पृष्ठ संख्या 59-72 क्रम संख्या 1931 दिनांक 28.02.2013 सीमाएं: **पूर्व**- नबी हसन घर **पश्चिम**- सड़क **उत्तर**- विक्रेता का घर **दक्षिण**- जाविर अली का घर। इएम जाविर अली पुत्र नबी हसन की आवासीय सम्पत्ति स्थित 298, मोहल्ला-उमरपुर तिलहर जिला-शाहजहांपुर जिसका क्षेत्रफल 53.57 वर्ग मी. है। बुक नं. 01 खण्ड संख्या 4827, पृष्ठ संख्या 41-64 क्रम संख्या 5272 दिनांक 16.06.2012 सीमाएं : **पूर्व**-विक्रेता का घर **पश्चिम**-सड़क **उत्तर**-मंसूर खान का घर **दक्षिण**-सड़क | ए) 15.04.2021<br>बी) 63,05,958.98 रुपये + 01/04/2022 से ब्याज व अन्य खर्च<br>सी) 03.09.2021<br>डी) सांकेतिक कब्जा | ए) 69.79 लाख रुपये<br>बी) 6.97 लाख रुपये<br>सी) 0.20 लाख रुपये<br>डी) UNB041032101 | ए) 18.06.2024<br>बी) 17.06.2024<br>सी) सुबह 11:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक |

**ई-नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें :-**

**बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी।**

1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर'और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है।
2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा।
3. बिक्री नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा वेबसाइट https://www.mstcecommerce.com पर दिए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अलग-अलग तारीख पर की जाएगी जैसा कि अंतिम कॉलम में ऊपर बताया गया है।
4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया www.mstcecommerce.com, https://eprocure.gov.in/https://epublish/app और www.pnbindia.in देखें।
5. किसी भी विवाद में ई-नीलामी प्रकाशन का अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
6. संभावित खरीदार(इच्छुक पक्ष ) आईपी/पीएंडएम के निरीक्षण के लिए या अन्य)अधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर 8506061975 और 9709848111 पर संपर्क कर सकते हैं।
7.टीडीएस बैंक नीति के अनुसार लागू होगा।

**दिनांक : 31.05.2024** **स्थान : बरेली** **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक, सुरक्षित ऋणदाता**

## उत्तराखंड

## उप राष्ट्रपति ने नीब करौरी के दर्शन किए

**नैनीताल/भवाली, अमृत विचार :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को सपरिवार एक दिवसीय दौरे पर भवाली पहुंचे। उन्होंने सपरिवार कैंचीधाम बाबा नीब करौरी के दर्शन और विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने राम शिला में पूजा की और ध्यान भी लगाया और देश की प्रगति व खुशहाली की कामना की। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गुरुवार को बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी और बेटा भी मौजूद रहे। बाबा के धाम पहुंचने पर उप राष्ट्रपति ने बाबा नीब करौरी महाराज की तपस्या स्थली पर बैठकर पूजा अर्चना की। मंदिर समिति के लोगों ने बाबा के जीवन के बारे में उप राष्ट्रपति को बताया।

# काशीपुर में भाई ने की ईंट मारकर भाई की हत्या

संवाददाता,काशीपुर

**अमृत विचार :** काशीपुर में जुड़वां भाइयों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक भाई ने दूसरे के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी बीच हमलावर भाई फरार हो गया।

मोहल्ला लाहोरियान निवासी दो जुड़वां भाई राम और श्याम अपने परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार की रात को श्याम ने अपनी मां दयावती से पांच हजार रुपये मांगे। रुपये देने से मना करने श्याम मां से झगड़ा करने लगा। इस बीच में श्याम का जुड़वां भाई राम वहां आ गया और उसने श्याम को मां से झगड़ा न करने को कहा। लेकिन, श्याम नहीं माना और वह राम से भी झगड़ने लगा।

दोनों में विवाद इतना बढ़ गया कि श्याम ने राम के सिर पर ईंट दे मारी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन राम को घायलावस्था में सरकारी अस्पताल लेकर गए। जहां गुरुवार को इलाज के दौरान राम ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद हमलावर श्याम फरार हो गया। घटना की सूचना मृतक के तीसरे भाई राहुल सागर ने पुलिस को सूचना दी।

## भालू ने हमला कर युवक को मार डाला

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तरकाशी जिले में भटवाड़ी में भालू ने एक युवक पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। युवक का शव गांव से करीब दो किमी दूर चट्टानों के बीच मिला। भटवाड़ी के रैथल गांव निवासी अजय राणा (33) पुत्र देवेंद्र सिंह राणा गत बुधवार सुबह बकरियां चराने जंगल गया था। शाम तक वह वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। बृहस्पतिवार सुबह अजय का शव गांव से करीब दो किमी दूर चट्टानों के बीच पड़ा मिला। जिसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी टकनौर रेंज रूपमोहन नौटियाल को दी गई। इसके बाद वन विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद शव को चट्टान के बीच से निकाला।



नैनीताल के माल रोड पर ओलावृष्टि के बाद सड़क कुछ यूं दिखने लगी। • अमृत विचार

## नैनीताल में तेज बारिश और ओलावृष्टि से राहत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल में गुरुवार को दिन भर साफ मौसम के बाद अचानक देर रात मौसम ने करवट बदली और तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। नगर की बिजली आपूर्ति भी ठप हो गयी। मॉल रोड पर जमकर ओलावृष्टि हुई। बीते दो दिनों से 30 डिग्री तक पहूंच चुके तापमान में भी गिरावट दर्ज हुई है। मौसम सुहाना होने पर लोग इसका नजारा देखने सड़क पर आ गए। नैनी झील के जलस्तर में भी बढ़ोतरी देखी गई।

### हेलमेट से पीटकर हत्या, दो गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** दो स्कूटी में टक्कर के बाद एक स्कूटी सवार ने फोन कर अपने दोस्तों को बुला लिया। इन लोगों ने हेलमेट से पीट-पीट कर युवक की हत्या कर दी और मौके से फरार हो गये। घटना में युवक का दोस्त भी बुरी तरह घायल हुआ। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तीसरे की तलाश की जा रही है। डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में संजय की मौत हो गई। टीम ने गुरुवार को महेंद्र सिंह (35 वर्ष) और कुंदन सिंह (24 वर्ष) को गौलापार से गिरफ्तार कर लिया। तीसरे आरोपी बालम की तलाश की जा रही है।

### कमरे में मृत मिला सिडकुल कर्मी

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप में कमरे में एक सिडकुल कर्मी का शव मिला है। पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मूलरूप से फतेहपुर उत्तर प्रदेश व हाल निवासी रविंद्र नगर 37 वर्षीय अमित द्विवेदी सिडकुल की सेक्टर 12 स्थित एक कंपनी में काम करता था, जबकि पत्नी आशा व चार साल का बेटा पैतृक गांव में ही रहते हैं। बताया जा रहा है कि रोजमर्रा की भांति सिडकुल कर्मी बुधवार की देर शाम रविंद्र नगर स्थित किराए के मकान में पहुंचा और खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। जब गुरुवार की सुबह युवक नहीं उठा तो पड़ोसी किराएदारों ने कमरे में जाकर देखा तो युवक बिस्तर पर मूर्छित अवस्था में पड़ा हुआ था। आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सिडकुल कर्मी को मृत घोषित कर दिया।

यथा चतुर्भि : कनकं परीक्ष्यते निर्घषणच्छेदन तापताडनै : ।
तथा चतुर्भि : पुरुष : परीक्ष्यते त्यागेन शीलेन गुणेन कर्मणा ॥

घिसने, काटने, तापने और पीटने, इन चार प्रकारों से जैसे सोने का परीक्षण होता है, इसी प्रकार त्याग, शील, गुण, एवं कर्मों से पुरुष की परीक्षा होती है।

## संपादकीय

# संभावनाशील अर्थव्यवस्था

भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की स्थिति में है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चालू वित्त वर्ष में सात फीसदी की आर्थिक विकास दर का अनुमान लगाया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास दर के लिए आरबीआई ने जो अनुमान दिया है वो जानकर राहत मिल सकती है। महत्वपूर्ण है कि यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। ग्रामीण और शहरी परिदृश्यों में विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, वृद्धिशील विकास में बढ़ोतरी हो रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक गति में डीजल की खपत और दोपहिया वाहनों की बिक्री में तेजी देखी जा रही है। दूसरी ओर शहरी आर्थिक गति में यात्री वाहनों की बिक्री, हवाई अड्डे पर यात्री यातायात, जीएसटी संग्रह, क्रेडिट कार्ड लेनदेन, पेट्रोलियम खपत और टोल संग्रह सभी चीजों में सुधार का संकेत है। यानी वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारूपन दिखाया।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पिछले दशक में प्रबल एवं प्रत्यास्थी वृद्धि प्रदर्शित की है, जहां यह विश्व स्तर पर 10 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ती हुई 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और भारत जी-20 देशों के बीच सबसे तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि भू-राजनीतिक तनाव, भू-आर्थिक विखंडन, वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, अंतर्राष्ट्रीय जिंस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अनिश्चित मौसमी घटनाक्रम वृद्धि के कम होने तथा मुद्रास्फीति के बढ़ने का जोखिम उत्पन्न करते हैं। भू-राजनीतिक तनाव, जैसे सीमा विवाद और व्यापार संघर्ष, वैश्विक व्यापार पैटर्न को बाधित कर सकते हैं। इसलिए आरबीआई ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को एआई/एमएल (कृत्रिम मेधा/मशीन लर्निंग) प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने के साथ-साथ बार-बार आने वाले जलवायु झटकों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना होगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन और आगामी सरकार के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था के संभावनाशील क्षेत्रों रोजगार के अवसर सृजित करना, निजी निवेश का पुनरुद्धार करना, कृषि सुधार, घरेलू उपभोग को बढ़ावा देना और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

# बायोलॉजिकल इंसान की मातृ कथा


कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

आध्यात्मिकता सपने में थी। विज्ञान जीवन में रह गया। कोई कह गया है कि मुझे मेरी मां ने शायद पैदा किया हो। मां क्या संभावना होती है? कपूत तो संभावना हो सकता है। किसी ने एंटन चेखव के नाम से सच्ची झूठी कहानी सुनाई थी।



साढ़े तीन बरस का था। तब मां चली गईं। वह मां होने की संभावना नहीं थीं। उसकी नासूर वाली छाती में भी मुझे अपना बेटा बनाने की संभावनाओं का सपना लिए प्रजननशील रहीं। रोज उनसे बातें करता हूं। जीवित होतीं तो मैं भी कैमरामैन लेकर बार-बार जाता और मां के साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया में विज्ञापन के रेट में भी छपवाता। अमेरिका जाता तो वहां भी मां की याद में रोने का अनुष्ठान करता ही। मैं अगर जवान हो गया होता तो मां को कोई काम नहीं करने देता। बाजार में लाइन लगाने तो देता ही नहीं। वह जवानी क्या जो मां को संभावना कहे और डिजिटल क्रांति को वैज्ञानिक आध्यात्मिकता।

हां मैं बॉयोलॉजिकल एनिमल या अंधभक्त जुबान में देहधारी इंसान हूं। आसमान से नहीं टपका। मुझे मां की कोख ने जन्म दिया। यही वैज्ञानिक सच है। नाते रिश्तेदार, डॉक्टर, पास-पड़ोस के लोग गवाह हैं। अभी सुना कोई कह रहा था मुझे शायद मां ने जन्म दिया हो, लेकिन परमात्मा ने भेजा है। उसके भी दस साल पहले मुझे भी परमात्मा ने धरती पर भेजा। नासूर में गलती मां की जिंदगी खत्म होने को थी। कृष्ण भक्त नानी ने वृंदावन में तपस्या की। उन्हें सपने में कृष्ण ने आकर कहा जाओ तुम्हारी बेटी के घर वंश चिराग जलेगा, लेकिन उसे उसकी मां ही जन्म देगी। वह बायोलॉजिकल ट्रुथ होगा। बाई और नानी ने जान दे दी। तब भी मेरे बायोलॉजिकल ट्रुथ में आध्यात्मिकता नहीं आई। परमात्मा की भी इतनी हैसियत नहीं थी कि कह सकें कि इसे इसकी मां पैदा नहीं करेगी।

आध्यात्मिकता सपने में थी। विज्ञान जीवन में रह गया। कोई कह गया है कि मुझे मेरी मां ने शायद पैदा किया हो। मां क्या संभावना होती है? कपूत तो संभावना हो सकता है। किसी ने एंटन चेखव के नाम से सच्ची झूठी कहानी सुनाई थी। रात एक आदमी को प्यास लगी। उसने पानी पिया। बार-बार पिया। चाय पी। काफी पी। दूध पिया। सब पी लिया, लेकिन प्यास नहीं बुझी। फिर शराब पी। तब भी नहीं। प्यासे आदमी में हिंसा भड़कती है, लेकिन इन दिनों खासतौर पर गरीब तबके के लोगों को भी पीने का पानी नहीं मिलने से हिंसा क्यों नहीं भड़क रही है? अचानक उसे सड़क पर एक बच्चा दिखा। उस बच्चे को कैनिबॉल की तरह मारकर उसका खून पी लिया। प्यास तब भी नहीं बुझी। उसे गिरफ्तार कर फांसी पर चढ़ाने हुक्म हुआ। फांसी के तख्ते पर चढ़ रहा था। तब अचानक उसे याद आया। उसने चीखकर कहा। सुनो सब लोगों! मेरी प्यास क्यों नहीं मिट रही?

अब समझ आ गया। मुझे जन्म देते ही मां की मृत्यु हो गई। मैंने उसका स्तनपान नहीं किया। यह मेरी अमिट प्यास है। उसके लिए मर चुकी मां तक संभावना नहीं हो पाई। उसकी देह में प्राण बनी रही। लोग हैं कि मूछों पर ताव देते दाढ़ी पर हाथ फेरते कह लेते हैं कि संभावना है कि शायद मेरी मां ने मुझे पैदा किया हो। अंग्रेजी के विश्व प्रसिद्ध निबंधकार चार्ल्स लैंब मेरे बहुत प्रिय हैं। उनके एक लंबे निबंध 'ड्रीम चिल्ड्रन' याने स्वप्निल शिशु में महाकाव्यों जैसी त्रासद अनुभूतियां भी हैं। दिवास्वप्न देखते लेखक को आसमान में दो बच्चे दिखते हैं। एक लड़का। एक लड़की। दोनों कहते हैं तुमने हमारी मां को धोखा दिया। उससे प्यार किया, लेकिन शादी नहीं की। हमारी मां ने हमें जन्म देने के बाद आत्महत्या कर ली। तुम हमारे हत्यारे पिता हो। मां से ज्यादा हमारे। लेखक पिता पूछता है। आप क्या हैं? वे कहते हैं, हम इंसान होने की संभावनाएं हैं। पानी के बुलबुले हैं। तुम्हारी गोद में आएंगे या हमें छू लोगे तो हम मिट जाएंगे। अस्तित्वहीन हो जाएंगे। मां के लिए संभावनायुक्त बच्चे भी नहीं कहते कि हमारी मां हमारी संभावना मात्र थी।

लैंब की बहन मेरी ने अपनी मां की पागलपन में हत्या की थी। इसलिए आत्मीय रिश्तों के दुनिया के शीर्ष निबंधकार ने सब रिश्तों पर लिखा, लेकिन मां पर नहीं लिखा कि कहीं उसे पढ़कर मेरी बहन पर पागलपन का दौरा न चढ़ जाए। अपनी मां की याद को अपने जेहन से खरोंच डाला लैंब एक महान भाई ने। मां के नहीं होने की टीस उसके ड्रीम चिल्ड्रन जैसे निबंधों में आंखों में आंसुओं को भिगोने लगती हैं। एमए फाइनल के परचे में मैंने लिख दिया था कि लैंब का सबसे बेहतर निबंध तो उसकी मां पर है, जो उसने लिखा ही नहीं। धन्य है वह सहनशील कोख जिसने लैंब में मनुष्य होने की संभावना को पैदा किया। प्रसिद्धि की संभावनाओं के क्षितिज पर जाकर भी वह मां का बायोलॉजिकल बेटा ही तो रहा। मशहूर प्रो. एसआर स्वामीनाथन ने मेरे गलत जवाब के बावजूद मुझे यूनिवर्सिटी में सबसे ज्यादा नंबर दिए थे। मां की याद में छलके दर्द को उकेरती संभावनाओं का निबंध प्रो.स्वामीनाथन को भी उनकी मां की याद दिला गया होगा।

साढ़े तीन बरस का था। तब मां चली गईं। वह मां होने की संभावना नहीं थीं। उसकी नासूर वाली छाती में भी मुझे अपना बेटा बनाने की संभावनाओं का सपना लिए प्रजननशील रहीं। रोज उनसे बातें करता हूं। जीवित होतीं तो मैं भी कैमरामैन लेकर बार-बार जाता और मां के साथ तस्वीरें खिंचवाकर मीडिया में विज्ञापन के रेट में भी छपवाता। अमेरिका जाता तो वहां भी मां की याद में रोने का अनुष्ठान करता ही। मैं अगर जवान हो गया होता तो मां को कोई काम नहीं करने देता। बाजार में लाइन लगाने तो देता ही नहीं। वह जवानी क्या जो मां को संभावना कहे और डिजिटल क्रांति को वैज्ञानिक आध्यात्मिकता।

क्या आईटी सेल के उत्पाद को भी आध्यात्मिकता कह सकते हैं? सुनो रवीश कुमार! मैं भी तुम्हारे रिटायर्ड अंकिलों की उम्र में आ गया हूं। यदि शक करूं शायद मां ने मुझे जन्म दिया होगा तो मेरे घर के लोग पागलखाने में भर्ती कर देंगे। मेरी मां तो संभावना रही होंगी, ऐसा कहने से मनुष्य होने की संभावना क्या बच भी सकती है? अंग्रेजी के बड़े कवि लॉर्ड बॉयरन के लंगड़े होने से शायद उसकी मां लंगड़ा कहकर बुलाती थीं। आक्रोश में बायरन ने सौतेली बहन से ब्याह कर लिया। उद्दाम रोमांस और हिंसक प्रतिहिंसा को समेटे लड़ाई के मैदान में जाकर मर भी गया। किस्सा है परशुराम ने अपनी मां की हत्या कर दी थी। क्या यह आध्यात्मिकता भी है? संसद में 544 बायोलॉजिकल प्रोडक्ट के ऊपर एक आध्यात्मिक शक्तिमान बैठे तो क्या कलियुग सतयुग में बदल जाएगा?

मां मुझे कनक याने सोना कहतीं थीं। मैं जीवन भर पुकार रहा हूं मां! अगर मैं तेरे लिए सोना हूं तो तू मेरे लिए हीरा है। जब मां का नाम हीरा हो तो वह संभावना कैसे हो सकती है? बेटा भले ही मनुष्य होने की असफल संभावना हो। मां तो देवकी थीं जिन्होंने अपने लाल को मथुरा के राजा से निपटने के लिए वृंदावन में जसोदा के पास जेल यातना सहकर भी भेजा था। मां वे थीं जब चाफेकर बंधुओं को मौत की सजा सुनाई गई। तब भीड़ से चीख चीखकर कह रही थीं 'काश! मेरे दो बेटे और होते तो उनकी लाशों को भी तिरंगे झंडे में लिपटा देखकर मेरा मातृत्व धन्य हो जाता। मां की कोख ही इतिहास की जननी होती है। जिसे माता पर भरोसा नहीं हो, वह नफरती तो हो सकता है। आध्यात्मिक कैसे है? मां की बुराई करने वाले को लोग नराधम कहने लगते हैं।

## प्रसंगवश

# साइबर अपराधों से सावधान

आज के समय में माता-पिता अपने बच्चों को खुशी देने के लिए बड़े से बड़ा समझौता करने को भी तैयार हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर आज माता-पिता अधिक जागरूक हुए हैं। बच्चा स्कूल जाता है तो माता-पिता को यह सोचकर प्रसन्नता होती है कि उनका बच्चा शारीरिक और मानसिक विकास कर रहा है और प्रतिदिन कुछ न कुछ नया सीख रहा है, लेकिन आज के समय में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के बीच में विलेन की भूमिका निभाते हुए मोबाइल फोन आ गया है। इस छोटे से यंत्र में वह नशा है, जो बड़े-बड़ों को ले डूबता है। फिर बच्चों की क्या बिसात!


अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

वे इसके फायदे और नुकसानों का आकलन सही तरीके से नहीं कर पाते हैं। एक बार जब मोबाइल हाथ में आया तो फिर इसका नशा सा छा गया और इसे इसे अपने से दूर कर पाना बहुत मुश्किल लगने लगा। एक समय था जब जन्मदिन के अवसर पर हम माता-पिता से छोटे-छोटे खिलौनों के उपहार की उम्मीद करते थे, पर आज किसी भी बच्चे से पूछिए तो उसे आधुनिक फीचर्स वाला बढ़िया मोबाइल चाहिए होता है। अधिकतर माता-पिता भी बच्चे का यह शौक पूरा कर रहे हैं। आज छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट हैं और माता-पिता बहुत ही गर्वानुभूति के साथ दूसरों को यह बात बताते हैं। छोटे-छोटे बच्चे मोबाइल फोन में वीडियो देखते हुए खाना खाते हैं और लोरी सुनकर सोते हैं। माता-पिता और दादी-नानी की भूमिका खत्म सी हो गई है। वर्तमान समय में माता-पिता की व्यस्तता और बच्चों की आजादी भी बढ़ी है।

आज पुराने समय की तरह न तो बच्चे हर समय निगरानी में रहते हैं और न ही माता-पिता फुर्सत में। महिलाएं घर बाहर दोनों की जिम्मेदारियां निभा रही हैं, जो नौकरी नहीं करतीं, वह भी किसी न किसी सामाजिक गतिविधि में शामिल होने के बहाने घर से बाहर निकलना चाहती हैं। परिणाम स्वरूप बच्चों को अकेले रहने का मौका अधिक मिलता है। ऐसे में उनके व्यवहार में परिवर्तन आ रहा है जिससे उनकी परफॉर्मेंस में भी असर पड़ रहा है और यह बात माता-पिता को तब समझ में आती है जब पानी सिर के ऊपर से गुजर चुका होता है। कई बार बच्चा दबंग वाली छवि अपना लेता है और दूसरे बच्चों से मारपीट करता है तो कई बार वह डरा सहमा रहता है। हम बच्चे के शारीरिक स्वास्थ्य पर तो थोड़ा बहुत ध्यान फिर भी देते हैं, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य पर हमारे यहां ध्यान बहुत कम दिया जाता है और यहां तक कि मानसिक बीमारी को बीमारी ही नहीं माना जाता।

इस संदर्भ में साइबर बुलिंग एक खतरनाक टर्म है। डब्ल्यूएचओ ने भारत सहित लगभग 45 देशों के स्कूली बच्चों के व्यवहार पर एक शोध किया है जिसके अनुसार आज अधिकांश बच्चे सोशल मीडिया में 6-7 घंटे बताते हैं, जो इनके जीवन के लिए खतरा उत्पन्न करता है। ऐसे बच्चे खुद को परिवार और समाज से दूर रखने की कोशिश करते हैं। आज ऑनलाइन गेम का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है। अश्लील रील्स और शॉर्ट्स की भरमार है। ब्लू व्हेल चैलेंज, फायर चैलेंज, पास आउट चेलैंज जैसे कई गेम खेलने के दौरान बच्चों ने खुद को नुकसान पहुंचाया है और अपनी अंतरंग तस्वीरें भी शेयर की हैं। जब तक माता-पिता को खबर पहुंचती है, बच्चा इस दलदल में फंस चुका होता है।

हालांकि साइबर क्राइम को लेकर शिकायत करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी है और साथ-साथ स्थानीय थाने के क्राइम ब्रांच ऑफिस में भी शिकायत की जा सकती है। साइबर अपराधों पर धारा 66 ए,बी लागू होती है जिसके तहत तीन साल की जेल की सजा और जुर्माना भी वसूला जाता है। समय-समय पर पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा साइबर खतरों को लेकर सचेत किया जाता है, पर बच्चों को सदमे से बाहर निकल पाना बहुत मुश्किल हो जाता है। निष्कर्ष यही कि माता-पिता को भी कुछ प्रतिमान गढ़ने होंगे, बच्चों के सामने कुछ आदर्श रखने होंगे। खुद को मॉडर्न टेक्नोलॉजी से अपडेट रखना जरूरी है, पर स्क्रीन टाइम हमें भी घटाना होगा।

गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। बच्चों के लिए इंडोर एक्टिविटीज की व्यवस्था की जा सकती है और उन्हें घर के छोटे-छोटे कामों में व्यस्त रखा जा सकता है। लंबे समय तक हेडफोन का इस्तेमाल बहरेपन को बढ़ा रहा है। बच्चों की आंखों में मोटे चश्मे लग रहे हैं। टिनिटस और मायोपिया की समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चों को प्रेम पूर्वक नियंत्रण में रखना जरूरी है और यह पता लगाना भी जरूरी है कि एक छोटा सा यंत्र जो हमने उनके हाथों में दिया है, उंगलियों की नन्हीं शरारत उन्हें कहां से कहां ले जा रही है।

# विश्व मीडिया की प्रवृत्तिः झूठ का उद्योग

आज की पत्रकारिता तो हम सभी देख ही रहे हैं। हिंदी पत्रकारिता दिवस उस पत्रकारिता को भी याद करने का दिन है। आजादी की लड़ाई के जमाने की वह पत्रकारिता, जो व्यवसाय नहीं, एक जुनून और एक मिशन थी। विज्ञापन निकला-स्वराज्य अखबार को संपादक की आवश्यकता है। वेतन : दो सूखी रोटियां और एक गिलास पानी। ध्यान रहे एक संपादकीय लिखने पर 10 साल की सजा हो सकती है। वह जमाना था, जब भारत की लोक चेतना ज्वालामुखी बन गई थी। आठ लोगों ने एक के बाद एक संपादक का काम संभाला और आठों को जेल-शांतिनारायण भटनागर, रामदास, मोतीलाल वर्मा, प्रकाशानंद सरस्वती, बाबूराम हरि, नंद गोपाल चोपड़ा, लड्ढाराम कपूर।

आजादी की लड़ाई पत्रकारिता और साहित्य ने भी लड़ी थी। इलाहाबाद से कर्मयोगी और अभ्युदय पत्र निकलते थे, किंतु एक साप्ताहिक (उर्दू) था - स्वराज्य। इसने तो तहलका मचा दिया था। उसका सिद्धांत वाक्य था- जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं, वह हृदय नहीं वह पत्थर है जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं। प्रचार तंत्र ने झूठ को सच और सच को झूठ बनाकर पैसा कमाया है। आदमी के लिए यह जहर से अधिक विनाशक है। ढिंढोरचीः वे ढिंढोरची हुआ करते थे, ढिंढोरा पीटना उनका काम था, बस्ती में जाकर घंटा, घड़ियाल, ढोल या और कोई वाद्य बजाते थे, ताकि लोग जमा हो जाए, मजमा लग जाए, फिर वे राजा या अपने हाकिम की कही हुई बात को सुना देते थे। आजकल ये काम चैनलों के जिम्मे हो गया है। कोई-कोई मजमेबाज तो हाथ-पैर पीट कर


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत प्रोफेसर

हम लोग तो भारत के मीडिया की ही बात करते रहते हैं, किंतु मीडिया की यह बात विश्व बाजार के साम्राज्य से जुड़ी हुई है।

राजा की बात सुनाता है और कोई बात सुनाते-सुनाते नाचने लगता है। कोई हुड़दंग करता है तो कोई हाहाकार करने लगता है। कभी कभी तू-तू, मैं-मैं होती है तो कभी धामक-धाई हो जाती है। मालिक लोग ढिंढोरची से कहते हैं-रोबै मत, हम तुझे पत्रकार की उपाधि दिलवाए देते हैं, तुझे हम पत्रकारिता का कोई इनाम भी दिलवा देंगे। हम भी इनको ढिंढोरची नहीं पत्रकार कह देंगे, अब काम ढिंढोरची का करते हैं तो क्या हो गया? नेता भी तो डीलर का ही काम करता है, किंतु उसे डीलर कौन कहता है?

हम लोग तो भारत के मीडिया की ही बात करते रहते हैं, किंतु मीडिया की यह बात विश्व बाजार के साम्राज्य से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे विश्व बाजार के साम्राज्य का विस्तार हुआ, वैसे-वैसे विश्व मीडिया का चरित्र बदलता चला गया। यह बात मीडियालेंस के संपादक क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने 2006 में ही बतला दी थी। मीडियालेंस के संपादक क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने बतलाया था कि संसार का सबसे बड़ा मीडिया साम्राज्य जिस कंपनी का था, उसी की दूसरी कंपनी हथियार बनाने और परमाणु ऊर्जा के उत्पादन के कार्य भी कर रही थी। क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने बतलाया था कि आज के पेशेवर मीडिया का दायित्व उन शक्तिशाली लोगों के प्रति है, जो उनकी वित्त व्यवस्था का स्रोत है। आज का मीडिया लोगों को घोटालों, युद्धों, विनाशकारी आपदाओं के इर्दगिर्द अटका कर रखता है।

क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स ने बतलाया कि जनता के जीवन से जुड़े हजारों मुद्दे छिपा दिए जाते हैं। यदि उन कंपनियों के शेयरधारकों को हानि होती हो तो पर्यावरण तक के समाचार गोल कर दिए जाते हैं। उन्होंने इराक का उदाहरण देते हुए लिखा है कि मीडिया पर नरसंहारों की सूचना तक नहीं थी। इस खबर को छिपाया गया कि इराक में 350 टन गोले बिखेर दिए गए थे। क्रोमवेल तथा एड्वड्र्स कहते हैं कि पेशेवर पत्रकार यह मानकर चलता है कि दुनियां वैसी ही है, जैसी शक्तिशाली और धनाढ्य लोग बतला रहे हैं।

बीबीसी के एक पत्रकार ने तो यह भी स्पष्ट कर दिया कि वे समाचार जिनमें ईराक के दृश्य दिखाए गए थे, इराक के नहीं थे, अपितु पाश्चात्य दुनिया के स्टुडियोज में फिल्माए गए थे जिनमें वह पत्रकार स्वयं भी था। अब किसी को इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि मीडिया जनता की आवाज है। आज का मीडिया शक्तिशाली की आवाज है, सत्ता की आवाज है, विश्व बाजार की आवाज है और उसकी बुनियाद केवल और केवल झूठ है। मीडिया झूठ का उद्योग है। झूठ का उत्पादक। झूठ का प्रचारक।

## सोशल फोरम

# मनुस्मृति में दंड विधान

ऋग्वेद में मनु का उल्लेख मिलता है -विश्वो हिष्मा मनवे विश्ववेदसो, यामथर्वा मनुष्पिता, यान मनुरवृणीता पिता जिसमे मनु को विश्वदेव कहा गया, जो समस्त प्रजाओं के पिता हैं। मनु को मनुष्य जाति का कुलपुरुष अथवा पूर्वपुरुष माना जाता है। मनुष्य से समुदाय बना समुदाय से धीरे-धीरे समाज बना, समाज से राज्य अस्तित्व में आया। मनुस्मृति के सातवें अध्याय के श्लोक तीन में कहा गया कि इस जगत में राजा न होने से सब भय से व्याकुल होते हैं। इसलिए इन सबकी रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा को उत्पन्न किया। राज्य की अवधारणा व्यवस्था के लिए बनी और राजा ईश्वर का प्रतिनिधि माना गया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी जनता जनार्दन रूपी ईश्वर से राज्य और राजा अस्तित्व में आते हैं। लोकतांत्रिक संस्थाएं जनता जनार्दन रूपी ईश्वर के प्रतिनिधि हैं। मनुस्मृति के सातवें अध्याय के श्लोक चौदह में कहा गया कि राज्य की व्यवस्था लिए राज्य के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्मरूप और ब्रह्म तेजरूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न कर रखा था। दंड कोई राजा की इच्छा नहीं है। दंड धर्मानुसार ज्ञानपूर्ण तरीके से स्थापित व्यवस्था है। सातवें अध्याय के श्लोक सत्तरह के अनुसार दंड ही राजा, दंड ही पुरुष दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक होता है। ऋषियों ने दंड को ही चारों आश्रमों के साक्षी कहा है।


डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

मनुस्मृति के अनुसार दंड ही राज्य का प्रहरी होता है-दंडः सुप्तेषु जागर्ति-जब दुनिया सोती रहती है तो यह दंड ही जागता रहता है। पंडितों ने इसीलिए दंड को धर्म कहा है -दंड धर्मं विदुर्बुधा। दंड की महत्ता को देखते हुए दंड देने वाले की पात्रता महत्वपूर्ण हो जाती है। सातवें अध्याय में श्लोक छब्बीस में पात्रता के संबंध में कहा गया है कि दंड देने वाले को सत्यवादी, विचार कर काम करने वाला भली प्रकार से धर्म, अर्थ, काम जैसे पुरुषार्थ की बारीकियों का ज्ञाता तथा बुद्धिमान होना चाहिए। इस प्रकार दंड देने वाले की पात्रता महत्वपूर्ण हो जाती है। इसी अध्याय के श्लोक सत्ताईस में कहा गया-यदि राजा भली प्रकार विचार कर दंड देता है तो धर्म, अर्थ, काम की वृद्धि होती है और जो राजा नीच, कामी और अनुचित दंड देने वाला होता है, वह उसी दंड से मारा जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# मुस्कान अभी तक टैक्स फ्री है

सबेरे-सबेरे टहलते हुए बड़े रोचक नजारे दिखते हैं। दिखते तो हर समय हैं, लेकिन टहलने का काम आमतौर पर सुबह होता है तो उसी समय दिखते हैं। सुबह टहलने निकले तो सामने से एक जोड़ा आता दिखा। उनके अंदाज-ए-टहलाई से लगा कि मियां-बीबी रहे होंगे। साथ-साथ टहलते हुए भी दोनों के बीच इतनी दूरी थी कि उनके बीच से एक पूरा परिवार निकल जाए। कोरोना काल की टहलाई कर थे। दूरी अलबत्ता दो की जगह चार से भी ज्यादा गज हो गई थी। दूसरे जोड़े ने अगल-बगल की दूरी को आगे-पीछे की दूरी में बदल दिया था। पति आगे, पत्नी पीछे। अनुगामिनी सी। ऐसा नहीं कि मियां की स्पीड तेज हो, बीबी की धीमी। दोनों समान गति से एक दूसरे से समान दूरी बनाए टहल रहे थे।

एक आदमी कुत्तों के साथ टहल रहा था। कुत्ते उसके इशारे पर जीभ निकाले इधर-उधर मुंह करते टहल रहे थे। कुत्ते उछल-कूद करते हुए अपनी मर्जी से टहलने का नाटक कर रहे थे, लेकिन चल आदमी के पीछे ही रहे थे। कुत्तों की हरकतें किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के इशारे पर चलती सरकारों सरीखी लग रही थीं, जो नाटक भले अपनी जनता के भलाई का करें, लेकिन नीतियां उन कंपनियों की अनुमति से ही बनाती हैं जिनके चंदे से वे सत्ता में आई हैं। सरकारें भी एहसान फरामोश होने से परहेज करती हैं। टहलते हुए नहर किनारे चले गए। जगह-जगह छठ पूजा की शुभकामनाओं के होर्डिंग लगे थे जिनको विधायक निधि से बनवाया गया था। ताकतवर जनप्रतिनिधियों की शुभकामनाओं की इतनी भरमार देखकर लगा कि इंच दर इंच पसरी


अनूप शुक्ल
कानपुर

दुनिया की तमाम आबादी इसी तरह 'दिशा मंडूक' होती है। ऐसे लोग अपनी सोच के कुतुबनुमें तोड़कर अपने नायक के पास धर देते हैं। यह सोचते हुए कि हम क्यों सोचने का काम करें?

शुभकामनाओं के बावजूद कैसे इतना अशुभ होता रहता है। लगता है शुभकामनाओं में मिलावट है। कौन जांच करवाए। नहर के पानी का बहाव हमारे विपरीत था। हमारी सोच में तमाम दिनों से नहर के पानी का बहाव जिधर अंकित है, वास्तव में पानी उसकी उल्टी तरफ बहता है। जब भी पानी देखते हैं, बहाव की दिशा दिमाग में दुरुस्त करते हैं, लेकिन अगली बार फिर लगता है कि पानी उल्टी तरफ बह रहा है। दिमाग में नहर के पानी की दिशा 'सेव' नहीं होती। यह बात देश-दुनिया पर भी लागू होती है। दुनिया चाहे जिधर जा रही हो, लेकिन लोग उसको अपनी सोची हुई दिशा में जाते ही देखते हैं।

दुनिया की तमाम आबादी इसी तरह 'दिशा मंडूक' होती है। ऐसे लोग अपनी सोच के कुतुबनुमें तोड़कर अपने नायक के पास धर देते हैं। यह सोचते हुए कि हम क्यों सोचने का काम करें? जो करेगा यही करेगा, इसको नायक बना लिया, हमारा काम खत्म। उनको पता नहीं होता कि उनका नायक भी अपनी अक्क़ल का कुतुबनुमा किसी और के पास रखकर आया है। थोड़ी दूर तक पक्की सड़क के बाद कच्ची जमीन और पगडंडी शुरू हो गई। लगा किसी जंगल में आ गए। दाईं तरफ एक आदमी उकड़ू बैठा अपने सामने मोबाइल का पर्दा लगाए निपटने में तल्लीन था। उसकी साइकिल बगल में खड़ी थी। सामने पनकी पावर हाउस की चिमनी धुंआ उगल रही थी।

लौटते में एक जगह कुछ लोग खड़े दिखे। हम उनके बगल से होते हुए अंदर हो गए। देखा सड़क किनारे तरण ताल बना था। पानी अलबत्ता नहीं था। आधे में घास उगी थी, आधा सूखा था तरण ताल। सूखे सीमेंट वाले हिस्से में कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तरण ताल के किनारे कुछ लोग जिनमें अधिकांश बुजुर्ग थे, बाबा रामदेव घराने की एक्सरसाइज करने में जुटे थे। एक बुजुर्ग अपने पेट को इतनी तेजी से घुमा रहे थे कि हमको डर लगा कहीं उनके पेट की चूड़ियां न खुल जाएं। बगल में शाखा का झंडा लगा था। किसी ने कहा कि झंडा उतारने की जिम्मेदारी जिसकी है वह तो दौरे पर गया है। बुजुर्ग लोग ही दिखे वहां। लगता है इस वाली शाखा में युवा लोग कम आते हैं। झंडे की बात आगे बढ़ी तो किसी ने कहा -"हमारा समर्थन नहीं चाहिए अब उनको।" बात और भी आगे बढ़ी। कुछ हंसने लगे तो कुछ बतियाने। उनकी बातें सुनते हुए लगा कि सोशल मीडिया में चलने वाली बहसें हमारे आस-पास भी कितनी तेजी से पसरती हैं। रास्ते में तमाम जान-पहचान के लोग मिले। कई लोगों ने नमस्ते किया। हमने भी किया। कई लोगों के नाम हमको नहीं पता। पूछने की हिम्मत भी नहीं होती। डर लगता है कि अगला सोचेगा कि पचीसों नमस्ते डकारने के बाद अब नाम पूछ रहा है। सड़क किनारे आदमी तेजी से टहलते हुए अचानक उल्टे चलने लगा। ऐसा लगा जैसे कोई विकास की बात करता हुआ नेता अचानक कहे-"प्यारे देश वासियों, मैं आपको स्वर्णिम अतीत में ले चलता हूं, जो मजा वहां है वो यहां नहीं मिलेगा।" हमारे देखते-देखते वह आदमी फिर पलट गया और सीधे चलने लगा।

लोग अपने नेताओं से कितना कुछ सीखते हैं। आगे एक महिला सड़क के बीच के डिवाइडर पर बैठी दूसरी महिला से बतिया रही थी, जो कि डिवाइडर के नीचे सड़क पर बेतकुल्फ़ी से फसक्का मारकर बैठी थी। सड़क से गुजरते वाहन उससे बचते हुए निकलते जा रहे थे। एक बच्ची सड़क पर रनिंग करती जा रही थी। धीरे-धीरे। एक आदमी उसके बगल में साइकिल चलाते हुए उसको कुछ निर्देश दे रहा था। बच्ची उसके निर्देशों को चुपचाप सुनते हुए दौड़ती जा रही थी। क्या पता कल को किसी अखबार में बच्ची इंटरव्यू देते हुए कहे-"मैंने अपने दौड़ने का अभ्यास अर्मापुर में किया था। रोज दौड़ती थी मैं।"

लौटते हुए सूरज भाई आसमान से मुस्कराते हुए गुडमार्निंग कर रहे थे। उनकी देखा-देखी सड़क किनारे के अमलताश और गुलमोहर भी सुप्रभात करने लगे। हमने भी कर दिया। दोनों मुस्कराने लगे। सबकी मुस्कान को याद करके अपन भी मुस्करा रहे हैं। मुस्कान अभी तक टैक्स फ्री है। आप भी मुस्करा लीजिए।

## सार-संक्षेप

### प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

**बिजनौर,एजेंसी :** जिले में मेरठ—पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आदमपुर गांव का निवासी प्रॉपर्टी डीलर सुशील कुमार बुधवार रात अपनी दुकान पर था तभी पैदल आए दो नकाबपोश बदमाश उसकी कनपटी पर गोली मारकर फरार हो गए। कुमार को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि घटनास्थल के आस—पास लगे सीसीटीवी की फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। जांच जारी है।

### फतेहपुर में पुलिस मुठभेड़ में तीन गिरफ्तार

**फतेहपुर,एजेंसी :** फतेहपुर के खखरेरू क्षेत्र में गुरूवार तड़के हुई पुलिस मुठभेड़ में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस टीम को एक मोटरसाइकिल पर तीन लोग आते दिखे। पुलिस ने उनको रूकने का इशारा किया लेकिन वह भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया तब बदमाशों ने पुलिस पर गोलिया चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ गोलीयां चलाई जिससे तीनो मोटरसाइकिल से नीचे गिर गए। दो के पैर में गोली लगी जबकि तीसरा भागने का प्रयास करते समय पकड़ा गया। उन्होंने अपना नाम तकसीर, जीसान और आसिफ बताया। तकसीर और जीसान खाका थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं जबकि आसिफ सुल्तानपुर घोष का निवासी है।

### एसटीएफ ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफ की मेरठ इकाई ने गाजियाबाद में एक हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी को लोनी डिपो से गिरफ्तार किया है। गाजियाबाद पुलिस ने आरोपी पर 50 हजार का इनाम भी रखा था। एसटीएफ के एएसपी वृजेश कुमार सिंह ने बताया कि बीती 5 मई को राहुल उर्फ रामबाबू निवासी गाजियाबाद ने विक्रम मावी निवासी टीला शहवाजपुर के ऊपर धारदार हथियार से हमला करके हत्या करने का प्रयास किया था। इस घटना में विक्रम मावी बाल–बाल बच गए थे। बाद में बीती 11 मई की रात्रि राहुल ने घात लगाकर पाइपलाइन रोड के पास विक्रम मावी की हत्या कर दी। गुरुवार को पता चला कि राहुल लोनी डिपो के पास खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। इसी दौरान वहां पहुंचकर उसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया।

### अधिकारियों व कर्मियों की होगी क्षमता वृद्धि

**लखनऊ, अमृत विचार :** आप अपने ही काम को और कितने बेहतर तरीके से कर सकते हैं, इसको लेकर कर्मियों और अधिकारियों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। पहले चरण की कार्यशाला में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकेडमी की ओर से विभिन्न कोर्स और स्किल डेवलपमेंट के बारे में बताया गया। समाज कल्याण निदेशायल में कार्यरत कर्मियों और अधिकारियों को और अधिक ऊर्जावान बनाने के लिए क्षमता विकास को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन एकेडमी के महानिदेशक एल वेंकटेश्वर लू ने कर्मियों और अधिकारियों को स्किल डेवलपमेंट के गुर बताए।

### योगी को अपशब्द कहने वाले को जेल भेजा

**बहराइच, एजेंसी :** जिले के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र निवासी युवक ने बीती रात अपनी मूंछों पर ताव देते हुए मुख्यमंत्री को अपशब्द कहे। गुरुवार को वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिदरखा निवासी सत्यम सोनी ने बीती रात कुछ लोगों के सामने वीडियो बनवाया। इसमें सत्यम ने अपनी मूंछों पर ताव देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपशब्द कहे। वहां मौजूद लोगों ने अपशब्द कहने पर हंसी भी उड़ाई। इसका वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि सत्यम सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# चौथी की छात्रा से रेप में डांस टीचर को 20 साल की कैद

## वर्ष 2016 में स्कूल परिसर में वारदात को दिया था अंजाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एडीजे 13 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 50 हजार जुर्माना भी



**अमृत विचार :** किदवई नगर स्थित स्कूल में डांस सिखाने के बहाने कक्षा चार की छात्रा से रेप करने वाले डांस टीचर को एडीजे 13 की कोर्ट ने 20 साल कैद की सजा सुनाई। मई 2016 में टीचर ने छात्रा को बुलाकर एक्टिविटी हॉल में वारदात को अंजाम दिया था। घर लौटने पर पीड़िता ने परिजनों को बताया था। जिस पर परिजनों ने नौबस्ता थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि उनकी बेटी किदवई नगर के ब्लॉक स्थित मदर टेरेसा में कक्षा चार की छात्रा थी। तीन मई 2016 को बेटी स्कूल गई थी, जहां गुजैनी निवासी डांस टीचर किशन राठौर बेटी की क्लास में गया और डांस सिखाने के बहाने एक्टिविटी हॉल में छात्रा को ले गया। जहां टीचर ने उसके साथ रेप किया। डरी सहमी छात्रा ने घर लौटने के बाद घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने नौबस्ता थाने में किशन राठौर के खिलाफ रेप व पॉक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था। मामला एडीजे 13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। विशेष लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि मामले में पीड़िता के पिता, पीड़िता समेत सात गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने आरोपी डांस टीचर को दोषी पाते हुए 20 साल का कारावास व 50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई।

## ट्यूबवेल के पानी में करंट उतरने से किशोर की मौत

**फतेहपुर, एजेंसी :** जिले में एक किशोर दोस्तों के साथ खेलते-खेलते ट्यूबवेल पर पहुंचकर नहाने लगा। इस दौरान अचानक टंकी में उतरे करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। थरियांव थाना क्षेत्र के सुखपुर गांव निवासी सूरजभान का 14 वर्षीय बेटा साजन गुरुवार सुबह पड़ोस में रहने वाले अपने दो दोस्तों के साथ खेलने गया था। इस दौरान गांव किनारे जैसे ही बच्चे पहुंचे तो वहां चल रहे नलकूप को देखकर साजन नहाने लगा। नहाते समय अचानक टंकी के भरे पानी में करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से साजन चीख कर तड़पने लगा। यह देख आसपास खेतों में काम कर रहे मजदूर दौड़कर मौके पर पहुंचे और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन साजन को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## आजम के भड़काऊ भाषण मामले में ट्रायल कोर्ट के रिकार्ड तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान संवैधानिक पदों पर नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ अनर्गल शब्दों का प्रयोग करते हुए लोगों को भड़काने तथा अधिकारियों को उकसाने, निर्वाचन आयोग और वर्तमान मुख्यमंत्री के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करते हुए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में सपा नेता आजम खान के मामले में ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड तलब किए हैं।

अपर महाधिवक्ता ने जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा है। कोर्ट ने महाधिवक्ता का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामले को आगामी 5 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने मोहम्मद आजम खान की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान रामपुर के धमौरा विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आजम खान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणियों के साथ ही उच्च पदासीन अधिकारियों के विरुद्ध अनर्गल शब्दों का प्रयोग करते हुए व्यक्तिगत आक्षेप किये, जिससे वे उत्तेजित हो जाएं। इसके साथ ही आजम खान ने चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लगाए गए वीडियोग्राफर के कार्य में भी व्यवधान उत्पन्न किया। निर्वाचन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाए गए सुरक्षा बलों तथा पुलिस के विरुद्ध भी भड़काऊ भाषण दिया।

## बंद इकाइयां चालू न होने से बिजली संकट बरकरार

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ

- समय पर बिजली आपूर्ति बहाल करें अधिकारी: आशीष गोयल

अमृत विचार : बंद इकाइयों के चालू न होने से प्रदेश में गुरुवार को भी बिजली संकट बना रहा। अधिकतम बिजली की मांग 29,077 मेगावाट दर्ज हुई। इस बीच, पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने शक्ति भवन में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर बिजली आपूर्ति का जायजा लिया।

भारी मांग के कारण ठप हुई अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट व पारीछा बिजलीघर की 250 मेगावाट क्षमता की इकाइयों को चालू करने के प्रयास जारी रहे, पर देर रात तक इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। हालांकि, बिजली अभियंता इकाइयों के चालू कर लिये जाने की उम्मीद जताते रहे। इसी तरह, ओबरा बिजलीघर की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि जहां कहीं भी बिजली आपूर्ति बाधित हो, वहां के उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों व मीडिया को जानकारी उपलब्ध कराई जाय। समय पर बिजली आपूर्ति बहाल करें। उपभोक्ता सेवा 1912 पर भी इसकी सूचना दी जाय। बैठक में कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार, निदेशक वितरण जीडी द्विवेदी, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत आदि अधिकारी शामिल थे।

## अवैध खनन के दौरान घड़े में मिले मुगल कालीन सिक्के

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार :** मेंहदावल तहसील क्षेत्र के बेलहर थानाक्षेत्र अंतर्गत लोहरौली मिश्र गांव में जेसीबी मशीन से अवैध खनन के दौरान एक मिट्टी के बर्तन में रखे सैकड़ों की संख्या में मुगल कालीन चांदी जैसी धातु के सिक्के बरामद हुए हैं। ग्रामीणों में सिक्के लूटने की होड़ मच गई। देखते ही देखते अधिकांश सिक्के ग्रामीण लूट ले गए। जैसे ही यह जानकारी तहसील प्रशासन को हुई। तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर 168 सिक्के बरामद कर लिया। शेष सिक्कों की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। बरामद सिक्कों को पुरातत्व विभाग को सौंपने की तैयारी है।

गुरुवार को मेंहदावल तहसील क्षेत्र अन्तर्गत बेलहर थानाक्षेत्र के लोहरौली मिश्र गांव में सुबह अंकित मिश्रा के खेत में भट्ठा मालिक बहाउद्दीन के द्वारा बिना किसी अनुमति के जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई कराई जा रही थी। इसी दौरान खेत मे मिट्टी का घड़ा मिला। घड़े में मुगलकालीन शासकों के चित्र बने चांदी के सिक्के भरे थे। सिक्कों पर अरबी और फारसी भाषा के शब्द लिखे थे। सिक्के मिलने की खबर गांव में आग की तरह फ़ैल गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों में सिक्के लूटने की होड़ मच गई। जेसीबी चालक तबरेज और चार ट्रैक्टर चालकों ने तमाम सिक्के समेट लिये। इसी गांव के निवासी दिवाकर मिश्र 80 सिक्के अपने साथ उठा ले गए। तहसील प्रशासन के पहुंचने पर उन्होंने महज नौ सिक्के वापस किया। कलावती पत्नी राम सांवर भी दर्जनों सिक्के ले गयी थीं। उन्होंने सिर्फ पांच सिक्के ही वापस लौटाया। 20 से ज्यादा अज्ञात लोग भी सिक्के ले गए हैं। उनमें से किसी ने भी सिक्के वापस नहीं लौटाया है। तहसील प्रशासन को मौके से महज 168 सिक्के ही मिले हैं। बरामद सिक्कों को सील करके पुरातत्व विभाग को सौंपने की तैयारी की जा रही हैं। पूरे मामले की वृहद जांच पुरातत्व विभाग के द्वारा की जाएगी। चांदी के सिक्कों पर फारसी व उर्दू शब्दों में मुगल बादशाह के नामों का उल्लेख है। यह सिक्के लगभग 500 वर्ष पुराने बताए जा रहे हैं।



खेत में घड़े के अंदर मिले मुगल कालीन सिक्के।

## प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपियों पर लगेगा गैंगेस्टर जब्त होंगी संपत्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस अब आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने जा रही है। मामले में अब तक गिरफ्तार हुए करीब 250 आरोपियों में से 100 के खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने की तैयारी है।

आरोपियों के द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गईं संपत्तियों को भी जब्त करने का निर्णय लिया गया है। मालूम हो कि दोनों परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक करने के आरोप में अब तक 250 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस मामले में 16 आरोपी मास्टर माइंड श्रेणी के हैं, जिन्हें एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। अब इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी है। अधिकारियों के मुताबिक, इनमें से 100 आरोपी ऐसे पाए गए हैं, जो प्रश्नपत्र लीक करने की योजना में भी शामिल थे। इनके खिलाफ गैंगेस्टर के तहत कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। अभी करीब 150 आरोपी और ट्रेस किए गए हैं।

## राममंदिर निर्माण कार्य के समय में हुआ बदलाव

**अयोध्या, अमृत विचार :** निर्माणाधीन राम मंदिर के कार्य पर भी गर्मी का असर पड़ रहा है। निर्माण कार्य में बदलाव कर दिया गया है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप के कारण कार्यों को बंद कर दिया गया है। अब सुबह 8 से 12 बजे तक और शाम 4 से देर रात तक ही कार्यों को किया जा रहा है। प्रथम तल का कार्य पूरा होने के बाद द्वितीय तल पर भी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही शिखर निर्माण की तैयारी भी शुरू हो गई है। मंदिर की परिधि में बन रहे परकोटा का कार्य प्रगति पर है। जन्मभूमि परिसर में सप्त मंडपम, शेषवतार मंदिर का कार्य भी चल रहा है।

## मदरसे में रखने, धर्मांतरण कराने वाले आरोपी को जमानत से इनकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग लड़के को बहला-फुसलाकर जबरन धर्मांतरण करने के उद्देश्य से मदरसे में रखने के आरोपी मौलवी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने मौलवी को राहत देने से इनकार करते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ विशेष आरोप है और पीड़ित ने भी सीआरपीसी की धारा 161 के तहत अपने बयान में उसके खिलाफ आरोपों का समर्थन किया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने मौलवी सैयद शाद काजमी उर्फ मोहम्मद शाद की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। हालांकि याची के अधिवक्ता का तर्क है कि उसे झूठे आरोपों के आधार पर फंसाया गया है। कथित पीड़ित मानसिक रूप से विक्षिप्त था। याची ने उसे कभी भी धर्मांतरण के लिए विवश नहीं किया। दूसरी ओर सरकारी व्यवस्था ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि याची मस्जिद में मौलवी है, जिसने न केवल शिकायतकर्ता के मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग बेटे को अपना धर्म बदलने के लिए बहलाया बल्कि उसे बदलने के लिए जबरन मदरसे में भी रखा और उसका धर्म परिवर्तन करा दिया। अंत में कोर्ट ने आरोपों की गंभीरता और प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया।

## वर्ग पहेली-86

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो नियम के अनुकूल न हो 2. जो कार्य व्यवस्थानुसार न चले 3. विधि व्यवस्था का अनुसरण न होना।

3. घुटनों तक लंबा, घुटनों तक लटकता हुआ।

5. (व्याकरण) संबंध को जोड़ने वाला।

6. 1. गोल छोटी थाली, तश्तरी 2. घोड़े की बगल में लटकने वाली तलवार।

8. 1. छोटी रस्सी जिससे चौपायों के दो पैरों को एक दूसरे से सटाकर बांध देते हैं ताकि वे दूर तक भाग न सकें

**ऊपर से नीचे**


1. 1. अनुबोध करने वाला, अनुबोध कराने वाला 2. आलोक-पत्र।

2. 1. दिशा, ओर 2. बगल, किनारा 3. पक्ष।

4. बादशाह, सम्राट।

5. 1. वहन करना, ले जाना 2. हवा

7. 1. लकड़ी या काठ से निर्मित 2. जिसका छिलका मोटा और कड़ा हो 3. जिसका गूदा कड़ा हो।



### वर्ग पहेली -85 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 छि | न | वा | ना | | | 2 प |
| | | | | 3 फ | फो | ला |
| | | 4 ढौं | | ड़ | | |
| 5 प | 6 रि | चा | रि | क | | 7 आ |
| | टा | | | ना | | द |
| | य | | | | | ह |
| 8 वि | र | ह | नि | वे | द | न |

## सुडोकू-165

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| | | | | | 4 | | | |
| | | | | | | 7 | | |
| | 8 | | | 9 | | | | |
| | | | | | | | 4 | |
| | | | | | 7 | | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 1 | | | | | 8 |

### सुडोकू -164 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 8 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 3 | 1 | 8 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 |

## साइबर अपराधियों के निशाने पर आईएएस अफसरों की फेसबुक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रमुख सचिव नमामि गंगे और विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म हुए शिकार

**अमृत विचार :** साइबर अपराधियों के निशाने पर आईएएस अफसरों की फेसबुक आईडी है। राजधानी में तैनात दो आईएएस अफसर इसके शिकार हुए हैं। जालसाजों ने दोनों की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर परिचितों से रकम की मांग की है। शिकार हुए अफसरों में प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव और विशेष सचिव भूतत्व एवं खनिकर्म विजय कुमार शामिल है। दोनों अधिकारियों ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।


**परिचितों को मैसेज भेज मांगे रुपये :** भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के विशेष सचिव विजय कुमार के नाम से साइबर जालसाजों ने फर्जी फेसबुक आईडी बना ली। विशेष सचिव ने साइबर क्राइम थाने की पुलिस को बताया कि 23 मई की रात को फर्जी फेसबुक आईडी से उनके कई मित्रों व परिचितों को मैसेज किया गया। जिसमें इमरजेंसी बताकर रुपये की मांग की गई। यह रुपये उनके नाम पर मांगे गए। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि फर्जी फेसबुक के माध्यम से कोई आपराधिक घटना को अंजाम दिया जा सकता है। वहीं, प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव के नाम का फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर साइबर जालसाजों ने वसूली करने का प्रयास किया है। इस मामले में विनम्रखंड निवासी राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन आईटी सेल के प्रबंधक प्रदीप कुमार तिवारी ने साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 मई शुक्रवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–ज्येष्ठ, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–अष्टमी 09 .38 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**–पश्चिम। **ऋतु**–ग्रीष्म। चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र–शतभिषा 06 .14 तक तत्पश्चात पूर्वाभाद्रपद 01 जून 04 .48 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** – आज आप अपने खर्चों का प्रबंधन करने का प्रयास करेंगे। यद्यपि आप व्यापार में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल हो सकता है। उत्तम भोजन का आनंद लेंगे। आप किसी फाइनेंशियल मामले को सुलझाने में व्यस्त हो सकते हैं।

**वृष** – आज कानूनी मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। विवाह से जुड़े मामलों पर चर्चा के लिए दिन शुभ है। कई दिनों से जिस मामले को लेकर आप अनिर्णय की स्थिति से जूझ रहे थे, उस पर आप महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन** – आज यदि आपने किसी से कर्ज लिया है तो उसे लेकर भी विवाद होने की आशंका है। आपको किसी से भी झगड़ने से बचना चाहिए। सावधान होकर परिस्थितियों का आकलन करें,शीघ्र ही आपको सुखद परिणाम प्राप्त होंगे।

**कर्क** – आज का दिन सेहत के दृष्टिकोण से शुभ नहीं है। धन को लेकर परेशानियां भी साथ में जुड़ सकती हैं। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। बाहर के और अशुद्ध खानपान से बचें। उल्टी–दस्त की शिकायत होने की आशंका है। लोग आपको गलत समझ सकते हैं।

**सिंह** – आज जॉब कर रहे लोग अपनी पदोन्नति को लेकर अधिकारियों से चर्चा कर सकते हैं। युवा प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय में नए प्रयोग की योजना बना सकते हैं। आपके काम से कई लोग प्रभावित रहेंगे।

**कन्या** – आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की डांट खानी पड़ सकती है। सरकारी कार्यों में कुछ रुकावट संभव है। उच्च अधिकारी आपके ऊपर अनावश्यक दबाव डालने का प्रयास कर सकते हैं,किंतु आप समझदारी पूर्वक काफी समस्याओं को सुलझा भी लेंगे।

**तुला** – आज गूढ़ विद्याओं से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आपको स्वप्न के माध्यम से भविष्य के संकेत मिल सकते हैं। किसी उधार को चुकता करने के लिए दिन उत्तम है। आप नई और रोचक विषयों पर जानकारी लेने को उत्सुक रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज व्यवसाय में धन लाभ होगा। इसके बावजूद आपको कुछ मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें। आपको मेहनत का सार्थक परिणाम नहीं मिल रहा है।

**धनु** – आज गुप्त शत्रुओं की पहचान करने में सफलता मिलेगी,जो कार्य किसी कारणवश रुक गए थे,उनकी वैकल्पिक व्यवस्था हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जॉब में आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा।

**मकर** – आज घर बदलने का विचार कर सकते हैं। आय बढ़ाने के नए विकल्पों की खोज कर सकते हैं। दार्शनिक विषयों के प्रति आपका झुकाव बढ़ेगा। आप संतान को लेकर कुछ चिन्तित हो सकते हैं, लेकिन आपकी चिंता का समाधान अवश्य ही हो जाएगा।

**कुंभ** – आज नया घर खरीदना चाह रहे हैं तो इच्छानुसार डील मिल सकती है। मित्रों की सहायता कर सकते हैं। आपका सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं। पुराने निवेश का आपको लाभ प्राप्त होगा।

**मीन** – आज लोगों से सोच–समझकर ही बातें करें। आध्यात्मिक चर्चाओं से मन शांत होगा। व्यापारियों को अपनी दुकान की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखना होगा। अनावश्यक यात्राओं पर जाना पड़ सकता है। गले में दर्द और जुकाम की शिकायत हो सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- दरार – सुबह : 10 .03
- अरुंधती – दोपहर : 03 .04

&pictures
- पार्टनर – सुबह : 11 .06
- थलाइवी – रात : 08 .00

SONY PIX
- ग्रान टूरिस्मो – सुबह : 10 .59
- स्पाइडर–मैन 2 – रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- जिस्म – सुबह : 11 .10
- तारे जमीन पर – रात : 07 .15

colors CINEPLEX
- डुप्लीकेट – सुबह : 10 .49
- भेड़िया – शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 07 .15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू– मैं यहां नहीं रहूंगा! इतना छोटा सा कमरा न तो कोई खिड़की है और न बाथरूम! मुझे मेरे पैसे वापस चाहिए
वेटर– लेकिन सर ये तो
संता– नहीं–नहीं, मुझे पैसे वापस दे दो।
वेटर– अबे गंवार ऊपर रूम में तो चल, यह तो लिफ्ट है।

पत्नी– अगर मैं मर गई तो तुम क्या करोगे?
पति– शायद मैं भी मर जाऊं
पत्नी– क्यों?
पति– कभी–कभी ज्यादा खुशी भी जानलेवा होती है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2080, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1675, राग गोल्ड 1650, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो.) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2050, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10800, मोटा हीरा 12100, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600–15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी** - डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# 2024-25 में वृद्धि दर 7% रहने का अनुमान

## आरबीआई ने जारी की वार्षिक रिपोर्ट, मुद्रास्फीति में कमी आने की जताई उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7% की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है। यह दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की सबसे तेज रफ्तार होगी। केंद्रीय बैंक ने 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कुल मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद जताई है। हालांकि, खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने का संकेत देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आपूर्ति पक्ष के झटकों के कारण संवेदनशील बनी रहेगी।

भारतीय रिजर्व बैंक के बही-खाते का आकार मार्च, 2024 तक 11.08 प्रतिशत बढ़कर 70.47 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह पाकिस्तान के कुल सकल घरेलू उत्पाद (करीब 340 अरब अमेरिकी डॉलर) का करीब 2.5 गुना है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 वित्त वर्ष) में मजबूत गति से विस्तार किया, जिससे वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई है। यह 2022-23 में सात प्रतिशत थी। यह लगातार तीसरे वर्ष सात प्रतिशत या उससे अधिक रही। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने लगातार चुनौतियों के बावजूद जुझारुपन दिखाया। जीडीपी वृद्धि को बैंकों तथा कॉरपोरेट जगत की स्वस्थ बैलेंस शीट, पूंजीगत व्यय पर सरकार के ध्यान देने और विवेकपूर्ण मौद्रिक, नियामकीय तथा राजकोषीय नीतियों से समर्थन मिला है। हालांकि, भारतीय अर्थव्यवस्था प्रतिकूल वैश्विक समष्टि आर्थिक तथा वित्तीय परिवेश से जूझ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया।

रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था, व्यापक आर्थिक तथा वित्तीय स्थिरता के परिदृश्य में अगले दशक में वृद्धि की गति को तेज करने की अच्छी स्थिति में है।

### बीते वित्त वर्ष बैंकों में बढ़े धोखाधड़ी के मामले



बैंकों से जुड़े धोखाधड़ी के मामले बीते वित्त वर्ष (2023-24) में बढ़कर 36,075 रहे। हालांकि, इस दौरान धोखाधड़ी वाली राशि 46.7 प्रतिशत घटकर 13,930 करोड़ रुपये रही। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी में शामिल राशि 13,930 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले 26,127 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी के मामलों की संख्या 36,075 हो गई, जो एक साल पहले 13,564 थी। रिपोर्ट के अनुसार, धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और भुगतान अनुभव को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नये अधिनियम डिजिटल व्यक्तिगत सूचना संरक्षण कानून, 2023 के अनुपालन के तहत वास्तविक रूप से कोष अंतरण से पहले भुगतान प्राप्त करने वाले के नाम की वास्तविक समय पर सत्यापन की संभावना टटोली जाएगी।

### एमएसपी ने उत्पादन लागत पर 50% का न्यूनतम मुनाफा किया सुनिश्चित

**मुंबई।** वित्त वर्ष 2023-24 के खरीफ और रबी दोनों मौसम में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ने सभी फसलों के लिए उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत लाभ सुनिश्चित किया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की बृहस्पतिवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया कि 31 मार्च 2024 तक खाद्यान्नों का समग्र सार्वजनिक भंडारण कुल तिमाही भंडारण मानक का 2.9 गुना था। सरकार ने 29 नवंबर 2023 को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्यान्न के मुफ्त वितरण की योजना को एक जनवरी 2024 से पांच और वर्षों के लिए बढ़ा दिया था। रिपोर्ट में कहा कि असमान तथा कम दक्षिण-पश्चिम मानसून वर्षा के साथ ही अल नीनो की स्थिति के मजबूत होने से कृषि और संबद्ध गतिविधियों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

# कांग्रेस हमेशा विकास के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराई

- वित्त मंत्री सीतारमण ने पोस्ट में विपक्षी पार्टी पर लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराने तथा केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा पेश किए गए इंसोल्वेंसी एंड बैंक्रप्सी कोड (आईबीसी) से पहले वित्तीय कॉर्पोरेट संकट की कार्यवाही कानूनों के एक टुकड़े द्वारा शासित होती थी, जिससे समस्याएँ सुलझने के बजाय और बिगड़ जाती थीं।

वित्त मंत्री सीतारमण ने इसको लेकर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि माल एवं वस्तु सेवा कर (जीएसटी) की तरह कांग्रेस आम सहमति बनाने और सुधारों को लागू करने के लिए राजनीतिक पूंजी खर्च करने के वास्ते उत्सुक नहीं थी। कांग्रेस हमेशा भारत के विकास और वृद्धि के लिए प्रगतिशील कदम उठाने से कतराती रही है और केवल प्रतिगामी नीतियों को प्रोत्साहित करती रही है। उन्होंने कहा कि इंसोल्वेंसी कानून लागू करने की सख्त जरूरत के बजाए संप्रग सरकार ने जानबूझकर बैंकों और परिचालन ऋणदाताओं की कीमत पर अपने साथियों को फ़ायदा पहुंचाने की कोशिश की।



## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 95,550 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,050 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,200–55,400 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 73,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 72,000 |
| चांदी पक्की | 908 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 91,300। |

# भीषण गर्मी के साथ बिजली की मांग 250 गीगावाट पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से बिजली की अधिकतम मांग बृहस्पतिवार को रिकॉर्ड 250 गीगावाट पर पहुंच गई है। बिजली मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

गर्मी से राहत के लिए घरों एवं दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ रही है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति बृहस्पतिवार को 250 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रही, जो अभी तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। इससे पहले बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग इस सत्र में 246 गीगावाट के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी। मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार देश भर में गैर-सौर ऊर्जा की मांग भी 29 मई को 234.3 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। यह मांग भीषण गर्मी, बढ़ती औद्योगिक और आवासीय बिजली खपत के संयुक्त प्रभाव को दर्शाती है। बृहस्पतिवार को उत्तरी क्षेत्र ने भी 86.7 गीगावाट की मांग पूरी की, जो सर्वकालिक उच्च स्तर है।

### सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। जबकि चांदी अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से नीचे बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, चांदी की कीमत 1,100 रुपये टूटकर 96,000 रुपये प्रति किग्रा रह गई। बुधवार को चांदी 97,100 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। इस बीच, सोने का भाव 350 रुपये गिरकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में सोना 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# एफडीआई प्रवाह 3.49% घटकर 44.42 अरब डॉलर

- वित्त वर्ष 2023-24 के सरकारी आंकड़ों से हुआ खुलासा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) इक्विटी प्रवाह 2023-24 में 3.49 प्रतिशत घटकर 44.42 अरब डॉलर रहा है। सेवा, कंप्यूटर हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर, दूरसंचार, मोटर वाहन और औषधि जैसे क्षेत्रों में कम निवेश के कारण यह गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

वित्त वर्ष 2022-23 में एफडीआई प्रवाह 46.03 अरब अमेरिकी डॉलर था। हालांकि, वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में प्रवाह 33.4 प्रतिशत बढ़कर 12.38 अरब डॉलर हो गया। 2022-23 की इसी तिमाही में यह 9.28 अरब डॉलर था। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआई 2023-24 में मामूली रूप से एक प्रतिशत घटकर 70.95 अरब डॉलर रहा, जबकि 2022-23 में यह 71.35 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में एफडीआई प्रवाह में 22 प्रतिशत की गिरावट आई थी। कुल एफडीआई में इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल है। एफडीआई प्रवाह वित्त वर्ष 2021-22 में सर्वाधिक 84.83 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2023-24 में मॉरीशस, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, केमैन आइलैंड, जर्मनी और साइप्रस सहित प्रमुख देशों से एफडीआई इक्विटी प्रवाह में कमी आई। हालांकि, नीदरलैंड और जापान से निवेश में वृद्धि हुई है। क्षेत्रवार बात की जाए, तो सेवा, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, व्यापार, दूरसंचार, मोटर वाहन, औषधि और रसायन में प्रवाह में कमी आई है।



## राष्ट्रीय

# गठबंधन की सरकार कृषि ऋण करेगी माफ

## ओडिशा की चुनावी रैली में बोले राहुल, हमने संविधान को बचाने का लिया है संकल्प

बालासोर (ओडिशा), एजेंसी



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अग्निवीर योजना के जरिए जवानों को मजदूर बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हाल ही में ओडिशा के लोगों का अपमान किया, जब उसके एक नेता ने कहा कि भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। भद्रक लोकसभा सीट के सिमुलिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने संविधान और लोकतंत्र को बचाने का संकल्प लिया।

गांधी ने घोषणा की कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर खाद्यान्न पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी जामा पहनाया जाएगा, कृषि ऋण को माफ किया जाएगा और अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा। गांधी ने यहां जनसभा से इतर संवाददाताओं से कहा-हम अग्निवीर योजना को खत्म करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जवानों को मजदूर बना दिया है। हम जवानों को फिर से सैनिक बना देंगे। उन्होंने कहा कि सभी जवानों को पेंशन, कैंटीन सुविधाएं मिलेंगी और उनकी मृत्यु की स्थिति में शहीद का दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने बीजू जनता दल (बीजद) पर भाजपा के साथ साझेदारी में काम करने का आरोप लगाया। गांधी ने कहा कि वह भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं, जिसकी वजह से केंद्र सरकार ने उनके खिलाफ मानहानि के 24 और आपराधिक मामले दायर किए हैं।

### इंडिया गठबंधन 48 घंटे के भीतर करेगा प्रधानमंत्री का चयनः जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन स्पष्ट एवं निर्णायक जनादेश हासिल करेगा और नतीजों के 48 घंटे के भीतर प्रधानमंत्री का चयन कर लिया जाएगा। लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण के मतदान से पहले, प्रचार के आखिरी दिन दिए साक्षात्कार में रमेश ने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन में जिस पार्टी को सबसे अधिक सीट मिलेंगी, वही पार्टी अगली सरकार के नेतृत्व के लिए स्वाभाविक दावेदार होगी। उनका यह भी कहना था कि इंडिया जनबंधन के घटक दलों को जनादेश मिलने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कुछ घटक भी इस गठबंधन में शामिल हो सकते हैं, हालांकि कांग्रेस आलाकमान को यह तय करना होगा कि उन्हें गठबंधन में शामिल किया जाए या नहीं।

### केजरीवाल की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब तलब



**नई दिल्ली।** धनशोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत और मेडिकल आधार पर सात दिन की अंतरिम जमानत याचिकाओं पर यहां की एक विशेष अदालत ने ईडी को गुरुवार को जबाव तलब किया। राउज एवेन्यू स्थित ईडी और सीबीआई मामलों से संबंधित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ईडी को अपना पक्ष रखने की अनुमति दी और कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई एक जून को अपराह्न दो बजे करेगी।

# ई-रिक्शा चालक ने महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म

- दिल्ली में 26 मई को हुई थी वारदात, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी में एक ई-रिक्शा चालक द्वारा 25 वर्षीय महिला को कथित तौर पर नशीला पदार्थ पिलाकर उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि मामले में उत्तर दिल्ली के कोतवाली इलाके से आरोपी मोहम्मद उमर (24) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) मनोज कुमार मीणा ने बताया कि 26 मई को कोतवाली पुलिस थाने को डकैती की घटना की पीसीआर कॉल आई, जिसके बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची। वहां पर महिला घायल अवस्था में मिली और उसका खून बह रहा था। महिला का तीन साल का बेटा बगल में बैठा था। उन्होंने कहा कि महिला मूल रूप से बिहार की रहने वाली है और उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया और चिकित्सा परीक्षण कराया गया। पुलिस के मुताबिक, महिला अपने तीन साल के बेटे के साथ बिहार से पंजाब अपने पति से मिलने जा रही थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि 26 मई को महिला ट्रेन से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन उतरी और सदर बाजार गई। जब वह सदर बाजार से रेलवे स्टेशन लौट रही थी तो ई-रिक्शा चालक ने कथित तौर पर उसे पेय पदार्थ की पेशकश की जिसे पीकर वह बेहोश हो गई। मीणा ने बताया- महिला के बयान के मुताबिक रिक्शा चालक उसे सुनसान स्थान पर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

### पुलिस ने दो आतंकवादी सहयोगियों को लगाया जीपीएस डिवाइस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को अनंतनाग जिले में दो आतंकवादी सहयोगियों को ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) ट्रैकिंग डिवाइस लगाया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि अदालत के आदेशानुसार, अनंतनाग पुलिस ने आज गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) मामले में जमानत पर रिहा किये गये आतंकवादी सहयोगियों पर जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस लगाया, जिससे पता लगाया जा सके कि वे कहीं जमानत शर्तों का उल्लंघन तो नहीं कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने जानकारी दी है कि आरोपियों को 2018 में थाना डूरू में यूएपीए अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया था। बाद में, उन्हें न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

## एक नजर

### ईडी ने शाहजहां शेख व अन्य के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले की जांच के तहत पश्चिम बंगाल के निलंबित तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और दो कथित सहयोगियों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया है। यह जानकारी जांच एजेंसी ने बृहस्पतिवार को दी। अभियोजन पक्ष की शिकायत में नामजद अन्य लोगों में एसके आलमगीर (शाहजहां के भाई) के अलावा शिब प्रसाद हाजरा और दीदार बोक्श मोल्ला शामिल हैं। कोलकाता में पीएमएलए की विशेष अदालत के समक्ष आरोप पत्र दाखिल किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में 16 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग स्थानों से 16 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के बीजापुर और उसूर थाना क्षेत्रों में सुरक्षाबलों ने अलग-अलग कार्रवाइयों में 16 नक्सलियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि बीजापुर कोतवाली थाने के जवानों ने गोरना-पड़ियापारा से 11 तथा उसूर थाना क्षेत्र में पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया।

### प्रधानमंत्री मोदी को लोकसभा चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मौजूदा लोकसभा चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने संबंधी याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी और कहा कि अर्जी में लगाए गए आरोप निराधार और बेतुके हैं। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका दुर्भावनापूर्ण और परोक्ष उद्देश्यों से प्रेरित है और इस तरह के आरोप स्वीकार नहीं किए जा सकते। कैप्टन दीपक कुमार की याचिका में आरोप लगाया गया था कि मोदी और उनके साथियों ने 2018 में एअर इंडिया के एक विमान की घातक दुर्घटना की योजना बनाकर राष्ट्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने का प्रयास किया था। याचिकाकर्ता दीपक विमान में पायलट के तौर पर तैनात थे। उच्च न्यायालय ने कहा-याचिका का अध्ययन करते हुए पाया गया कि सभी आरोप अस्पष्ट, अप्रमाणित और बेतुके हैं। याचिका में दी गईं दलीलें न केवल अपूर्ण हैं, बल्कि उनका सार इस तथ्य को दर्शाता है कि अर्जी दुर्भावनापूर्ण और अस्पष्ट उद्देश्यों से भरी हैं।

# काला जादू के संदेह में पीट-पीटकर व्यक्ति की हत्या

- रांची में महिलाओं ने की थी पिटाई, पांच गिरफ्तार

रांची, एजेंसी

झारखंड में रांची जिले के एक गांव में काला जादू करने के संदेह में महिलाओं के एक समूह ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पांच महिलाओं को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार की गईं सभी महिलाओं की उम्र 30 से 50 वर्ष के बीच है। अनगड़ा पुलिस थाने के प्रभारी चमरा मिंज ने बताया-बालेश्वर उरांव नामक बुजुर्ग व्यक्ति को काला जादू करने के संदेह में महिलाओं ने डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। उन्होंने उसकी पत्नी इतवारी देवी के साथ भी मारपीट की। यह घटना रांची से करीब 25 किलोमीटर दूर अनगड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत जारगा तेतरटोली गांव में मंगलवार शाम को हुई, जब पीड़ित कथित तौर पर एक पड़ोसी के घर में घुस गया और सो रही लड़की के पास जाकर उस पर काला जादू करने लगा। मिंज ने बताया कि लड़की के चिल्लाने पर गांव की महिलाएं वहां जमा हो गईं और उसके साथ मारपीट करने लगीं। जब उसकी पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो महिलाओं ने उसे भी पीटा।

### बंगाल में सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एक सरकारी विज्ञप्ति में गुरुवार को यह जानकारी दी गयी। विज्ञप्ति में कहा गया, " पश्चिम बंगाल में अधिकार प्राप्त समिति ने राज्य से प्राप्त आवेदनों के पहले सेट को बुधवार को नागरिकता प्रदान कर दी। दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आश्वासन दिया था कि सीएए केवल भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए है। जो शरणार्थी दूसरे देशों में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर आये हैं।" हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों की अधिकार प्राप्त समितियों ने भी बुधवार को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के तहत अपने-अपने राज्यों में आवेदकों के पहले समूह को नागरिकता प्रदान की है।

# प्रधानमंत्री पर मनमोहन सिंह की टिप्पणी हास्यास्पद : भाजपा

- राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह बोले पूर्व प्रधानमंत्री ने जनता को गुमराह करने की आदत नहीं छोड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं कांग्रेस नेता मनमोहन सिंह द्वारा की गई टिप्पणी को हास्यास्पद बताया।

केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि सक्रिय राजनीति छोड़ने के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री ने देश की जनता को गुमराह करने की अपनी आदत नहीं छोड़ी है। मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को होने वाले मतदान से पहले पंजाब के मतदाताओं से अपील करते हुए आरोप लगाया कि मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान द्वेषपूर्ण भाषण देकर सार्वजनिक संवाद के साथ ही प्रधानमंत्री पद की गरिमा को कम किया है। सिंह के बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव प्रचार के आखिरी दिन अचानक अपने पत्र में जो बेतुकी बातें कही हैं, वो न केवल हास्यास्पद हैं, बल्कि देश के प्रधानमंत्री पद पर रह चुके व्यक्ति के लिए भी शोभा नहीं देतीं हैं।

### पुरी में पटाखों के ढेर में विस्फोट से तीन लोगों की मौत, 33 घायल

**पुरी/भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ के चंदन यात्रा उत्सव के दौरान पटाखों के ढेर में विस्फोट होने से एक नाबालिग समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार रात हुए पटाखा विस्फोट की प्रशासनिक स्तर की जांच के आदेश दिए और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। सीएमओ द्वारा जारी बयान के अनुसार, जांच राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा की जाएगी।

# ईडी ने मनोरंजन कंपनी की 290 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की

**धन शोधन का मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने धन शोधन की जांच के तहत नोएडा के लोकप्रिय जीआईपी मॉल सहित अन्य स्थलों पर मनोरंजन सेवाएं प्रदान करने वाली एक कंपनी की 290 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है।

एजेंसी ने एक बयान में कहा कि इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड कंपनी पर आरोप है कि उसने गुरुग्राम के सेक्टर 29 और 52-ए में दुकानों/अन्य जगह के आवंटन का वादा करके लगभग 1,500 निवेशकों से 400 करोड़ रुपये से अधिक इकट्ठा किया है। इंटरनेशनल एम्यूजमेंट लिमिटेड, इंटरनेशनल रिक्रिएशन एंड एम्यूजमेंट लिमिटेड (आईआरएएल) की होल्डिंग कंपनी है। हालांकि, उक्त इकाई परियोजना को पूरा करने में विफल रही और समय-सीमा खत्म हो गई। उसने आरोप लगाया कि निवेशकों को मासिक सुनिश्चित रिटर्न (लाभ) का भुगतान नहीं किया गया। बयान में कहा गया कि कंपनी ने निवेशकों के पैसे हड़प लिए और संबंधित व्यक्तियों/संस्थाओं के पास धन को जमा कर दिया जिसका इस्तेमाल अपने निजी लाभ के लिए किया गया है।

### सरकारी जमीन पर अवैध धार्मिक स्थल की नहीं दी जाएगी अनुमति

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर किसी भी अवैध धार्मिक स्थल के निर्माण को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए फिर चाहे वह किसी भी धर्म का क्यों न हो। उच्च न्यायालय ने कहा कि ईश्वर सर्वशक्तिमान है और श्रद्धालुओं के शरीर, उनके घर सहित हर जगह मौजूद है। न्यायमूर्ति पी. वी. कुन्हीकृष्णन ने कहा-इसलिए ईश्वर में आस्था रखने वालों को धार्मिक संरचनाओं के निर्माण के लिए सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने की आवश्यकता नहीं है। इसे भूमिहीन लोगों में वितरित किया जाना चाहिए और मानव जाति के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए। ऐसा करने से ईश्वर ज्यादा खुश होंगे और सभी को आशीर्वाद देंगे। केरल प्लांटेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अदालत में एक याचिका दाखिल कर राज्य सरकार, पुलिस और पथनमथिट्टा जिला अधिकारियों को संस्थान को पट्टे पर दी गई संपत्तियों की पहचान करने और वहां से सभी अतिक्रमणकारियों को हटाने का निर्देश देने की मांग की थी, जिसपर उच्च न्यायालय ने यह निर्देश और टिप्पणियां कीं।



## दिग्गज बल्लेबाज रनों और स्ट्राइक रेट में रहे अव्वल, रोहित-विराट और वॉर्नर ने खेली हैं कई अहम पारियां

# इनके बल्ले से रन बरसे...

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में क्रिकेट महज खेल नहीं है यह भारतीयों की भावनाओं से जुड़ा है। क्रिकेट में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी देखना शायद ही किसी को पसंद न हो। सभी चाहते हैं कि टी-20 मुकाबले में बड़ा स्कोर बोर्ड पर लगे ताकि प्रतिद्वंद्वी टीम को भी लक्ष्य पाने के लिए मशक्कत करते देखा जा सके। कुल मिलाकर एक रोमांचक मैच देखने को मिले।

क्रिकेट के खेल में मुख्य आकर्षण अगर बल्लेबाजी को कहें तो यह गलत नहीं होगा। टी-20 विश्वकप की शुरुआत से हम महज एक कदम दूर हैं कल से विश्वकप का यह संग्राम शुरू हो जाएगा। चार ग्रुप बनाए गए हैं जिसमें 20 टीमें आपस में भिड़ती दिखेंगी। नौवें टी-20 विश्व कप से पहले अब तक ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों की सूची पर एक नजर डालते हैं।

● टी-20 विश्वकप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज में भारत के दो स्टार शामिल हैं वहीं कुछ बल्लेबाजों ने अपने दम पर टीम को खिताब जीतने में भूमिका निभाई है।



### 1. विराट कोहली
**1,141 रन**

किंग कोहली के सिवाय कौन नंबर वन हो सकता है। अब तक पांच सत्रों में वह एक हजार से अधिक रन बना चुके हैं। दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता उन्हें टी-20 क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार करती है। उन्होंने 2014 टी-20 विश्व कप में 319 रन बनाए जो एक रिकॉर्ड है। इसके अलावा 2016 में 296 रन बनाए।

### 2. महेला जयवर्धने
**1,016 रन**



अब क्रिकेट से विदा ले चुके जयवर्धने पूर्व चैंपियन श्रीलंका की सफलता की कुंजी रहे। उन्हें पांचों सत्रों में अच्छे रन बनाए।

### 3. क्रिस गेल
**965 रन**

क्रिकेट के इतिहास के सबसे मनोरंजक बल्लेबाजों में से एक गेल टी-20 क्रिकेट में सबसे विध्वंसक बल्लेबाज माने जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से विदा ले चुके गेल का टी-20 विश्व कप में प्रदर्शन उन्हें दर्शकों का चहेता बनाता है। वह 2012 में वेस्टइंडीज की खिताबी जीत के सूत्रधार थे।



### 4. रोहित शर्मा
**963 रन**

मौजूदा भारतीय कप्तान ने पारी की शुरूआत करते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। बड़ी पारियां बनाने और शीर्ष क्रम को स्थिरता देने की उनकी काबिलियत भारत की सफलता के लिए अहम है। उन्होंने सभी सत्रों में खेलकर 963 रन बनाए जिनमें 91 चौके जड़े।



### 5. तिलकरत्ने दिलशान
**897 रन**

2009 विश्व कप में सर्वाधिक 317 रन बनाने वाले दिलशान आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर रहे हैं। अब खेल से विदा ले चुके दिलशान श्रीलंका की बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं।



### सर्वाधिक स्ट्राइक रेट वाले बल्लेबाज

**जोस बटलर (144.48)**

दुनिया के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में से एक बटलर की ताकत तेजी से रन बनाना है। यही वजह है कि टी-20 विश्व कप में उनका स्ट्राइक रेट सर्वाधिक है। उन्होंने 27 मैचों में 799 रन बनाये हैं।



**क्रिस गेल (142.75)**

गेल किसी भी गेंदबाज के लिए आतंक का पर्याय बनाने के लिये काफी है। विश्व कप में दो शतक जड़ने वाले एकमात्र बल्लेबाज गेल ने उन दोनों मैचों में भी टीम को जीत दिलाई।



**एबी डिविलियर्स (142.75)**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट शानदार रहा है। दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक एबी डिविलियर्स ने 29 पारियों में 717 रन बनाये हैं जिसमें 51 चौके और 30 छक्के शामिल हैं।



**वॉर्नर (133.22)**

डेविड वॉर्नर की आक्रामक बल्लेबाजी एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए अहम होगी। तेजी से रन बनाने के कारण वह टी-20 विश्व कप के आकर्षक बल्लेबाजों में से है।

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल में कार्लसन को हराया



**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ पहली बार क्लासिकल बाजी में जीत दर्ज करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढ़त बना ली। कार्लसन को रेपिड और ऑनलाइन मुकाबलों में हरा चुके 18 साल के प्रज्ञानानंदा पिछले विश्व कप फाइनल में नॉर्वे के इस खिलाड़ी से हार गए थे लेकिन यहां अंततः क्लासिकल बाजी में उन्हें 37 चाल में हराने में सफल रहे। इस प्रारूप में कार्लसन और प्रज्ञानानंदा के बीच पिछली तीन बाजियां ड्रॉ रही थी। प्रज्ञानानंदा ने इस जीत के साथ तीन दौर के बाद 5.5 अंक से पुरुष वर्ग में बढ़त बना ली है। प्रज्ञानानंदा ने सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की और इस हार के साथ कार्लसन तीन अंक के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गए। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अमेरिका के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फाबियानो करूआना पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को शूटआउट में हराया

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया, वहीं जूनियर महिला हॉकी टीम ने ऑरेंज रूड के खिलाफ ड्रॉ के साथ अपने यूरोप दौरे का समापन किया। भारतीय टीम की ओर से मुकेश टोप्पो ने (33 मिनट में) गोल दाग कर टीम को बढ़त दिला दी थी इस दौरान मैच समाप्त होने से चार मिनट पहले जर्मनी ने गोलकर मुकाबले को 1-1 से बराबरी ला दिया। शूटआउट में गुरजोत सिंह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। शूटआउट में भारत ने 3-1 से जीत हासिल की। वहीं वर्ग में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए संजना होरो ने 18 मिनट और अनीशा साहू ने 58 मिनट में गोल किये ने ओरांजे रूड के साथ 2-2 से ड्रॉ में गोल किया।

### एफआईएच प्रो लीग के लिए लंदन पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम

**लंदन।** भारतीय उच्चायोग ने एफआईएच प्रो लीग मुकाबले खेलने के लिए पहुंची देश की महिला हॉकी टीम का भव्य स्वागत किया और उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। सीनियर भारतीय पुरुष टीम के साथ महिला हॉकी टीम भी एफआईएच प्रो लीग खेलने के लिए यहां आई हैं जिन्हें शनिवार को यहां जर्मनी से अपने मैच खेलने हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरइस्वामी ने हॉकी टीम के स्वागत के दौरान कहा टीम की प्रत्येक सदस्य भारत के हर हिस्से, हर क्षेत्र और समुदाय का प्रतिनिधित्व करती है। कप्तान सलीमा टेटे और कोच हरेंद्र सिंह की अगुआई वाली टीम के सम्मान के लिए आयोजित इस विशेष स्वागत उनके समर्थक और खेल प्रशंसक मौजूद थे।

### सचिन, संजीत मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में जीते



**बैंकॉक।** भारत के सचिन सिवाच (57 किग्रा) और संजीत कुमार (92 किग्रा) ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की ओर कदम बढ़ाते हुए गुरुवार को यहां मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। सचिन ने प्री क्वार्टर फाइनल में तुर्की के ओलंपियन बटुहान सिफ्टसी को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराया। संजीत ने राउंड ऑफ 32 में वेनेजुएला के लुई सांचेज को इसी अंतर से मात दी। सचिन को पेरिस खेलों में क्वालीफाई करने के लिए दो और मुकाबले जीतने होंगे क्योंकि उनके 57 किग्रा वर्ग से सिर्फ तीन मुक्केबाजों को ओलंपिक में जगह मिलेगी। राउंड ऑफ 64 में संजीत को बाई मिली थी और उन्हें भी अब दो और मुक्केबाजों को हराना होगा क्योंकि उनके वजन वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले चारों मुक्केबाजों को पेरिस खेलों का कोटा मिलेगा। संजीत और सांचेज के बीच मुकाबले में भी भारतीय मुक्केबाज ने शुरुआत से ही बढ़त बनाई।

### रथिका पीएसए चैलेंज कप के क्वार्टर फाइनल में

**हांगकांग।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रथिका सीलान ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी का हुएन लेउंग पर 3-2 की जीत से हांगकांग पीएसए चैलेंज कप के चौथे चरण के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। छठी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने मुकाबले के दूसरे दौर में लेउंग को 4-11, 5-11, 11-4, 11-4, 11-7 से हराया। रथिका को पहले दौर में बाई मिली थी। तमिलनाडु की रथिका ने पिछले सप्ताहांत इंदौर में एचसीएल स्क्वाश टूर में अपना पहला पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर खिताब जीता था। यहां क्वार्टर फाइनल में रथिका की भिड़ंत तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया की सेहवीत्रा कुमार से होगी।

## भारत-पाकिस्तान मैच से पहले बढ़ाई गई सुरक्षा

न्यूयॉर्क, एजेंसी



टी-20 विश्वकप में हमले के खतरे को देखते हुए भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को होने वाले मुकाबले के लिए आइजनहावर पार्क स्टेडियम की सुरक्षा बढ़ा दी गई।

न्यूयार्क प्रांत के गवर्नर कार्यालय द्वारा जारी किए गए एक बयान में कहा गया है कि वे इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं। हालांकि अभी तक उन्हें इस संदर्भ में भी कोई भी पुख्ता सबूत नहीं मिल सका है। प्रांत की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा मैंने न्यूयॉर्क राज्य पुलिस को उन्नत सुरक्षा उपायों में संलग्न होने का भी निर्देश दिया है, जिसमें कानून प्रवर्तन (लॉ इनफोर्समेंट) पुलिस की मौजूदगी में वृद्धि, उचित एवं उन्नत निगरानी और गहन स्क्रीनिंग प्रक्रियाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा सार्वजनिक सुरक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि सभी लोगों के लिए क्रिकेट विश्व कप एक सुरक्षित, आनंददायक अनुभव हो। मैनहट्टन से लगभग 25 मील पूर्व में स्थित आइजनहावर पार्क स्टेडियम में तीन से 12 जून तक आठ मैच खेले जाने हैं।

### भारत की जर्सी पहनना अलग अहसास इसे यादगार बनाना चाहूंगा : पंत



**न्यूयॉर्क।** विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पांच जून को जब नासाउ काउंटी मैदान पर आयरलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच के लिए भारत की जर्सी पहनेंगे तब तक उनकी भयानक कार दुर्घटना को 527 दिन हो चुके होंगे। वह इस मुकाबले में खेलने के लिए बेताब हैं। पंत ने इस साल 23 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स की नीली जर्सी पहनी थी लेकिन वह नीले रंग की एक अलग जर्सी पहनने के लिए अधिक उत्सुक हैं- भारत की नीली जर्सी। एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच से पूर्व भारत के पहले नेट सत्र के इतर पंत ने कहा भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर वापस आना एक अलग ही अहसास है। यह कुछ ऐसा है जिसकी मुझे बहुत याद आती थी उम्मीद है कि मैं इसे भुना पाऊंगा और यहां से बेहतर प्रदर्शन करूंगा। एनसीए में 15 महीने तक रिहैबिलिटेशन से गुजरने वाले पंत के साथ इस बातचीत के दौरान टीम के साथी सूर्यकुमार यादव भी मौजूद थे। पंत ने उस समय को याद किया जब उनकी मौजूदगी ने उन्हें एनसीए में अपने चोट प्रबंधन कार्यक्रम के अकेलेपन से निपटने में मदद की थी।

## विश्व कप में बुमराह और हेड का रहेगा दबदबा : पोंटिंग

दुबई, एजेंसी



● इस वर्ष आईपीएल में दोनों ही खिलाड़ियों ने किया है शानदार प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि दो जून से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप में बुमराह का गेंदबाजों में और हेड का बल्लेबाजी में दबदबा रहेगा जिन्होंने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने 13 मैच में 20 विकेट झटके जबकि पांच बार की चैंपियन का 17 चरण में प्रदर्शन सबसे खराब रहा जबकि ऑस्ट्रेलिया के हेड ने 15 मैच में 567 रन बनाए। पोंटिंग ने कहा टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट चटकाने के मामले में मैं जसप्रीत बुमराह को चुनूंगा। उसने आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन किया है। वह नई गेंद को स्विंग कर सकता है, सीम अप कर सकता है। वहीं, हेड हालांकि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर रहे लेकिन उन्होंने सभी को अपनी बल्लेबाजी के तरीके से प्रभावित किया। आईपीएल के ज्यादातर समय में उनका स्ट्राइक रेट 200 से अधिक का रहा और उन्होंने 15 मैच में 567 रन बनाए जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल थे।

## जीत के साथ जोकोविच तीसरे दौर में

पेरिस, एजेंसी



● सबालेंका और मेदवेदेव आगे बढ़े स्वियातेक ने ओसाका को हराया

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए लगातार सेट में जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने राबर्टो कार्बालेस बेयना को दो घंटे चार मिनट में 6-4, 6-1, 6-2 से हराया।

बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन मैच प्रभावित हुए लेकिन इस बीच ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका भी जापान की क्वालीफायर मोयुका उचिजिमा को 6-2, 6-2 से हराकर आगे बढ़ने में सफल रही। सबालेंका का अगला मुकाबला पाउला बैडोसा से होगा, जो उनकी करीबी सहेली है और इस साल महिला युगल में उनकी जोड़ीदार है। एलेना रयबाकिना ने अरांटेक्सा रुस को 6-3, 6-4 से हराया। पुरुष वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह रूसी खिलाड़ी जब 6-1, 5-0 से आगे चल रहा था तब उनके प्रतिद्वंद्वी मिओमिर केकमैनोविच ने मैच से हटने का फैसला किया। अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपना विजय अभियान जारी रखा। उन्होंने डेविड गोफिन को 7-6 (4), 6-2, 6-2 से हराया। वहीं गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने महिला एकल के बेहद कड़े मुकाबले में नाओमी ओसाका को तीन गेम में हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। स्वियातेक ने ओसाका को 7-6, 1-6, 7-5 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने रोलां गैरो पर जीत के क्रम को 16 मैच तक पहुंचा दिया और उनकी नजरें इस क्ले कोर्ट ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरे खिताब पर टिकी हैं।

## टेटे चैंपियनशिप में भारतीय युवाओं ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 और अंडर-15 लड़के और लड़कियों ने दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंतिम दिन एकल और युगल स्पर्धा के सभी संभावित स्वर्ण पदक जीते।

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, श्रीलंका के कैंडी में खेले गए मुकाबलों में भारतीय लड़कों और लड़कियों ने स्वर्ण पदक के साथ एकल मुकाबलों में अपने खाते में चार रजत पदक भी जीते। अंडर-19 लड़कों के एकल फाइनल में अंकुर भट्टाचार्जी ने जश मोदी को 11-8, 5-11, 11-9, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जश मोदी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पाकिस्तान और बांग्लादेश ने कांस्य पदक जीते। वहीं लड़कियों के वर्ग में सायाली वानी ने प्रीथा वर्तिकार को 11-9, 10-12, 11-4, 11-8 से हराकर खिताब जीता, जिससे प्रीथा दूसरे स्थान पर पहुंच गई। इस वर्ग में पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका को कांस्य पदक मिला।

## त्रिसा-गायत्री ने किया उलटफेर, सिंधू हारीं

सिंगापुर, एजेंसी

**सिंगापुर ओपन**



मैच के दौरान शॉट लगातीं त्रिसा-गायत्री।

पीवी सिंधू को अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी कैरोलिना मारिन के खिलाफ सिंगापुर ओपन बैडमिंटन के प्री क्वार्टर फाइनल में पराजय का सामना करना पड़ा जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने दुनिया की दूसरे नंबर की दक्षिण कोरियाई टीम बाएक हा ना और ली सो ही को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने एक घंटे आठ मिनट तक चला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 750 का यह प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला 21-13, 11-20, 20-22 से गंवाया। यह 2018 से सिंधू की मारिन के खिलाफ लगातार छठी हार थी। वहीं राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिसा और गायत्री ने बाएक और ली को 21-9, 14-21, 21-15 से हराया। अब उनका सामना दक्षिण कोरिया की छठी वरीयता प्राप्त किम सो योंग और कोंग ही योंग की जोड़ी से होगा। इस जोड़ी ने हांग्झोऊ एशियाई खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी को हराया था।

पुरूष एकल में दुनिया के दसवें नंबर के खिलाड़ी एच एस प्रणय को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज जापान के केंता निशिमोतो ने 21-12, 14-21, 21-15 से हराया। महिला एकल में डेनमार्क ओपन सेमीफाइनल में हुई बहस के बाद सिंधू और मारिन सात महीने में पहली बार एक दूसरे का सामना कर रही थी। पहला गेम गंवाने के बाद मारिन ने वापसी करते हुए लगातार छह अंक बनाए और 17-7 की बढत बना ली। निर्णायक गेम में सिंधू ने बढ़त बनाई लेकिन मारिन ने वापसी करके जीत दर्ज की। यह सिंधू के खिलाफ 17 मैचों में उनकी 12वीं जीत थी।

## मेस्सी के गोल के बाद भी हारा इंटर मियामी



**फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)।** लियोनल मेस्सी के गोल के बावजूद इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में अटलांटा यूनाईटेड के खिलाफ 3-1 से हार का सामना करना पड़ा जिससे टीम का 10 मैच का अजेय अभियान भी थम गया। इंटर मियामी की ओर से मेस्सी के अलावा कोई अन्य खिलाड़ी गोल नहीं कर सका। अटलांटा यूनाईटेड की तरफ से साबा लोबजानिद्जे से दो जबकि जमाल थियरे ने एक गोल किया। इस जीत के साथ अटलांटा यूनाईटेड का एमएलएस में नौ मैच से जीत का इंतजार भी खत्म हो गया।

### ओलिंपियाकोस ने जीता खिताब

**एथेंस (यूनान)।** ओलिंपियाकोस ने यूरोपा कांफ्रेंस लीग फुटबॉल फाइनल में अतिरिक्त समय में फायोरेंटिना को 1-0 से हराकर यूनान को पहला यूरोपीय क्लब खिताब दिलाया जिसके बाद देश में जश्न का महौल है। मैच के अतिरिक्त समय के दूसरे हाफ में अयोब अल काबी ने ओलिंपियाकोस की ओर से विजयी गोल दागा। इस गोल की वीएआर (वीडियो सहायक रैफरी) की मदद से ऑफ साइड के लिए समीक्षा की गई लेकिन इसे गोल करार दिया गया जिसके बाद मेजबान टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

### उज्बेकिस्तान की कड़ी चुनौती के लिए तैयार भारतीय महिला फुटबॉल टीम



**ताशकंद।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को शुक्रवार को अपने से अधिक रैंकिंग वाली उज्बेकिस्तान की टीम के खिलाफ अगर अपना रिकॉर्ड सुधारना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम फीफा की नवीनतम रैंकिंग में 66वें जबकि उज्बेकिस्तान 48वें स्थान पर है। इन दोनों टीम के बीच अभी तक 11 मुकाबले हुए हैं जिनमें भारत केवल एक मैच में जीत दर्ज कर पाया है। उसने 2003 के एएफसी एशिया कप में अपने इस प्रतिद्वंदी को 6-0 के बड़े अंतर से हराया था। इन दोनों टीम के बीच हालिया मुकाबला पिछले साल नवंबर में एएफसी ओलंपिक क्वालीफायर के दौरान हुआ था जिसमें भारत को 0-3 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। रिकॉर्ड कुछ भी कहते हों लेकिन भारत की मुख्य कोच लंगम चाओबा देवी टीम के अच्छे प्रदर्शन को लेकर आशावादी हैं। उन्होंने कहा हम सभी जानते हैं कि उज्बेकिस्तान की रैंकिंग हमसे बेहतर है लेकिन हमारी खिलाड़ी उन्हें उनके घरेलू मैदान पर कड़ी चुनौती देने का माद्दा रखती हैं। हम ओलंपिक क्वालीफाईंग में उनका सामना कर चुके हैं लेकिन दुर्भाग्य से हमें उस मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

## बॉलीवुड हलचल



### भूल भुलैया 3 में काम करेंगी माधुरी

**मुंबई।** बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 में काम करती नजर आएंगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही फिल्म भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और तृप्ति डिमरी की अहम भूमिका होंगी। कुछ दिनों पहले माधुरी दीक्षित के फिल्म की स्टार कास्ट को ज्वाइन करने की खबर आई थी। भूल भुलैया 3 सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में माधुरी दीक्षित की एंट्री कन्फर्म हो गई है। भूल भुलैया 3 के सेट पर उन्हें ब्लैक साड़ी में देखा गया। इसके साथ ही विद्या बालन का भी लुक सामने आया है। वह भी माधुरी की तरह ब्लैक साड़ी में नजर आ रही हैं। तृप्ति डिमरी लाल साड़ी में बंगाली लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, कार्तिक आर्यन, रुह बाबा वाले अवतार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का हिस्सा मनीष वाधवा और राजेश शर्मा भी होंगे। राजेश शर्मा बंगाली अटायर में देखे जा सकते हैं। वहीं, मनीष शर्मा पंडित के लुक में नजर आ रहे हैं।

### 7 जून को रिलीज होगी फिल्म रंग दे बसंती

**मुंबई।** एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत निर्माता रौशन सिंह और सुपर स्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती 7 जून को रिलीज होगी। फिल्म निर्माता रौशन सिंह ने कहा कि फिल्म रंग दे बसंती की शूटिंग समाप्त होने के बाद से हम इसके प्रमोशन में लगे हैं, लेकिन अब हम सभी इसमें और तेजी ला रहे हैं। इसके लिए हमने खेसारीलाल यादव के कटआउट लगाया है। आने वाले दिनों में हम फिल्म के प्रमोशन में और भी तेजी लाएंगे। यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने वाली है। फिल्म हर एंगल से ब्लाक बस्टर बनी है और अब इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंहऔर निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। यह फिल्म महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, असम, उड़ीसा, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, राजस्थान, जम्मू एंड कश्मीर और नेपाल में प्रमुखता से रिलीज होगी। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव, अभिनेत्री रति पांडेय और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। बॉलीवुड के बड़े सिंगरों की आवाज भी सुनाई देगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 6 अधिकारियों पर मामला दर्ज

बेंगलुरु, एजेंसी




● कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम के खाते से 94.73 करोड़ अन्य खातों में भेजे

कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड के खाते से लगभग 94.73 करोड़ कथित रूप से अन्य बैंक खातों में भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के छह अधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई निगम अधिकारी द्वारा रविवार को आत्महत्या करने के बाद की गई है।

मृतक ने एक नोट छोड़ा है जिसमें उसने प्रबंध निदेशक जे जी पद्मनाभ, लेखा अधिकारी परशुराम जी दुरुगन्नवर और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य प्रबंधक सुचिस्मिता रावल का नाम लिखा था। निगम महाप्रबंधक ए. राजशेखर ने 28 मई को दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया है कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एमजी रोड शाखा के शीर्ष प्रबंधन और अन्य तृतीय पक्षों की संलिप्तता वाली गंभीर धोखाधड़ी की गतिविधियों ने संगठन की प्रतिष्ठा और वित्तीय व्यवस्था को हानि पहुंचाई है। उन्होंने बताया कि निगम ने 19 फरवरी को अपना खाता राष्ट्रीय बैंक के वसंतनगर शाखा से एमजी रोड शाखा में स्थानंतरित किया था। विभिन्न बैंकों और स्टेट हुजुर ट्रेजरी खजाने-दो से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एमजी रोड शाखा में हमारे बचत बैंक खाते में 187.33 करोड़ ट्रांसफर किए गए। आचार संहिता का हवाला देते हुए निगम ने बैंक के साथ संवाद नहीं किया, नतीजतन, बैंक हमारे पंजीकृत पते पर नई पासबुक और चेकबुक भेजने में विफल रहा।

# अस्पताल मालिक और डाक्टर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मेट्रोपोलिटन कोर्ट ने गुरुवार को उस निजी अस्पताल मालिक और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जहां 25 मई को आग लगने से 7 बच्चों की मौत हो गई थी और पांच घायल हो गए थे। पुलिस ने घटना के संबंध में दर्ज प्राथमिकी में किशोर न्याय कानून की धाराएं भी जोड़ दी हैं।


मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने अस्पताल के मालिक डॉ. नवीन खिची और गत शनिवार देर रात आग लगने के समय ड्यूटी पर मौजूद डॉ. आकाश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बीच, डॉक्टर ने जमानत याचिका दायर की है, जिस पर तीन जून को सुनवाई होगी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बोर्न चाइल्ड अस्पताल में शनिवार रात आग लग गई थी, जिसका संचालन लाइसेंस समाप्त होने के बाद अग्निशमन विभाग से बिना मंजूरी के चला रहा था।

# ... कहीं बम न बन जाए आपके घर का एसी

एयर कंडीशनर (एसी) गर्मी में जितना आरामदायक है उतना ही खतरनाक भी है। इस साल की गर्मी ने कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए हैं साथ ही इस गर्मी में एसी के फटने की कई घटनाएं सामने आई हैं। गुरुवार को नोएडा के सेक्टर 100 स्थित लोटस बुलेवार्ड सोसाइटी में एसी फटने से फ्लैट में आग लग गई। 25 मई को सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल के आवासीय परिसर के आठवीं मंजिल पर लगा एसी धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया था। बरेली में भी जंक्शन पर सेना के मूवमेंट कंट्रोल ऑफिस की छत पर रखे एसी के तीन आउटडोर यूनिट धमाके से फट गए। वहीं कुछ दिन पहले कर्नाटक के बेल्लारी शहर में एक ज्वेलरी के शोरूम में भी एसी के फटने से आग लगी और तीन लोग घायल हो गए थे। हम एसी फटने के संभावित कारणों और उनसे बचाव के उपायों पर चर्चा करेंगे और जानें, कैसे हम एसी को सुरक्षित तरीके से प्रयोग कर सकते हैं...



## एसी फटने के कारण



- **अत्यधिक दबाव :** एसी में अत्यधिक दबाव बढ़ने से कूलेंट का रिसाव हो सकता है, जो विस्फोट का कारण बन सकता है।
- **अत्यधिक तापमान :** अत्यधिक गर्मी में एसी के कंडेंसर में अधिक तापमान बढ़ सकता है, जिससे उसके फटने की आशंका बढ़ जाती है।
- **खराब रखरखाव :** यदि एसी का नियमित रखरखाव नहीं किया जाता है, तो इसमें धूल और गंदगी जमा हो सकती है, जिससे कूलिंग क्षमता कम हो जाती है और फटने का खतरा बढ़ जाता है।
- **गैस लीक :** यदि एसी के कूलिंग सिस्टम में गैस लीक हो रही हो तो यह भी विस्फोट का कारण बन सकता है।
- **इलेक्ट्रिकल फॉल्ट :** इलेक्ट्रिकल शॉर्ट सर्किट या ओवरलोडिंग भी इसके फटने का कारण बन सकते हैं।

## विशेषज्ञ की सलाह, लगातार न चलाएं एयर कंडीशनर



40 साल से एसी व्यवसाय में लगे कमल शर्मा का कहना है कि बाहरी तापमान और स्पेयर पार्ट्स की गुणवत्ता असरदार नहीं होने से यह समस्या आती है। देश में 42 से 45 डिग्री तापमान सहने की क्षमता वाले एसी और उनकी मशीन तैयार होती है। मशीन में कम्प्रेशर और उसमे इस्तेमाल किए जाने वाले कॉपर पाइप की गुणवत्ता उच्च श्रेणी की होना चाहिए। खाड़ी देशों में 50 डिग्री के तापमान को सहन करने वाले एसी और मशीन बनती है। बाजार में कुछ कंपनियां सस्ते उपभोक्ताओं को सस्ते एसी उत्पाद की बिक्री करके ऐसी घटनाओं को बढ़ावा दे रही हैं। बढ़ते तापमान से आउटडोर को भी बचाने की जरूरत है। आउटडोर पर शेड लगाएं। लगातार एसी न चलाएं। एसी बंद करके आउटडोर की क्वाइल पर पानी का स्प्रे कर सकते हैं। सर्विसिंग भी अनुभवी टेक्नीशियन से ही कराएं।

## ऐसे करें निवारण

- **नियमित रखरखाव :** एसी का नियमित रूप से सर्विसिंग करवाएं ताकि धूल और गंदगी जमा न होने पाएं।
- **कूलेंट की जांच :** कूलेंट के स्तर की नियमित जांच करवाएं और सुनिश्चित करें कि कोई लीकेज नहीं है।
- **प्रोफेशनल इंस्टॉलेशन :** एसी को हमेशा प्रोफेशनल तकनीशियन से ही इंस्टॉल करवाएं।
- **अत्यधिक दबाव का नियंत्रण :** एसी में सही दबाव बनाए रखने के लिए इसे नियमित रूप से जांचें और उचित कूलिंग सुनिश्चित करें।
- **उच्च श्रेणीके उपकरणों का करें प्रयोग :** कम्प्रेशर, स्टैबलाइजर और प्रयुक्त होने वाले कॉपर पाइप उच्च श्रेणी के होने चाहिए।
- **आउटडोर पर लगाएं शेड :** एसी को 5-6 घंटे चलाने के बाद कुछ देर बंद करें, मशीन को ठंडा रखने के लिए आउटडोर पर शेड लगवाएं।

## एक नजर

### अमेरिकी में गोलीबारी में एक की मौत, दूसरा घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिकी में कैलिफोर्निया के पूर्वी ओकलैंड में मंगलवार रात गोली बारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि ओकलैंड निवासी एक व्यक्ति की अस्पताल में चोटों के कारण मौत हो गई। परिजनों की सूचना मिलने तक उसकी पहचान गुप्त रखी जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि ओकलैंड का एक अन्य निवासी, जिसके बारे में माना जाता है कि वह गोलीबारी में शामिल था, गोली लगने से घायल होकर अस्पताल पहुंचा। बुधवार सुबह तक उनकी हालत स्थिर थी।

### ईरानी सेना की गोलीबारी में चार पाकिस्तानियों की मौत

**पाकिस्तान।** ईरान के सैनिकों ने दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र के एक सुदूर इलाके में पाकिस्तानियों के एक समूह को ले जा रहे एक वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार को बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती गांव मश्केल के पास हुई। सरकारी प्रशासक साहिबजादा असफंद ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि ईरानी सेना ने गोलीबारी क्यों की। स्थानीय पुलिस का कहना है कि चारों लोगों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की हालत अब स्थिर

**ब्रातिस्लावा।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको गोली लगने के बाद हुए घाव से उबर रहे हैं और उनकी हालत अब स्थिर है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने यह जानकारी दी। स्लोवाक समाचार एजेंसी के अनुसार उप प्रधान मंत्री और रक्षा मंत्री रॉबर्ट कालिनक ने भी पुष्टि की कि फीको के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। कलिनक ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्थिति में अब सुधार है। यह हमारे लिए बहुत खुशी की खबर है। उन्होंने खाना- पीना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि फिको 15 मई को मध्य स्लोवाक शहर हैंडलोवा में एक सरकारी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे तभी 71 वर्षीय जुराज सी ने उन पर गोली चला दी थी।

### सीरिया पर इजरायली हमले में एक लड़की की मौत

**दमिश्क।** सीरिया के कई क्षेत्रों पर इजरायली हमलों के एक नए दौर में बुधवार को लड़की की मौत हो गई और 10 घायल हो गए। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इजरायली सेना ने शाम साढ़े सात बजे लेबनान की दिशा से हवाई हमला किया और मध्य प्रांत होम्स में सैन्य स्थल और तटीय शहर बनियास में आवासीय इमारत को निशाना बनाया। हमले की पुष्टि सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने की, जिसमें बताया गया कि बनियास में नफस पहाड़ी पर हुए दो विस्फोटों में एक लड़की की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। इजरायली मिसाइलों ने बुधवार शाम को होम्स के पूर्वी ग्रामीण इलाके में अल-फुरक्लस क्षेत्र के पास एक सैन्य स्थल को निशाना बनाया, जिससे साइट से धुआं उठने लगा।

### सऊदी अरब ने हज से पहले 6 पत्रकारों को निकाला : ईरान

**दुबई।** ईरान ने बुधवार को कहा कि सऊदी अरब ने अपने सरकारी टेलीविजन प्रसारक के 6 सदस्यों को निकाल दिया है, जिन्हें हज से पहले देश में लगभग एक सप्ताह तक हिरासत में रखा गया था। सऊदी अरब ने कहा कि ये लोग अपने वीजा का उल्लंघन करके काम कर रहे थे। यह घटना रियाद और तेहरान के बीच चीन की मध्यस्थता से हुए समझौते के एक साल बाद हुई है। देश में पवित्र स्थलों को लेकर सुन्नी और शिया देशों के बीच दशकों से तनाव रहा है। ईरानी सरकारी टीवी ने बताया कि गिरफ्तारियां एक हफ्ते पहले हुईं जब मदीना में मुहम्मद की मस्जिद में रिकॉर्डिंग के समय कर्मीदल के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया गया।

# पाकिस्तान में उभर रहा है एक निष्पक्ष दृष्टिकोण : भारत

## लाहौर समझौते के उल्लंघन पर नवाज शरीफ की टिप्पणी पर भारत की प्रतिक्रिया

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के लाहौर समझौते का उल्लंघन करने संबंधी पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की टिप्पणी के कुछ दिनों बाद भारत ने गुरुवार को कहा कि पड़ोसी देश में इस मुद्दे पर एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है।

शरीफ ने मंगलवार को कहा था कि पाकिस्तान ने उनके और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बीच 1999 में भारत के साथ हुए समझौते का उल्लंघन किया है। उनका इशारा जनरल परवेज मुशर्रफ की ओर से करगिल पर किए गए हमले की ओर था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि आप इस मुद्दे पर हमारी स्थिति से अवगत हैं। मुझे इसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है। हम देखते हैं कि इस मामले पर पाकिस्तान में भी एक निष्पक्ष दृष्टिकोण उभर रहा है। वह अपनी साप्ताहिक प्रेसवार्ता में इस मामले पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

लाहौर में ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के बाद, भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री वाजपेयी और शरीफ ने 21 फरवरी, 1999 को लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों पड़ोसी देशों के बीच शांति और स्थिरता के दृष्टिकोण पर बात करने वाला यह समझौता एक सफलता का संकेत है। कुछ महीने बाद, हालांकि जम्मू कश्मीर के करगिल जिले में पाकिस्तानी घुसपैठ के कारण भीषण संघर्ष हुआ। शरीफ ने पीएमएल-एन की आम परिषद की बैठक में कहा कि 28 मई 1998 को पाकिस्तान ने पांच परमाणु परीक्षण किए। उसके बाद वाजपेयी साहब यहां आए और हमारे साथ समझौता किया, लेकिन हमने उस समझौते का उल्लंघन किया... यह हमारी गलती थी। इस आम परिषद की बैठक में उन्हें पाकिस्तान में सत्तारूढ़ पार्टी का अध्यक्ष चुना गया है।

● शिखर सम्मेलन के बाद दोनों देशों ने 1999 में घोषणापत्र पर किए थे हस्ताक्षर

● जम्मू कश्मीर के करगिल में इसके बाद पाकिस्तानी घुसपैठ से हुआ था संघर्ष

● विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमारी स्थिति साफ, दोहराने की जरूरत नहीं

### पाकिस्तान एनएफयू नीति का नहीं करता पालन

● पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारी ने कहा- सभी खतरों का सामना करने में सक्षम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि पाकिस्तान परमाणु हथियारों का पहले प्रयोग न करने की नीति का पालन नहीं करता है और देश प्रतिरोधी सैन्य क्षमताओं के जरिये दुश्मन के सभी खतरों का सामना करने में सक्षम है। अधिकारी ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल के संबंध में पाकिस्तान के रुख को भी स्पष्ट किया। राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) खालिद अहमद किदवई बुधवार को सेंटर फॉर इंटरनेशनल स्ट्रेटेजिक स्टडीज (सीआईएसएस) में पाकिस्तान के परमाणु परीक्षण की 26वीं वर्षगांठ, यौम-ए-तकबीर के मौके पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। पाकिस्तान ने भारतीय सेना के पोखरण परमाणु परीक्षण के जवाब में बलूचिस्तान प्रांत के दूरस्थ चागई पर्वत में एक गहरी सुरंग खोदकर 28 मई, 1998 को छह परमाणु परीक्षण किए थे। पाकिस्तान के इस सफल परमाणु परीक्षण को यौम-ए-तकबीर कहा जाता है। डॉन समाचार पत्र की खबर के अनुसार किदवई ने कहा, परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान के पास नो फर्स्ट यूज (एनएफयू) की नीति नहीं है। एनएफयू नीति पहले परमाणु हथियारों का उपयोग न करने की प्रतिबद्धता है। पाकिस्तान ने पारंपरिक रूप से अपनी एनएफयू नीति के बारे में अस्पष्टता बनाए रखी है।

# रूस की चेतावनी यूक्रेन के हमलों से अमेरिका चिंतित


**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूस की मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों पर यूक्रेन के हमलों के प्रयासों पर चिंता व्यक्त की है और इससे स्थिति अस्थिर होने का भी खतरा बताया है। वाशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक एक अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका रूसी बैलिस्टिक मिसाइल प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के खिलाफ यूक्रेन के हालिया हमलों से चिंतित है। अमेरिका ने पिछले सप्ताह पारंपरिक वायु रक्षा के साथ-साथ पश्चिमी परमाणु प्रक्षेपणों की चेतावनी देने वाले रडार स्टेशनों के खिलाफ दो हमलों के प्रयासों के बारे में यूक्रेन को अपनी चिंताओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ये प्रणलियां यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध का समर्थन करने में शामिल नहीं हैं लेकिन वे संवेदनशील स्थान हैं क्योंकि रूस को लगता है कि उसकी रणनीतिक निवारक क्षमताओं को निशाना बनाया जा रहा है, जो अमेरिका के खिलाफ परमाणु प्रतिरोध बनाए रखने की रूस की क्षमता को कमजोर कर सकता है। समाचार पत्र ने यूक्रेनी अधिकारी के हवाले से बताया कि यूक्रेन का सैन्य खुफिया निदेशालय इन हमलों के लिए जिम्मेदार हैं।

## पाकिस्तान में नौ मई 2023 को हुई हिंसा का मामला

# दंगों से जुड़े दो मामलों में इमरान खान बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी



● पाकिस्तान की अदालत ने अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए पूर्व प्रधानमंत्री के पक्ष में सुनाया फैसला

● समर्थकों ने भ्रष्टाचार मामले में खान की गिरफ्तारी के बाद सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को पहुंचाया था नुकसान

पाकिस्तान की एक अदालत ने नौ मई, 2023 की हिंसा से संबंधित दो मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को उनके खिलाफ अपर्याप्त सबूत का हवाला देते हुए गुरुवार को बरी कर दिया।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) पार्टी के संस्थापक खान के समर्थकों ने पिछले साल नौ मई को कथित भ्रष्टाचार मामले में उनकी गिरफ्तारी के बाद संवेदनशील सैन्य प्रतिष्ठानों सहित सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। पीटीआई संस्थापक इमरान खान के खिलाफ शहजाद टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दो मामलों को चुनौती देने वाली याचिका को इस्लामाबाद के जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट उमर शब्बीर ने मंजूरी दे दी।

अदालत ने इमरान खान (71) को बरी करने का आदेश देते हुए अपने फैसले में कहा कि चूंकि अभियोजन की ओर से पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं किए गए हैं, इसलिए पीटीआई संस्थापक इमरान खान को बरी किया जाता है। खान को सुनवाई के बाद 15 मई को दो मामलों में बरी कर दिया गया था। न्यायिक मजिस्ट्रेट साहिब बिलाल ने पूर्व प्रधानमंत्री की याचिका मंजूर करते हुए उन्हें बरी करने का आदेश जारी किया है। इमरान खान के खिलाफ दोनों मामले इस्लामाबाद के खन्ना पुलिस स्टेशन में दर्ज कराए गए थे। पीटीआई संस्थापक के खिलाफ मार्च और अनुच्छेद 144 के उल्लंघन के लिए मामले दर्ज किए गए थे। खान की गिरफ्तारी के बाद, उनके हजारों समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई बिल्डिंग समेत एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी स्थित सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने हंगामा किया था।

# 3 लेफ्टिनेंट कर्नल सहित सेना के 16 जवानों के खिलाफ केस

श्रीनगर, एजेंसी

● पुलिसकर्मियों का अपहरण व मारपीट करने का है आरोप

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के थाने में हमले में शामिल 3 लेफ्टिनेंट कर्नल सहित 16 सैन्यकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सैन्यकर्मियों पर दो दिन पहले एक पुलिसकर्मी का अपहरण और अन्य पुलिसकर्मियों को पीटने और घायल करने का आरोप लगाया गया है।

सैन्यकर्मियों पर हत्या के प्रयास, दंगा, अपहरण और डकैती समेत कई धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। सेना के जवान कथित तौर पर मंगलवार रात 11.40 बजे थाने में अनधिकृत रूप से घुसे और पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। हमले में पांच पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। प्राथमिकी में नामजद अधिकारियों में 160 प्रादेशिक सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल अंकित सूद, राजू चौहान और निखिल शामिल हैं। तीन अधिकारियों के नेतृत्व में '160 प्रादेशिक सेना' के बड़ी संख्या में सशस्त्र और वर्दीधारी जवान अनाधिकृत रूप से कुपवाड़ा थाना में धुसे। प्राथमिकी में लिखा है उन्होंने सामूहिक रूप से और बिना किसी उकसावे के गैरकानूनी रूप से एकत्र होकर पुलिस स्टेशन में मौजूद कर्मचारियों और अधिकारियों पर राइफल बट, लात और डंडों से गंभीर हमला किया।

## ... सेना बनी देवदूत



चक्रवात रेमल के कारण लगातार बारिश से मणिपुर बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में हजारों लोग फंसे हुए हैं। असम राइफल्स के जवान लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के साथ ही लोगों को खाद्य सामग्री और पानी भी पहुंचा रहे हैं। ● एजेंसी

# मालदीव को एफटीए के लिए नहीं दिया गया कोई प्रस्ताव : भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

● मालदीव सरकार इस संबंध में रुचि दिखाती है, तो हम इस पर करेंगे विचार : विदेश मंत्रालय

भारत ने गुरुवार को कहा कि उसने मालदीव के समक्ष द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते (डीटीए) के लिए कोई प्रस्ताव नहीं रखा है और यदि द्वीपीय राष्ट्र इस तरह के समझौते के लिए रुचि दिखाता है तो वह इस पर विचार करने को तैयार है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मालदीव के साथ द्विपक्षीय एफटीए के लिए भारत सरकार द्वारा कोई विशेष प्रस्ताव नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा कि यदि मालदीव सरकार भारत के साथ एफटीए करने में रुचि दिखाती है, तो हम इस पर विचार करेंगे। पिछले सप्ताह मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री मोहम्मद सईद ने संकेत दिया था कि भारत ने दोनों देशों के बीच एफटीए के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। सईद ने माले में कहा था कि भारत चाहता है कि मालदीव के साथ साफ्टा (दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार समझौता) के अलावा एक मुक्त व्यापार समझौता भी हो। सईद ने कहा कि मालदीव के राष्ट्रपति ने सभी देशों को यह अवसर प्रदान किया है। मालदीव सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक देशों के साथ ऐसे समझौते करना है, ताकि व्यापार गतिविधियों में आसानी हो।

# सूरज की सतह उगल रही जबरदस्त आग

संवाददाता, नैनीताल



● अफ्रीकी देशों में रहा असर, हुआ ब्लैक आउट

**अमृत विचार :** एक तरफ सूरज आग उगल रहा है तो दूसरी ओर धरती भीषण गर्मी से तप रही है। सूर्य पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने में आमादा है। गत दिवस फिर एक भीषण विस्फोट सूर्य की सतह पर हुआ है। जिससे अफ्रीकी देशों में ब्लैक आउट हुआ। आने वाले दिनों में भी सूर्य जबरदस्त विस्फोटों के संकेत दे रहा है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन ने बताया कि सूर्य की सतह पर तपिश बेकदर हाबी है। आए दिन जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। जिनका असर पृथ्वी तक देखने को मिल रहा है। गत दिवस सन स्पॉट संख्या एन ओ ए ए 3697 से मेजर एक्स 1.4 श्रेणी की आग भड़की है। भारतीय समय के अनुसार यह विस्फोट रात 9.41 बजे हुआ। जिसमें भयानक ज्वाला निकली, जो रात 10.25 बजे तक जारी रही। इसमें तेज रफ्तार वाला भू-चुम्बकीय सौर तूफान 900 किमी प्रति सेकंड की गति से उठा। इससे रेडियो ब्लैकआउट हुआ, जो मध्य अटलांटिक महासागर में शुरू हुआ और प्यूर्टो रिको तक जारी रहा। अफ्रीका के अल्जीरिया में रेडियो ब्लैकआउट का असर देखा गया।

इधर, सन स्पॉट ए आर 3664 अब पृथ्वी की ओर वाले हिस्से पर वापस आ गया है। इसने कुछ दिन पहले सौर चक्र 25 की अब तक की सबसे बड़ी एक्स फ्लेयर एक्स 8.8 श्रेणी की आग उगली थी। जिससे 10 मई को विशाल वैश्विक भू-चुंबकीय तूफान पृथ्वी तक पहुचा था। इस सन स्पॉट के पृथ्वी की दिशा में आ जाने से विस्फोटों की आशंका बढ़ गई है। जिस कारण दुनियाभर के वैज्ञानिक इन पर नजर रखे हुए हैं।

### लद्दाख में नजर आने लगा भू-चुम्बकीय तूफान का असर

**नैनीताल :** डा वहाब के अनुसार भू-चुम्बकीय सौर तूफानों का असर भारत के लदाख तक नजर आने लगा है। 10 मई को आये तूफान से लदाख का आसमान लाल रंग में जगमगा उठा था। लदाख काफी ऊंचाई मे स्थित है। जिस कारण तूफान का असर ऑरोरा यानी लाल प्रकाश के रूप में देखने को मिला। इससे यह जानकारी पुख्ता हो गई कि भविष्य में भू चुम्बकीय सौर तूफानों का असर लदाख में पड़ेगा।

# बेटे को निर्दोष साबित करने के लिए मां के खून से बदला नमूना

पुणे, एजेंसी

पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के रक्त के नमूनों को महिला के नमूनों से बदला गया ताकि ये साबित हो सके कि हादसे के समय आरोपी नशे में नहीं था। पुलिस ने गुरुवार को कोर्ट में यह जानकारी दी।

कोर्ट ने पुलिस की याचिका स्वीकारते हुए गिरफ्तार ससून जनरल अस्पताल के दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी की हिरासत अवधि 5 जून तक बढ़ा दी। पुलिस ने कहा कि वह उस महिला की पहचान करना चाहते हैं जिसके खून के नमूनों से किशोर के नमूनों को बदला गया। सूत्र के अनुसार वह कोई और नहीं किशोर की मां थी। नमूनों की अदला-बदली का मामला सामने आने के बाद डॉ. अजय तावड़े, डॉ. श्रीहरि हलनोर और अतुल घाटकांबले को गिरफ्तार किया गया था। उनकी प्रारंभिक हिरासत समाप्त होने पर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने उनकी आगे की हिरासत की मांग करते हुए कहा कि डॉ. हलनोर ने किशोर के रक्त के नमूनों को फेंका नहीं था जैसा कि पहले माना गया था बल्कि उन्हें किसी को सौंपा था। वह किशोर के रक्त के नमूनों को प्राप्त करना चाहते हैं। महाराष्ट्र लोक स्वास्थ्य विभाग के सूत्र ने बताया कि किशोर को बचाने के लिए उसकी मां के रक्त के नमूने का प्रयोग किया गया। पुणे में 19 मई को पोर्श कार के नाबालिग चालक ने बाइक से जा रहे दो इंजीनियरों को कुचल दिया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी।

### पुणे पोर्श हादसा

● दो चिकित्सकों और एक कर्मचारी की हिरासत 5 जून तक बढ़ाई गई

● किशोर को बचाने के लिए उसकी मां से लिए गए थे रक्त के नमूने

### कार सवार अन्य लोगों के लिए गए रक्त के नमूने

**पुणे।** हादसे के बाद कार चला रहे 17 वर्षीय किशोर के अलावा उसमें सवार तीन और लोगों के रक्त के नमूने भी लिए गए थे। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि 19 मई को सरकारी अस्पताल में जब नमूने लिए जा रहे थे, तो किशोर के माता-पिता का वहां होना अनिवार्य है। हादसे के बाद किशोर, उसके दो दोस्तों और कार चालक को रक्त के नमूने देने के लिए ससून जनरल अस्पताल भेजा था। इनमें से किशोर के नमूने की अदला-बदली हुई। अन्य तीन के नमूनों में भी शराब का अंश नहीं मिला। अधिकारी ने कहा कि हम यह भी जांच कर रहे हैं कि उनके नतीजे भी नकारात्मक कैसे आए।